हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 21.08.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 32 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

एक नजर

डॉक्टर दुष्कर्म-मर्डर केस : सुप्रीम कोर्ट ने किया टास्क फोर्स का गठन

नयी दिल्ली : कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और मर्डर के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कई सख्त टिप्पणियां कीं। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार से भी कड़े सवाल पूछे। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की अगुवाई में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले की सुनवाई की। उनके साथ जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी इस बेंच का हिस्सा थे। सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लिए सुरक्षा बंदोबस्त के अभाव पर चिंता व्यक्त की और एक राष्ट्रीय टास्कफोर्स के गठन किया है। इस टास्कफोर्स का काम राष्ट्रीय स्तर पर मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल तैयार करना है। शीर्ष न्यायालय इस मामले में 22 अगस्त को अगली सुनवाई करेगा। अदालत ने सीबीआई को भी तब तक आरजी कर रेप-मर्डर केस की जांच के साथ ही अस्पताल पर हुए भीड़ के हमले के जांच की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

राजखरसावां-चाईबासा रेलखंड पर मालगाड़ी के दो डिब्बे बेपटरी

पश्चिमी सिंहभूम : दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत राजखरसावां रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की दोपहर एक मालगाड़ी की दो बोगियां बेपटरी हो गयीं। हालांकि, मालगाड़ी बेपटरी होने से कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन इससे कुछ देर तक रेलवे ट्रैक पर आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक को दुरुस्त कराने का काम शुरू किया। मालगाड़ी के बेपटरी होने के कारणों का पता नहीं चल सका है। राजखरसावां रेलवे स्टेशन से करीब 200 मीटर आगे राजखरसावां-चाईबासा रेलखंड के अपलाइन के लाइन नंबर 13 के पास की घटना है।

मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री आवास पहुंचे लोगों ने मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी-अपनी समस्याएं बताईं। मुख्यमंत्री स्वयं एक-एक लोगों के पास पहुंचे और उनसे आवेदन लिया। मौके पर सभी लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद मुख्यमंत्री आवास पहुंचे लोग संतुष्ट दिखाई दिए। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार जन समस्याओं के समाधान का निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं को आपके गांव-घर तक पहुंचाई जाए। पिछले साढ़े चार वर्ष में जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ आप तक पहुंचाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के आदिवासी-मूलवासी, गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय का सर्वांगीण विकास उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। आने वाले समय में भी जनहित का कार्य अनवरत चलता रहेगा। आमजनों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य के साथ राज्य सरकार निरन्तर आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री का पलामू दौरा स्थगित, अब कल होगा कार्यक्रम

रांची : भारत बंद के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 21 अगस्त को पलामू में होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। अब यह कार्यक्रम 22 अगस्त को होगा। इस दिन मुख्यमंत्री पलामू में झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की शुरूआत करेंगे। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है। इस मामले में पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि झामुमो भारत बंद के समर्थन में है। किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देना चाहती है। इधर, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर नया रूट चार्ट पर जारी किया गया है, जो 22 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम के दिन लागू रहेगा।

सीएम ने की सावधानी बरतने की अपील, कहा- मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने को सरकार नहीं कर रही किसी को कॉल

रांची : हेमन्त सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए निबंधित महिलाओं को राशि हस्तांतरण से संबंधित आ रहे कॉल को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में सीएम ने कहा, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में सूचना आ रही है कि कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आ रहें हैं, जो पूरी तरह से फर्जी हैं। इसलिए योजना के तहत निबंधित बहन-बेटियों से आग्रह है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से सम्बन्धित कॉल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कॉल करने वाले के साथ साझा कदापि नहीं करें। झारखण्ड सरकार इस योजना को लेकर किसी तरह का कॉल नहीं कर रही है। इसलिए आप सभी सतर्क रहें और ऐसे कॉल आने पर अपने बैंक खाता की जानकारी नहीं दें। तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड से बचना बहुत जरूरी है। कई लोग मैसेज या कॉल करके फ्रॉड कर रहे हैं। एसएमएस, व्हाट्सएप, मेल या टेलीग्राम के जरिये भी मैसेज आ सकते हैं। इसलिए आप सभी से आग्रह है सावधान रहें।

झामुमो और कांग्रेस ने आज के भारत बंद को दिया समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 21 अगस्त के भारत बंद को समर्थन दिया है। इस संबंध में मंगलवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने एक पत्र जारी किया गया है। यह पत्र केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और जिला संयोजक के लिए जारी किया गया है। इस पत्र के जरिए कहा गया है कि एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय एससी-एसटी समाज के उत्थान एवं मजबूती के मार्ग में बाधक है। सामाजिक संगठनों द्वारा निर्णय के विरोध में 21 अगस्त को प्रातः 06 बजे से रात के 08 बजे तक सम्पूर्ण भारत बंद का निर्णय लिया गया है। नेतृत्व द्वारा भारत बंद कार्यक्रम को सक्रिय समर्थन देने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने इस भारत बंद को समर्थन देने का निर्णय लिया है। इस बाबत झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों, अग्रणी संगठन के विभाग एवं प्रकोष्ठों को निर्देश दिया है कि भारत बंद के दौरान सक्रिया भूमिका अदा करें।

उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण में उप वर्गीकरण एवं क्रिमीलेयर लागू करने के निर्णय को लेकर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा से जुड़े सभी संगठन ने 21 को भारत बंद बुलाया है।

जमशेदपुर में प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट लापता

जमशेदपुर : जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से मंगलवार को उड़ान भरने के बाद ट्रेनी विमान की क्रैश लैंडिंग हुई। विमान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। चालक दल का पता नहीं चल पाया है। विमान में दो चालक सवार थे। उम्मीद की जा रही है कि विमान की क्रैश लैंडिंग के वक्त दोनों पायलट इजेक्ट कर गये होंगे। फिलहाल, दोनों की खोजबीन में हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार दिन के 11:00 बजे एक ट्रेनी विमान ने सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरा था लेकिन थोड़ी ही देर बाद एटीसी से संपर्क टूट गया। इसके बाद जमशेदपुर और सरायकेला की पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने खोजबीन शुरू की। विमान का पता चल गया है। विमान का मलबा जिजिका पंचायत के बारुबेरा नामक जगह पर मिला है।

सहयोगी दलों और विपक्ष के दबाव के बीच लैटरल एंट्री पर केंद्र ने लिया यू-टर्न

एजेंसी

नयी दिल्ली : विपक्ष के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से अपने उस विज्ञापन को वापस लेने के लिए कहा है, जो 24 मंत्रालयों की 45 पदों पर 'लैटरल एंट्री' के लिए निकाली गई थी।

मंगलवार (20 अगस्त) को केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी की चेयरमैन प्रीति सूदन को पत्र लिखकर विज्ञापन को रद्द करने के लिए कहा। सिंह ने लिखा है, यह महत्वपूर्ण है कि सामाजिक न्याय के प्रति संवैधानिक जनादेश को बरकरार रखा जाए ताकि हाशिए पर पड़े समुदायों के योग्य उम्मीदवारों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। सिंह ने पत्र में आगे लिखा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण सामाजिक न्याय ढांचे की आधारशिला है, जिसका उद्देश्य ऐतिहासिक अन्याय को दूर करना और समावेशिता को बढ़ावा देना है। मैं यूपीएससी से 17 अगस्त, 2024 को जारी भर्ती विज्ञापन को रद्द करने का आग्रह करता हूं। यह कदम सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

अब सरकार लैटरल एंट्री में भी आरक्षण लाने जा रही है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर लिखा है, प्रधानमंत्री का हमेशा से सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रहा है। उनकी योजनाओं ने हमारे समाज के सबसे कमजोर वर्गों के कल्याण को बढ़ावा दिया है। आरक्षण के सिद्धांतों के साथ लैटरल एंट्री को जोड़ने का फैसला प्रधानमंत्री जी की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। 17 अगस्त को यूपीएससी ने एक विज्ञापन जारी कर 24 केंद्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पदों पर लैटरल भर्ती के लिए प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों से आवेदन मांगे थे।

सिम बॉक्स मामले में ओडिशा पुलिस ने रांची में की छापेमारी, आठ बॉक्स बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सिम बॉक्स मामले में ओडिशा पुलिस ने रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित एक घर की तलाशी ली। पुलिस ने घर का ताला तोड़कर वहां से आठ सिम बॉक्स बरामद किये हैं। ओडिशा पुलिस की छापेमारी अभियान में रांची पुलिस की टीम भी शामिल रही। ओडिशा पुलिस आरोपित को भी साथ लेकर आई थी। उसकी निशानदेही पर छापेमारी की गई। बताया जा रहा है कि सिम बॉक्स रैकेट को असदुर जमान नाम का एक बांग्लादेशी नागरिक हैंडल करता है।

उल्लेखनीय है कि ओडिशा में बीते 16 अगस्त को सिम बॉक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था। पुलिस ने भुवनेश्वर स्थित एक घर से पांच एक्टिव सिम बॉक्स, दो रिजर्व सिम बॉक्स और 750 से अधिक सिम कार्ड के साथ-साथ राउटर और अन्य उपकरण भी जब्त किये थे। साथ ही पश्चिम बंगाल निवासी और सिम बॉक्स रैकेट के मुख्य आरोपित राजू मंडल को गिरफ्तार किया था।रैकेट के मुख्य आरोपित ने भुवनेश्वर पुलिस की पूछताछ में उसने कबूल किया है कि वह कटक और रांची सहित कई स्थानों से सिम बॉक्स संचालित कर रहा था। इसी के आधार पर पुलिस ने 18 अगस्त को कटक में भी एक सिम बॉक्स रैकेट खुलासा किया था। राजू मंडल के ही इनपुट के आधार पर पुलिस ने रांची के कांटाटोली में छापेमारी की। पूछताछ में राजू मंडल ने बताया है कि उसका हैंडलर एक बांग्लादेशी नागरिक है। उसका नाम असदुर जमान है।

दिल्ली में भाजपा के किसी नेता से मेरी मुलाकात नहीं हुई : चम्पाई

रांची : पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन प्रकरण पर राज्य की राजनीति में काफी उथल-पुथल मचा हुआ है। पूरा पिक्चर अब तक क्लीयर नहीं है। इस बीच चम्पाई सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरी किसी से मुलाकात नहीं हुई है। निजी काम से मैं दिल्ली आया था। मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि यह सब कौन कह रहा है। जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या आप यहां भाजपा के नेता मिलना चाहते थे तो उन्होंने इस बात को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के किसी नेता से न मिलना चाहता था और न ही मेरी मुलाकात हुई। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे झामुमो से नाराजगी का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को पहले बता दिया हूं। जब उनसे झामुमो के सिंबल से ही चुनाव लड़ने की बात पूछी गयी तो उन्होंने कहा कि मैंने इन सारी बातों की जानकारी पहले दे दी है। इतना कहकर वह आगे निकल गये। राजनीतिक गलियारों इस बात की चर्चा तेजी फैली है कि वह भाजपा ज्वॉइन करने वाले हैं। हालांकि, ये बात अब तक कयासों तक ही सीमित है। दूसरी तरफ उनके साथ जिन विधायकों के झामुमो छोड़ने की बात कही जा रही थी वे सभी इसे सिरे से खारिज कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि चम्पाई सोरेन के 18 अगस्त के पोस्ट से झारखंड में सियासी भूचाल मचा हुआ है। चंपाई ने लिखा था कि तीन जुलाई को हुई विधायक दल की बैठक में कहा था कि आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से संन्यास लेना, दूसरा, अपना अलग संगठन खड़ा करना और तीसरा, इस राह में यदि कोई साथी मिले, तो उसके साथ आगे का सफर तय करना।

युवा आक्रोश रैली के माध्यम से सरकार को याद दिलाएंगे युवा : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार और हेमंत सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 23 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के तत्वाधान में आयोजित युवा आक्रोश रैली को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय की अध्यक्षता में सांसद सेवा कार्यालय परिसर में एक प्रेस- वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषरूप से हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग भाजपा संगठन प्रभारी अशोक उपाध्याय, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रेस-वार्ता में विषय प्रवेश भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजकरण पांडेय ने किया और बताया की भाजयुमो के बैनर तले संपूर्ण झारखंड से लाखों युवा 23 अगस्त को रांची पहुंचेंगे और सीएम हाउस का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया की हजारीबाग के युवा भी इस युवा आक्रोश रैली को लेकर खासा उत्साहित हैं और हेमंत सरकार द्वारा युवाओं को किए गए वादा पूरे नहीं होने से खफा युवा हुंकार भरने और आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को हटाने को तैयार हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की राज्य की हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा है, छला है। राज्य सरकार द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित हुई है वह सभी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। नामकुम जेई एग्जाम के भ्रष्टाचार के जो मास्टरमाइंड है उसको अभी तक सरकार गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आंगनबाड़ी सेविका, सहायक शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी अभी भी आंदोलन कर रहे हैं। चुनाव के समय किए गए वादों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। सरकार बनते ही पहले 5 लाख सरकारी नौकरी नहीं तो राजनीति से संन्यास जब तक नौकरी नहीं तब तक 5000-7000 का बेरोजगारी भत्ता के वादे को भी अभी तक राज्य सरकार पूरा नहीं कर पाई। 5 लाख नौकरी कहकर अबतक महज 12.5 हजार नौकरी ही दिया गया है, बेरोजगारी भत्ता के रूप में अबतक एक पैसा भी किसी भी व्यक्ति नहीं मिला है। झारखंड में बड़े स्तर पर नियुक्तियां फिक्स हैं और नियुक्ति घोटाले हुए हैं। झारखंड के युवाओं के सपने व भविष्य को झामुमो- कांग्रेस-राजद सरकार ने बेच दिया है। आज युवा सड़क पर है और परेशान है। आज राज्य के युवा इस राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकालने के लिए विवस हो रहें है। राज्य सरकार को नींद से जगाने के लिए युवा 23 अगस्त को रांची आकार हुंकार भरेंगे।

वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में बाधक है अंधविश्वास और पारंपरिक सोच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मेदिनीनगर : डॉ नरेंद्र दाभोलकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित समाज बनाना चाहते थे। अपने इस दृष्टिकोण से समाज को अवगत कराने के लिए महाराष्ट्र सहित पूरे देश के जन वैज्ञानिकों की टोली गठित किया और एक जन संगठन अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति की स्थापना की। अपने अभियान के दौरान अंधविश्वास और सांप्रदायिकता के विरुद्ध जीवन में वैज्ञानिक चेतना के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहे। इस अभियान के प्रभाव को देखते हुए सांप्रदायिक तत्वों के द्वारा उनकी हत्या कर दी गई। आज भी समाज में वैज्ञानिक चेतना के विस्तार के बाधक तत्व मौजूद है। हमें अपनी तर्कशीलता के आधार पर बाधक तत्वों को खत्म कर सकते हैं। वैज्ञानिक चेतना के विस्तार से ही भावी पीढ़ी सजग इंसान और नागरिक बन सकता है। उक्त बातें ज्ञान विज्ञान समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय वैज्ञानिक दृष्टिकोण दिवस (डॉ नरेंद्र दाभोलकर स्मृति दिवस) के अवसर पर आयोजित वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में बाधक तत्व विषय पर प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा। परिचर्चा की कड़ी में ज्ञान विज्ञान समिति पलामू के सचिव अजय साहू ने कहा कि आज जब हम चांद और मंगल ग्रह पर बस्ती बसाने की बात करते हैं फिर भी रास्ता पार करते समय अगर कोई बिल्ली गुजर जाए तो हम रुक जाते हैं। मकान के या दुकान के दरवाजे पर नींबू और मिर्च लटकाते हैं। वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में बाधक तत्वो के रूप में हमारी पारंपरिक सोच है। आइसा के प्रांतीय सचिव त्रिलोकी ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में ब्राह्मणवाद सबसे बड़ा बाधक है। फिजियोथेरेपीस्ट कुलदीप राम ने सवाल पूछने पर रोक लगाने वाले सबसे बड़े बाधक हैं।

सनातन धर्म, राष्ट्र, परिवार और सम्मान पर प्रतिघात बर्दाश्त नहीं : अविनाश राजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : जिले के विभिन्न प्रखंडों में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, ओजस्विनी परिषद एवं राष्ट्रीय महिला परिषद के स्वयंसेवकों के द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम चलाया गया उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के द्वारा एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर समरसता को बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता निभाई गई साथ ही साथ जिले के विभिन्न पदों पर पदस्थापित पुलिस के जवानों को भी राष्ट्रीय महिला परिषद एवं ओजस्विनी परिषद की बहनों ने राखी बांधकर स्वयं एवं देश की रक्षा का वचन लिया। ध्यातव्य है कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद पूरे देश विदेश में डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में सनातन धर्म और लंबियों को जोड़ने का कार्य कर रही है पलामू अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के मुख्य संचालक राष्ट्रवादी अविनाश कुमार राजा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बहनों को सस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही साथ मुख्य सहयोगी के रूप में उपस्थित विकास कुमार ने सभी को श्री राम पट्टा देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री राजा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश दुश्मन देश से गिरा हुआ है और उनसे भी अधिक परेशानी देश के अंदर बैठे हुए सनातन को बांटने का कार्य कर रहे विभिन्न धर्म एवं समुदाय के लोग दुश्मन का कार्य कर रहे हैं ऐसे में हम सभी को एकजुट होकर समाज को बचाने का कार्य करना है रक्षाबंधन कार्यक्रम का एक उद्देश्य यह भी है कि हम अपनी बहनों की सुरक्षा के साथ ही साथ देश की सुरक्षा का वचन लें और बहनों को चाहिए कि स्वयं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे ऐसे में उन्हें शास्त्र के साथ सस्त्र की भी आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं ओजस्विनी परिषद के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में श्री हनुमान चालीसा केंद्र की स्थापना किए जा रही है जिसमें कम से कम सप्ताह में एक दिन सभी लोग इकट्ठा होकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

आरक्षण को लेकर भारत बंद को सफल बनाएंगे बड़कागांव के एसटी-एससी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : एसटी, एससी आरक्षण वर्गीकरण के खिलाफ को लेकर देशव्यापी आंदोलन भारत बंद आज 21 अगस्त को बड़कागांव में बंद रहेगा। इस संबंध में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संघ के सदस्यों ने बैठक कर निर्णय लिया। बैठक के बाद बड़कागांव थाना में लिखित सूचना दी गई। 20 अगस्त के शाम को मसाल जुलूस निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सदियों से लेकर अब तक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के साथ अन्याय होता रहा है। भले ही अन्य जाति के लोग साथ में उठते- बैठते हैं लेकिन मानसिक रूप से आज भी वे भेदभाव करते हैं। एसटी एवं एससी समुदाय के लोग आज भी आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। निजी संस्थानों में भी आरक्षण नहीं मिलता है। ऐसी स्थिति में हम हमारे अधिकांश बच्चे शैक्षणिक, राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं, आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय आग्रह है कि हमारे स्थिति को देखते हुए हमें वर्गीकृत नहीं किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह भोक्ता समाज के अध्यक्ष कुलेश्वर गंझू, मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष दीपक दास, पूर्व मुखिया बिशुन रजक, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, महासचिव कृष्णा राम, अखिल भारतीय भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु भुइयां, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, दिनेश्वर राम पासवान, रविदास महासभा के नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, रघुनाथ राम, नरेंद्र राम, शंकर कुमार भुइयां, सतीश कुमार दास, गिरजा भुइयां, राजेश भुइयां, उदय राम, अखिलेश कुमार दास आदि शामिल थे।

झामुमो युवा मोर्चा पलामू ने निकाली भव्य बुलेट रैली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : मंगलवार को झामुमो युवा मोर्चा पलामू के द्वारा सैकड़ों बुलेट के साथ बुलेट रैली का आयोजन किया गया। इस बुलेट रैली का नेतृत्व झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया और अध्यक्षता झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी और युवा मोर्चा सचिव आशुतोष विनायक ने किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी 22 अगस्त को मईया सम्मान योजना का सौगात देने पलामू आने वाले हैं, इसी के प्रचार प्रसार हेतु झामुमो युवा मोर्चा द्वारा जिला कार्यालय से छौ मुहान और चैनपुर बाजार से बेलवाटिका, रांची रोड होते हुए एयरपोर्ट पर रैली की समाप्ति हुई। रैली में उपस्थित अध्यक्ष सिन्हा ने कहा हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पलामू की बहनों को सौगात देने आने वाले हैं। हमारी बहनों को मईया सम्मान योजना मजबूत बनाएगी, आज यह योजना हर घर का चर्चा बन चुका है और बहनों की खुशियों का कारण बना है। युवा मोर्चा इस रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के सभी जन कल्याणकारी योजना के प्रचार प्रसार और लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है, जिला कमिटी की तरफ से युवा मोर्चा को साधुवाद।

श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष ने किया पगमिल जल भराव स्थल का दौरा

जिला प्रशासन से बात कर जल्द इस समस्या का समाधान करने की करेंगे मांग : संजय कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : बरसात का मौसम है और इन दिनों हजारीबाग के कई इलाकों में जल जमाव की समस्या देखने को मिल रही है। इसी समस्या से हजारीबाग का पगमिल क्षेत्र जूझ रहा है जहां हजारीबाग से चतरा जाने वाली मुख्य मार्ग पर लगभग 200 से 300 मीटर तक घुटने भर पानी का जल जमाव है जिसे लेकर कई बार कई समाजसेवी ने आंदोलन भी किया है लेकिन जिला प्रशासन एवं नगर निगम के द्वारा अभी तक इस पर कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है तथा जल जमाव की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है । आज श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह को इसकी जानकारी मिली तो तुरंत पगमिल के उस स्थल पर पहुंचे जहां जल जमाव की समस्या बनी हुई है वहां के लोगों से इसके स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा कहां की उन्हें इस समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है तथा वो जिला प्रशासन और हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय से मिलकर इस समस्या का समाधान करवाने का प्रयास करेंगे चुकी बरसात के दिनों में यहां काफी जल जमाव है और स्थानीय लोगों से जो बात पता चला है उसमें कई दुर्घटनाएं भी यहां पर जल जमाव के कारण हुई है कई प्रसव पीड़ा से ग्रसित महिलाओं को भी इस जल जमाव के कारण यहां तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है कई गंभीर बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है तथा वह प्रयास करेंगे की जिला प्रशासन एवं राज्य के वरीय अधिकारियों से बात बात कर इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द करवा सकें। स्थानीय लोगों में इसे लेकर काफी नाराजगी थी और उनका कहना था कि इस सड़क से इस जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता अक्सर गुजरते है परंतु किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस समस्या का समाधान करने का प्रयास नहीं किया परंतु श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह को इसकी जानकारी मिली तो आज यहां पहुंचे हैं और उनकी समस्याओं को सुना है तथा उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकल जाएगा । सभी लोगों ने संस्थान के अध्यक्ष का शुक्रिया भी किया । वही आज संजय कुमार सिंह स्थानीय राजद नेता संजर मालिक एवं स्थानीय लोगों के साथ हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय से भी मुलाकात की है और उन्हें इस समस्या से अवगत भी कराया है तथा इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन डीसी नैंसी सहाय ने भी दिया है इसके लिए संस्था के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने डीसी नैंसी सहाय का शुक्रिया भी किया है।

एक नजर

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने अजीत चंद्रवंशी

बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. अमरदीप यादव ने हजारीबाग जिला के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी जी को दोबारा जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनित किए। अजीत चंद्रवंशी के कार्य कुशलता को देखते हुए उन्हें दोबारा मौका मिला है। उनके नेतृत्व में पार्टी का बेहतर संगठन का लाभ पार्टी को मिलेगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो, पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भोपाल स्वर्णकार मंडल, अध्यक्ष आदित्य सोनी सोनी, खेमलाल महतो, अशोक महतो, दिनेश कुमार, गोविंद महतो, गणेश यादव, विनोद महतो, राजू साहू, मुकेश साहू, शोले नायक, रंजीत साहू समेत अन्य लोग शामिल है।

निजी खर्च से राजा हरिश्चंद्र घाट में प्रतिदिन भेजूंगी पानी : अरुणा शंकर

पलामू : मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आज राजा हरिश्चंद्र घाट जाकर आनंद कुमार बाबू उर्फ बाबू भाई चंद्रवंशी का अंतिम दर्शन कि प्रथम महापौर ने कहा एक मिलनसार व्यक्ति हम सबों के बीच नहीं रहे उनकी कमी सबों को खलेगी भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। प्रथम महापौर ने राजा हरिश्चंद्र घाट की व्यवस्था को भी देखा और कहा चुकी मुझे यहां आने का मौका नहीं मिलता मैं घर पर ही जाकर किसी के यहां कोई घटना होने पर अंतिम दर्शन कर लेती लेकिन आज यहां आने पर पता चला की नदी के किनारे होने के बावजूद राजा हरिश्चंद्र घाट में पानी की बहुत समस्या हो रही। हरिशचंद्र घाट में बोरिंग जो मैंने कराई थी उसमें 700 फीट में भी पानी नहीं। प्रथम महापौर ने कहा मैं दो-तीन दिनों के अंदर अपने निजी खर्च से प्रतिदिन सुबह शाम टैंकर से पानी भेजूंगी। प्रथम महापौर ने चेंबर के प्रशंसा करते हुए कहा आज चेंबर के सदस्यों के बदौलत हमारा हरिश्चंद्र घाट स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित है और मात्र 3500 रुपए में सफाई से लेकर डोमराजा तक लकड़ी सहित व्यवस्था दी जा रही है जो प्रशंसनीय है।

शिविर में मरीजों के दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त हैं : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

हजारीबाग : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एनटीपीसी चट्टी बरियातु के सहयोग से केरेडारी पंचायत भवन में दिन मंगलवार को निशुल्क दंत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नि:शुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ नेत्र एवं रक्त परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं दवा वितरण किया गया। शिविर का कुल 187 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉक्टरों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज डेमोटांड के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हजारीबाग डेंटल कॉलेज का उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। शिविर के मरीजों के दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है और इसके लिए अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

सफाईकर्मी स्वास्थ्य के संरक्षक हैं : डॉ अमित सिन्हा

हजारीबाग : रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर हजारीबाग के नगर निगम पहुँच भाजपा नेता डॉ अमित सिन्हा ने सफाई कर्मी दीदीयों से रक्षासूत्र बँधवाया एवं उनका मुह मीठा करवा आशीर्वाद मंगा। उन्हें यह वचन भी दिया कि वो उनके मान-सम्मान, सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करेंगे। नजारा देखने लायक था क्योंकि सभी सफाई कर्मी भावुक हो कर एक स्वर में बोले, उनके जीवन मे यह पहली बार हुआ हैं कि कोई नेता राखी बंधवाने हमारे पास आया हो। इसपर डॉ सिन्हा बोलते हैं वो प्रत्येक वर्ष सबसे पहले इन दीदीयों से रक्षासूत्र बनवाएंगे और आज से हर एक सफाई कर्मी दीदी उनकी बहन हैं। डॉ सिन्हा यह भी कहते हैं की ये सफाई कर्मी बहने हमारे समाज के अनमोल रत्न हैं, जो अपने अथक प्रयासों से हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाते हैं ये स्वास्थ्य के संरक्षक हैं। सफाई कर्मी हमारे समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत मे उन्होंने सभी के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त किया।

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मुन्ना सिंह ने हजारीबाग सदर से पेश की दावेदारी

हजारीबाग : आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कल हजारीबाग स्थित कांग्रेस कार्यालय में सदर विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव और अन्य जिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मुन्ना सिंह हजारीबाग सदर से आगामी चुनाव के लिए एक प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं, और वह कई वर्षों से समाजसेवी के रूप में क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की तरफ से सबसे मजबूत दावेदार के रूप में मुन्ना सिंह का नाम उभरकर सामने आया है। उनके प्रति क्षेत्र के जनता का गहरा विश्वास है, और लोग उन्हें हजारीबाग सदर से विधायक के रूप में देखना चाहते हैं। मुन्ना सिंह ने इस अवसर पर कहा, एक जनप्रतिनिधि के तौर पर क्षेत्र की सेवा करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। मैं पूरी निष्ठा से कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने और हजारीबाग के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता हजारीबाग क्षेत्र के जनहित के मुद्दों को हल करने पर रहेगी, जिसमें स्थानीय विकास, रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य जैसी आवश्यकताएं शामिल हैं। जहां भाजपा की ओर से 10 से भी अधिक लोग दावेदारी पेश कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी की तरफ से पूरे क्षेत्र में केवल मुन्ना सिंह का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने मुन्ना सिंह की दावेदारी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान, मुन्ना सिंह ने कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों से आगामी चुनाव में एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ₹लोकसेवा हमारी परंपरा है, और इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

मोटरसाइकिल सवार बीटीटी बबीता देवी मोतरा घाटी में गिरने से घायल

बड़कागांव : फैमिली प्लानिंग बीटीटी पद पर कार्यरत बबीता देवी पति फागुन महतो ग्राम हरली निवासी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई।मामले को लेकर पूछे जाने पर उसके पुत्र ने बताया की मम्मी मेरे मामा को राखी बांधने को लेकर अपनी मायके झुमरा गई हुई थी।20 अगस्त को बीटीटी बबीता देवी अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में मासिक बैठक में शामिल होने के लिए आ रही थी।परंतु मोटरसाइकिल में खराबी आ जाने के कारण समय लगभग 10 मोतरा घाटी में दोनों पति-पत्नी गिर पड़े जिससे मोटरसाइकिल सवार बबीता देवी के माथा फट गया और बुरी तरह घायल हो गई। वहीं उनके पति को भी शरीर के कई हिस्से में चोटें लगी है।धायल बबीता देवी के गंभीर स्थिति देखते हुए परिजनों के द्वारा उसे घटना स्थल सीधे हजारीबाग सदर अस्पताल ले जाया गया।जहां उसका उचित इलाज चल रहा है।

युवाओं की प्रेरणा के स्रोत व आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी : बिट्टू पाठक

पलामू : पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मनाई गई सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माला फूल देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया श्रद्धांजलि सभा के बाद जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में सद्भावना मार्च निकाला गया सद्भावना मार्च में सभी कांग्रेस जनों ने नारा दिया जब तक सूरज चांद रहेगा राजीव तेरा नाम रहेगा राजीव गांधी अमर रहे लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भारत के महान सपूत थे। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुंचा दिया। उपरोक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने मंगलवार को कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कही।उन्होंने कहा कि मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे उनके कई सुखद कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते देश को तरक्की के पद पर तेजी से आगे बढ़ाया 21वीं में भारत को ले जाने के लिए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किया है इसका लाभ देशवासियों को आज भी मिल रहा है आज भी युवाओं के दिल में बसते हैं राजीव गांधी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव पूर्णिमा पांडे शमीम अहमद राइन ईश्वरी प्रसाद सिंह गिरजाराम मिथिलेश सिंह सत्यनारायण तिवारी सुधीर चंद्रवंशी सुधीर चौबे अशोक तिवारी डॉक्टर कृष्ण मणि दुबे राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सुरेश कुमार पाठक अजय साहू कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी अशोक पासवान नफीस खान रिजवान खान मुकेश सिंह मनोज कुमार उमेश प्रसाद विष्णु देव यादव खुर्शीद आलम शेर खान सतीश चौबे सच्चिदानंद मिश्रा पाटन प्रखंड उपाध्यक्ष शहजाद अली आदी बड़ी संख्या में कांग्रेसी भाग लिए।

एक नजर

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष आज पहुंचेंगे रांची

रांची : कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 21 अगस्त को बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट पर आएंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जरिये उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। इसके बाद हिनू स्थित कपूर्री ठाकुर चौक, भगवान बिरसा मुंडा चौक, नागेश्वर महतो चौक, वीर बुद्धू भगत, कार्तिक उरांव, हातमा में सिद्धू-कान्हू चौक पर माल्यार्पण करेंगे। फिर दोनों नेता कांग्रेस भवन पहुंचेंगे। वहां नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का स्वागत सह अभिनंदन किया जायेगा। इसके बाद केशव महतो कमलेश पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से पदभार ग्रहण करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दी।

महिला ने की खुदकुशी

रांची : तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बालसिरिंग स्थित ब्लू पौंड में एक महिला ने खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार को पुलिस मौके पर पहुंची और शव को खदान से बाहर निकाला। मृतक की पहचान पायल सिंह के रूप में की गई है। वह ब्रिजफोर्ड स्कूल की कर्मचारी थी। ओपी प्रभारी दुलार महतो ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

जमीन घोटाला के आरोपी अमित अग्रवाल ने जमानत याचिका दाखिल की

रांची : सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाला के आरोपी अमित अग्रवाल ने मंगलवार को रांची के पीएमएलए कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। जमीन घोटाला की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष,रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम की गिरफ्तार हो चुकी है।

तालाब से एक व्यक्ति का शव बरामद

रांची : रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित चडरी तालाब से पुलिस ने एक व्यक्ति का मंगलवार को शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों शव देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में पानी में गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई।

तमजीद अंसारी हत्याकांड के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

रांची : अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने मंगलवार को तमजीद अंसारी हत्याकांड में दोषियों मो. मुन्ना बंगाली और मो. सहजादा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 10-10 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त कारावास काटनी होगी। इस केस में दोषी मुन्ना बंगाली घटना के बाद से ही 29 मई, 2018 से लगातार जेल में ही है। दोनों अभियुक्तों पर 19 मई, 2018 को हिन्दपीढ़ी निवासी तमजीद अंसारी की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है।

नगर विकास मंत्री ने रांची नगर निगम के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश

निगम स्तर की सभी लंबित योजनाओं को ससमय पूरा करें : हफीजुल हसन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : निगम स्तर के सभी पेंडिंग योजनाओं को ससमय पूरा करें। धरातल पर योजनाओं को उतारने के लिए तीव्र गति से कार्य करें। रांची नगर निगम सबसे महत्वपूर्ण नगर निगम है। क्योंकि, यह राज्य की राजधानी और रांची शहर की स्वच्छता एवं विकास पर ध्यान देती है। इसलिए इस निगम के अन्तर्गत सभी योजनाओं को पूरा करें। यह निर्देश नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने रांची नगर निगम के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को दिया। हसन ने कहा कि राजधानी रांची के नागरिकों को बेहतर सुविधा किस प्रकार प्रदान की जाए, इसपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शहर में स्वच्छता को प्राथमिकता देनी होगी। बारिश में नालियां जाम न हों, पथ, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त रहें। यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का निदान त्वरित गति से होना चाहिए। आम लोगों की समस्याओं का निदान ससमय हो, यह सुनिश्चित करें।

बैठक में मंत्री ने ये निर्देश भी दिए -

▸ शहर में ड्रेनेज या जलापूर्ति योजना के दौरान क्षतिग्रस्त हुए सड़कों को ससमय दुरुस्त करें ताकि आम लोगों को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े।

▸ रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित सभी वेलनेस सेंटरों का संचालन सुचारू रूप से करें ताकि मरीजों का इलाज बेहतर तरीके से हो सके।

▸ शहरी क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइट की मरम्मत कराएं।

▸ झिरी डंप यार्ड के कचरा निस्तारण प्रक्रिया में गति लायें।

मौके पर नगर आयुक्त संदीप सिंह ने कहा कि कैपिटल सिटी के विकास के लिए सभी पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करने की आवश्यकता है। रांची नगर निगम नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए निगम स्तर के सभी सिविल वर्क्स को समय सीमा के अंतर्गत पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस बैठक के दौरान प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 15वें वित्त आयोग, टाउन प्लानिंग, पीएमएवाई, लाइट, आईटी, डे-एनयूएलएम, ट्रांसपोर्ट, हेल्थ, इनफोर्समेंट, वाटर सप्लाई एवं अन्य शाखाओं की भी समीक्षा की गई।

इस अवसर पर संयुक्त सचिव ज्योत्सना सिंह, अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, मुख्य अभियंता रमा शंकर राम, उप प्रशासक अनवर हुसैन, उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सभी सहायक प्रशासक, पीएचईडी के प्रतिनिधि, सभी नगर प्रबंधक, सभी नगर नगर अभियान प्रबंधक, अभियांतगण एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद की स्टेट चेयरमैन बनी डॉ मेघा रानी

रांची : राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद ने रांची की रहने वाली लेखिका डॉ मेघा रानी को झारखंड प्रदेश का स्टेट चेयरमैन बनाया है। इनके सामाजिक कार्यो और लेखन की प्रतिभा को देखते हुए इनका चयन किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद ने अधिकारिक रूप से चिट्ठी जारी कर दी है। इनकी नियुक्ति के बाद डॉ मेघा की देखरेख में जल्द ही राज्यभर में एक टीम का गठन किया जायेगा, जो राज्य के लोगों के मानवाधिकार की लड़ाई लड़ेंगे और उनके अधिकार का हक दिलायेंगे। इस टीम में 70 से अधिक लोगों का चयन किया जायेगा, जो अलग अलग क्षेत्र में कार्यरत होंगे। नियुक्ति के बाद डॉ मेघा रानी ने कहा कि झारखंड प्रदेश का स्टेट चेयरमैन बनने के बाद मेरी प्राथमिकता रहेगी कि राज्य के जनता के मानवाधिकार सुरक्षा निश्चित करूंगी।

डीजीपी ने विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर की समीक्षा बैठक, दिए दिशा-निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी के साथ विधि-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण पर बैठक आयोजित की।

डीजीपी ने एक जनवरी से अब तक राज्य के विभिन्न जिलों में रंगदारी, लेवी वसूलने के उदेश्य से अपराधियों , उग्रवादियों के जरिये संपत्ति का नुकसान करने संबंधी मामले की समीक्षा करते हुये उनके खिलाफ दर्ज मामलों में हुई गिरफ्तारी, दर्ज मामले में कितने व्यक्तियों पर आरोप पत्र की स्थिति, कितने व्यक्ति इसमें फरार हैं एवं फरार के खिलाफ वारंट-कुर्की जब्ती के बिंदुओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही लेवी का पैसा मांगने वाले के नम्बर का सत्यापन कराते हुये प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों, घनघोर नक्सल समस्याग्रस्त इलाकों को छोडकर सभी पुलिसकर्मी, गृहरक्षकों, जैप एवं सैप सहित अन्य सभी बल के जवान, जिलों के ट्रैफिक थानों एवं पोस्टों पर तैनात, थानों में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों सहित सभी पेट्रोलिंग पार्टी के जवानों को नियमित रूप से नेम प्लेट पहनने का निर्देश दिया।

डीजीपी ने सभी जिलों में कार्यरत महिला थानों की समीक्षा के दौरान महिला थाना में महिला थाना प्रभारीऔर अन्य महिलाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति, थाना को संचालित करने के लिए पर्याप्त स्थान, हाजत इत्यादि की आवश्यकता, नियमित रूप से महिला अपराध से संबंधित दर्ज प्राथमिकी की स्थिति, महिला थाना प्रभारी का जिला के अन्य थानों में हो रहे महिला संबंधी अपराधों में उपयोग, महिला थाना में भुक्तभोगी महिलाओं के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का व्यवहार, महिला थानों में मोबाईल फोन, कम्प्यूटर, प्रिंटर, गाड़ी एवं फर्नीचर इत्यादि की स्थिति की समीक्षा करते हुये अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

डीजीपी ने ने राज्य के सभी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) थानों की स्थिति, थाना में नियमित रूप से दर्ज प्राथमिकी की स्थिति, भुक्तभोगी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के व्यवहार पर विशेष बल दिया।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस भवन रांची में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर नमन किया गया। इसके बाद दीप प्राज्वलित कर और केक काट कर महिलाएं संकल्प ली। राजीव गांधी की ओर से शुरू किया गया पंचायती राज के तहत आज पंचायत स्तर पर निर्वाचित महिलाएं समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह्न करते हुए राह पर अग्रसर हैं।

कार्यक्रम में पंचायती राज एवं महिला कांग्रेस के बहनों ने राजीव गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आये पंचायती राज से निर्वाचित महिलाओं को अंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन रांची जिला ग्रामीण महिला अध्यक्ष मेरी तिर्की ने की और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह ने की।

सम्मान समारोह कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर पंचायती राज्य का ही देन है जिसके तहत आज महिलाओं को आरक्षण मिला है। इस कारण पार्षद और मुखिया महिलाओं की भागीदारी है। पार्षद डॉ सजदा खातुन, पार्षद किरण देवी, सहिया तारा देवी, वार्ड सदस्य बेरोनिका कच्छप, वार्ड सदस्य मिना देवी, वार्ड सदस्य उषा उरांव को मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया।

सीएम, डीजीपी और स्पेशल ब्रांच के एडीजी के खिलाफ जांच की मांग की याचिका वापस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य के डीजीपी और स्पेशल ब्रांच के एडीजी पर परेशान करने का आरोप लगाने वाली हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब यह रिट याचिका दाखिल की गई थी उस समय मामला पुलिस अधिकारी रूपा तिर्की की सुसाइड से संबंधित था। यह मामला अब क्लोज और पुराना हो चुका है। इसलिए याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस ले लेनी चाहिए। इसके आलोक में याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। याचिकाकर्ता अधिवक्ता राजीव कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य के डीजीपी एवं स्पेशल ब्रांच के एडीजी पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके द्वारा उन्हें कोलकाता में कैश कांड में फंसाया गया है। स्पेशल ब्रांच के एडीजी के द्वारा पुलिस कर्मियों के माध्यम से उनकी निगरानी की जा रही है और उनकी गतिविधियों की मॉनिटरिंग हो रही है। इससे उनकी प्राइवेसी भंग हो रही है। इसे देखते हुए स्पेशल ब्रांच के एडीजी के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

आदिवासी बेटियों को खुद बचानी होगी इज्जत : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की जनजाति समाज से जुड़ी महिलाओं, बेटियों को अपनी इज्जत खुद बचाने को आगे आने को कहा है। राज्य सरकार को भी निशाने पर लिया है।

बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को मीडिया (फेसबुक) पर एक अखबार में प्रकाशित एक खबर को साझा करते कहा कि संथाल परगना की एक और बेटी दुष्कर्म की भेंट चढ़ गई। शाहीद अनवर नाम के दरिंदे ने साहिबगंज की 15 वर्षीय नाबालिग युवती से दुष्कर्म किया। इससे आहत होकर पीड़िता ने अपनी जान दे दी। दुमका की बेटी अंकिता, साहिबगंज की बेटी रुबिका पहाड़िया के साथ हुई। हैवानियत की रूह कंपा देने वाली यादें जनता में अभी तक ताजा हैं। साहिबगंज जिले की इस हृदय विदारक घटना ने फिर से उन्हीं जख्मों को कुरेदने का काम किया है।

बाबूलाल ने कहा कि दिलदार अंसारी, मो. शाहरुख, शाहिद अनवर जैसे कौम विशेष के दरिंदे गरीब आदिवासी लड़कियों को हवस का शिकार बना रहे हैं। बेटियों को कभी पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया जा रहा है, तो कभी टुकड़ों में काटकर फेंक दिया जा रहा है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बजाय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुस्लिम मोर्चा की सरकार वहशी दरिंदों को बचाने के लिए हमेशा आगे आई है। मुसलमानों का वोटबैंक खिसकने के डर से हेमंत सोरेन ने कभी भी खुलकर इन शर्मनाक घटनाओं की निंदा तक नहीं की, आरोपियों पर कठोर कारवाई करना तो दूर की बात है।

ताजा प्रकरण में भी मुख्य आरोपित शाहिद अनवर और उसके परिवार के 15-16 सदस्यों ने पीड़िता और उसके घरवालों के साथ मारपीट कर बर्बाद करने की धमकी दी, फिर आराम से सभी फरार भी हो गए। एक साथ आरोपित का पूरा परिवार बिना पुलिस प्रशासन के मिलीभगत और सरकार के संरक्षण के फरार नहीं हो सकता। बाबूलाल ने अपील करते कहा है कि आदिवासी समाज को समझना होगा कि मुसलमानों की गोद में बैठकर राजनीति करने वाले हेमंत कभी भी आदिवासी बेटियों को न्याय नहीं दिला सकते। आदिवासी समाज को अपनी बेटियों की इज्जत बचाने के लिए खुद आगे आना होगा।

जानकारी के अनुसार साहेबगंज जिले के राधानगर थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने रविवार को दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसी शाहीद ने 15 अगस्त को उसके साथ दुष्कर्म किया था। 18 अगस्त को पंचायत बैठी। इसमें आरोपित ने अपराध स्वीकार किया। इसके बाद आरोपित पक्ष पर 1.35 लाख रुपये का दंड लगाया गया, जिसे लड़की के परिजनों ने स्वीकार नहीं किया। इसके बाद लड़की ने जान दे दी। आरोपित लड़का और उसके परिजन फरार हैं। पुलिस आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मंगलवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। यह दोनों की शिष्टाचार मुलाकात बतायी गयी। इस दौरान झारखंड में कृषि के क्षेत्र में विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा हुई।

उत्पाद विभाग ने बंगाल से स्प्रिट लेकर आ रहे टैंकर को किया जब्त, तीन गिरफ्तार

रांची : उत्पाद विभाग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल से स्प्रिट लेकर आ रहे टैंकर को ओरमांझी में जब्त किया। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रांची के सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल से आ रहे एक स्प्रिट टैंकर को साथ हरदीप सिंह, प्रवीण शर्मा को गिरफ़्तार किया गया। साथ ही टैंकर के आगे आगे चल रहे एक अन्य वाहन को भी जब्त किया गया। उक्त वाहन से मनप्रीत सिंह को गिरफ़्तार किया गया। जो मोबाइल से टैंकर के ड्राइवर को आगे की गतिविधि की सूचना दे रहा था। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। साथ ही टीम ने तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है, कि इस स्प्रिट का प्रयोग अवैध शराब बनाने में किया जाना था। बरामद किये गये स्प्रिट की कीमत लगभग 25 लाख बतायी जा रही है।

पंकज मिश्रा ने दाखिल की जमानत याचिका

रांची : साहिबगंज में अवैध खनन के जरिये अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपित पंकज मिश्रा ने मंगलवार को रांची पीएमएलए कोर्ट से जमानत की गुहार लगायी है। पंकज मिश्रा की याचिका पर 27 अगस्त को सुनवाई होगी। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से बेल मांग चुके हैं। लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के तत्कालीन विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ भी जब्त कर चुकी है। इतना ही नहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ नकदी जब्त की थी।

जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी आज आएंगे जमशेदपुर

रांची : बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी 21 अगस्त को रेल मार्ग से जमशेदपुर पहुंचेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने मंगलवार को बताया कि डॉ अशोक चौधरी जमशेदपुर के माइकल जॉन स्टेडियम में आयोजित जदयू मिलन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो, विधायक सरयू राय भी उपस्थित रहेंगे। जमशेदपुर स्टेशन में जदयू कार्यकर्ता डॉ अशोक चौधरी का स्वागत करेंगे।

श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

रांची : श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 115 वां कार्यक्रम मंगलवार को भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। अनिल नारनोली हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवम गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की। अनिल नारनोली ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया श्याम आदि उपस्थित थे।

एक नजर

अवैध बालू लदे पांच हाइवा जब्त

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने मंगलवार की सुबह औचक जांच अभियान चलाया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि आज सुबह हीरापुर के विवेकानंद चैक पर औचक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान अवैध बालू लदे 5 टाटा 407 को जब्त किया गया। आगे की कार्रवाई करने के लिए सभी वाहनों को थाना को सुपुर्द किया गया है।

आदर्श कॉलोनी चास में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का हुआ समापन

बोकारो : चास स्थित आदर्श कॉलोनी मे अध्यक्ष सरोज रजक के नेतृत्व मे 13 वाँ 24 घण्टे का अखण्ड हरिकीर्तन के समापन के दूसरे दिन आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अनिल झा, बोकारो के लोकप्रिय महिला नेत्री परिंदा सिंह, चास नगर के प्रथम महापौर भोलू पासवान मुख्य रूप से उपस्थित हुए। नव युवक दल अखण्ड हरिकीर्तन पूजा के कोषाध्यक्ष अभय बहादुर शर्मा ने कहा विगत 13 वर्ष से बड़ी धूम धाम हर्षउल्लास के साथ पुरे नगर वासियो के सहयोग से मनाया जाता है। इस अवसर पर गोपाल साव, संजय शर्मा, रणधीर कुमार, नीलेश कुमार, जीतू रजक, विजय दूबे, नंद किशोर, रोशन कुमार अरुण हरफल आदि उपस्थित रहे।

हवाई अड्डा राजीव गांधी चौक में राजीव गांधी की जयंती मनाई गई

बोकारो : बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता जी के नेतृत्व में संचार क्रांति के जनक, युवाओं को 18 वर्ष में मत का अधिकार देने वाले, पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने वाले, महिलाओं को सशक्त बनाने वाले, शांति दूत भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पूजनीय स्व. राजीव गाँधी जी की जयंती बोकारो हवाई अड्डा राजीव गाँधी चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरआत हवाई अड्डा स्थित स्व राजीव गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौक पर श्री गुप्ता ने स्व राजीव गाँधी जी के योगदान को याद करते हुऐ उनके आदर्शो और विचारधारा पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया की कैसे राजीव गाँधी ने देश के औद्योगिक और तकनिकी विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया, विशेषकर कंप्यूटर क्रांति और सुचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में। साथ ही साथ उन्होंने गरीबी उन्मूलन और सामाजिक, समरसता, विज्ञानं प्रौद्योगिकी में प्रगति, समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, पंचायती राज संस्थाओं को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में युवाओं और महिलाओ की केंद्रीय भूमिका के लिए अथक प्रयास किए।इस अवसर पर सद्भावना यात्रा निकाली गई। जिसमे बोकारो जिला वरिष्ठ कोंग्रेसी सहित जिला, प्रखंड कमिटी के पदाधिकारीगणो, आमजन मानस ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। एवं बड़े हर्ष और उत्साह के साथ स्व राजीव गाँधी जी की जयंती मनाया गया। मौके पर वरिष्ठ कोंग्रेसी रास नारायण सिंह,सुशील झा देवेंद्र नाथ चौबे,रामा रावत, सतीश रजक,हरेंद्र सिंह, प्रशांत बाउरी, गिरीश गोप, दिलीप यादव सहित जिला, प्रखंड, मण्डल, पंचायत कमिटी के पदाधिकारीगण एवं ऊजार्वान कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

जल जमाव की समस्या को लेकर विधायक ने पानी में धरना पर बैठकर जताया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : शहर के धैया मंडल बस्ती को जाने वाली सड़क पर बरसात के कारण हुए जल जमाव को हटाने के लिए मंगलवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा उसी जमे पानी में जाकर बैठ गए। उन्हें मनाने के लिए नगर आयुक्त रविराज शर्मा धनबाद नगर निगम की सफाई टीम के साथ पहुंच गए हैं। मशीन लगाकर पानी निकासी का काम भी शुरू कर दिया गया है। विधायक के साथ महिलाएं भी शामिल विधायक राज सिन्हा के इस आंदोलन में मंडल बस्ती की महिलाएं भी शामिल हो गई हैं। विधायक के इस आंदोलन के कारण धैया मुख्य सड़क पर काफी लोग जुट गए हैं। वहीं, दूसरी ओर नगर निगम की टीम भी पानी निकासी को लेकर अपना काम कर रही है। विधायक राज सिन्हा की मांग है कि जब तक पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होती वे ऊना आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। महीनों से जमा है बारिश और नाली का पानी धैया मंडल बस्ती को जाने वाली सड़क पर बरसात के शुरू होते ही पानी जमना शुरू हो गया था। यहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं रहने का कारण अब यह पानी बदबू भी देने लगा था। आये दिन इस सड़क से गुजरने वाले लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। इस स्थिति को देखते हुए राज सिन्हा ने बीते 11 अगस्त को इस जगह का दौरा नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ किया था। साथ ही आईआईटी-आईएसएम के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस समस्या का निदान करने की मांग की थी। चेतावनी भी दिया था कि यदि उनकी मांग पूरी नही हुई तो वे आंदोलन करेंगे। पैंट उठा नंगे पैर पहुंचे नगर आयुक्त विधायक राज सिन्हा के पानी के बीच बैठने की सूचना मिलते ही धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त रविराज शर्म पूरी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने अपने जूते उतरे और पैंट को ऊपर उठा कर गंदे पानी से होते हुए विधायक राज के पास जा पहुंचे। उनसे आंदोलन समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन विधायक नहीं माने। वहीं दूसरी ओर रविराज शर्मा के निर्देश पर पानी निकासी का कार्य शुरू कर दिया गया। विधायक राज सिन्हा अब भी पानी में ही बैठे हुए हैं।

राष्ट्रपति के साथ डीपीएस के विद्यार्थियों ने साझा की रक्षा बंधन की खुशियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के विद्यार्थियों के लिए इस बार रक्षाबंधन का त्यौहार अनूठा और हमेशा के लिए यादगार बन गया। बात ही कुछ ऐसी थी। शिक्षा, खेलकूद और कला के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुल चार विद्यार्थियों की टीम अपने प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के नेतृत्व में देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू से मिली। बच्चों ने रक्षा बंधन का त्यौहार राष्ट्रपति भवन में महामहिम मुर्मू के साथ मनाने और इस अवसर की खुशियां साझा करने का सौभाग्य प्राप्त किया। उन्होंने राष्ट्रपति को राखियां तथा विद्यालय की ओर से उनकी एक आकर्षक पेंटिंग भी भेंट कीं, जिसे उन्होंने खूब सराहा। राष्ट्रपति भवन से स्वीकृति एवं विशेष आमंत्रण के पश्चात गई विद्यालय की टीम में प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार, प्रधानाध्यापिका प्रीति सिन्हा तथा विद्यार्थियों में कक्षा 9 से अन्वेषा शर्मा, अनन्या सिंह व प्रीतम सागर तथा कक्षा 10 के छात्र आदि आयुष्मान शामिल रहे। गर्व के इस अविस्मरणीय अनुभव पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रपति भवन से लौटे बच्चों ने मंगलवार को प्राचार्य डॉ. गंगवार को पुष्पगुच्छ भेंटकर यह सुखद अवसर प्रदान करने के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

महिलाओं के स्वाबलंबन के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत : सीता राणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी का जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी का 80 वी जयंती मनाया गया। राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जयंती अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात नारी न्याय सम्मान समारोह के साथ हुआ जिसमे जिलाध्यक्ष सीता राणा ने समाज में सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक और आर्थिक बदलाव के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में पंचायत वार्ड स्तर पर राजनीतिक भागीदारी निभाएं वाली खेरुन निशा, पुनम राय, सलमा बीबी, शकीला खातून, ढंडी देवी, शबीना बीबी, किस्मत मालिक शामिल थी। राजीव गांधी के जयंती अवसर पर राजीव गांधी का राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को भागीदारी विषय पर परिचर्चा में वक्ताओं ने अपना विचार साझा किया। जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि राजीव गांधी ने महिलाओं को राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को आरक्षण दिया। आज पंचायती राज में महिलाओं को मिल रहे आरक्षण का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को ही जाता है। पंचायत राज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका व्यापक असर देखा जा सकता है। राजीव गांधी के दूरदृष्टि का नतीजा रहा है कि महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक सम्मान मिला है। वर्तमान दौर में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में देश भर में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण की पुरजोर वकालत किया जा रहा है। राजनीति में भागीदारी बढ़ने से महिलाओं के स्वाबलंबन के दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा।

जदयू टुंडी में गरीबों के हक की लड़ रही है लड़ाई : दीप नारायण सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : तोपचांची प्रखंड के मानपुर दसौंधी टोला में जदयू नेता तारा बाबू की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। लोग पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, आवास, रोजगार, आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए दुसरे प्रदेशों में जा रहे हैं। परंतु स्थानीय विधायक को लोगों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। वे लुट - खसोट कर संपत्ति बनाने में लगे हुए हैं। जदयू पार्टी टुंडी विधानसभा क्षेत्र में गरीबों की लड़ाई लड़ रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में आप मुझे अपना बेटा, भाई, मित्र, साथी, सहयोगी, समझ कर सहयोग करें, मैं आपके आशीर्वाद से टुंडी विधानसभा में सत्ता परिवर्तन कर भ्रष्ट व्यवस्था को सुधारने का काम करुंगा। बैठक का संचालन जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह और धन्यवाद ज्ञापन मधुसूदन पांडेय ने किया। इस अवसर पर बांके बिहारी पांडेय, अभीषेक दसौंधी, राजु दसौंधी, दिलीप दसौंधी, कृति निवास पांडेय, आदित्य दसौंधी, भुला दसौंधी, पंकज सिंह, सुभाष सिंह, आदि उपस्थित रहे।

नारी सुरक्षा को लेकर रानीपोखर व सेक्टर 9 के युवाओं ने निकाली रैली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : नारी सुरक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर रानीपोखर व सेक्टर 9 के युवाओं की ओर से रानीपोखर से लेकर सेक्टर 4 तक रैली निकाली गई। रैली के दौरान युवा पोस्टर व बैनर के माध्यम से नारी को सुरक्षा देने को लेकर नगरवासियों को जागरूक किया। सभी युवा रैली में नारी सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा देने को लेकर नारा लगाते रहे। रैली के दौरान साक्षी राजपुत ने कहा वर्तमान में नारी की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। जिसके कारण शाम होने के बाद या दिन में भी नारी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। आए दिन नारी के साथ ब्लात्कार की घटनाएं हो रही हैं। जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। इसको लेकर नगरवासियों को नारी को सुरक्षा प्रदान करने को लेकर सहयोग करने की जरूरत है। लोगों के सहयोग से ही नारी को सुरक्षा प्रदान किया जा सकेगा। इस रैली में रानीपोखर से साक्षी राजपूत, परी, अनन्या, अनुष्का, आंचल, रोशनी, मोहित, राज कुमार, विक्की कुमार, सेक्टर 9 से आदित्य राजपूत, कुंदन कुमार, अनीश साहू, अली, काजल, आदित्य कुमार, विकास, सुमित कुमार सुमन राज, चंदन कुमार, अकमल रजा, पवन कुमार, कमलेश कुमार,रोशन कुमार, नैतिक कुमार, रितेश, रितेश कुमार, समीर, दीपक। प्रिंस कुमार, संतोष कुमार समेत अन्य युवा शामिल रहे।

झारखंड सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ युवाओं ने खोला मोर्चा, 23 को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : झारखंड के युवा वर्तमान हेमंत सोरेन के खिलाफ आवाज उठाने को मजबूर है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवाओं के समर्थन में 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घैराव करेगी। जिसमें 1 लाख से अधिक युवा पहुंच कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसके तहत आज बोकारो जिला भाजपा द्वारा बोकारो विधायक आवास पर प्रेस वार्ता की गई। जिसमें विरोधी दल के मुख्य सचेतक बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने संबोधित किया। बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय,जिला महामंत्री संजय त्यागी, यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार,जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र राय मौजूद रहे। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने चुनावी घोषणा पत्र में झारखंड के युवाओं को 5 लाख नौकरी, ग्रेजुएट को 5000 हजार बेरोजगारी भत्ता,पोस्ट ग्रेजुएट को 7000 बेरोजगारी भत्ता देने का वादा कर झारखंड में अपनी सरकार बनाई। आज इनका 5 साल के कार्यकाल मैं तीन महीने बचे हुए मगर इनका किया गया वादा युवाओं के लिए पूरी न हो सकी। झारखंड के युवाओं में काफी आक्रोश है। उन्हे इस सरकार से धोखा मिला। युवाओं के साथ महिलाओ, किसानों, आम जनताओ से भी इन्होंने कई वादा किए उसे भी पूरा करने में नाकाम रही सरकार। जिसके विरोध में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 1 लाख से अधिक युवाओं का विशाल जनाक्रोश प्रदर्शन मुख्यमंत्री आवास घेराव कर अपना रोश जाहिर करेंगे। आज झारखंड की डेमोग्राफी बिल्कुल बंगाल के तर्ज पर परिवर्तन हो रही जो काफी चिंता का विषय है। संथाल परगना में आदिवासी समुदाय रोहंगिया मुसलमानो के गिरफ्त में हैं। आज आदिवासियो की जमीन हड़पी जा रही मुसलमानो से सराकर चुप बैठी है। आदिवासियो का पंचायत से उनका अधिकार छीना जा रहा। आज कई पंचायतों में रोहंगिया मुसलमान जनप्रतिनिधि बन कर उनका हक छीना। बंगाल की ममता बनर्जी के नक्शे कदम पर हेमंत सोरेन की सरकार चल रही है। वोट बैंक की राजनीति में आदिवासियो का हक अधिकार छीना जा रहा। भविष्य में आदिवासी समुदाय खतरे में होगी। रोहंगिया मुसलमानो द्वारा आदिवासियो पर अत्याचार किया जा रहा। बोकारो जिला के सभी चारो विधानसभा क्षेत्र से 10000 हजार से अधिक युवा 23 अगस्त के कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिसके लिए बूथ स्तर तक तैयारी की जा रही। मंडल स्तर पर भाजपा व युवा मोर्चा द्वारा बैठक की जा रही।युवाओं का आक्रोश वर्तमान हेमंत सोरेन के खिलाफ उठाने को मजबूर है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवाओं के समर्थन में 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घैराव करेगी। जिसमें 1 लाख से अधिक युवा पहुंच कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने किया पौधरोपण

धनबाद : श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छठ तालाब, ठाकुर कुल्ही, धैया ने मंगलवार को ठाकुर कुल्ही दुर्गा मंदिर प्रांगण क्षेत्र में पौधा रोपण का आयोजन किया इसमें पूजा समिति के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए । अध्यक्ष मदन मोहन सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि हर महत्वपूर्ण अवसर पर पौधे अवश्य लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रयत्नशील रहे । जिस तरह वायु प्रदूषण की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है उसे नियंत्रित करने के लिए हमारे आसपास वृक्षों का होना अत्यंत आवश्यक है । मौके पर उपस्थित विमल कुमार, प्रद्युत कुमार राय, मनीष मिश्रा, प्रवीर कुमार दास, आयुष कुमार, भगतु रजक एवं मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल मौजूद थे।

बोकारो में रात 9:55 तथा 7:35 बजे ठहरेगी टाटानागर-जयनगर एक्सप्रेस

बोकारो : 16 अगस्त शुक्रवार से टाटानगर से जयनगर के लिए विक्ली एक्सप्रेस ट्रेन (18119/18120) का परिचालन शुभारंभ धूमधाम से किया गया. आद्रा मंडल के चांडिल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन सं-18119 (टाटानागर-जयनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस) को हरी झंडी दिखाने के लिए बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री एवं सासंद/रांची संजय सेठ मौजूद थे. मंत्री जी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को जयनगर के लिए रवाना किया था. इस ट्रेन का सिड्यूल प्रत्येक शुक्रवार को टाटानागर से शाम 18:50 बजे तथा प्रत्येक शनिवार को जयनगर से 11:30 बजे तय हैं. लेकिन बोकारो जैसे स्टेशन पर इस ट्रेन के ठहराव के लिए समय-सारणी में कोई स्थान अंकित नहीं किया गया था. इस मुद्दे को न्यूज 11 भारत ने प्रमुखता से उठाया था. इसके बाद रेलवे महकमा ने इस मिस्टेक की सूध ली. अब ठहराव 9:55 तथा 7:35 बजे ठहराव की मिली अनुमति- दक्षिण पूर्व रेलवे ने टाटानगर-जयनगर-टाटानगर विक्ली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव बोकारो में करने की समय-सारणी जारी कर दी है. यह ट्रेन टाटानगर से जयनगर जाने के क्रम में रात 9:55 बजे तथा जयनगर से लौटते समय 7:35 बजे बोकारो रेलवे स्टेशन पर 5 मिनट के लिए रुकेगी। टाटानागर-जयनगर एक्सप्रेस का आगमन/प्रस्थान- 22 कोच के साथ परिचालित होने वाली यह ट्रेन टाटानगर रेलवे स्टेशन में शाम 18:50 बजे, चांडिल रेलवे स्टेशन पर क्रमशः 19:45 बजे, मुरी स्टेशन पर 20:50 बजे, कोटशीला स्टेशन पर 21:23 बजे, बोकारो रेलवे स्टेशन 21:55 बजे, राजाबेड़ा हॉल्ट पर 23:18 बजे, धनबाद स्टेशन पर रात 12:40 बजे, प्रधानखुंटा स्टेशन पर 1:08 बजे, मधुपुर स्टेशन पर रात 2:42 बजे, जसीडीह स्टेशन पर 3:12 बजे, झाझा स्टेशन पर अल सुबह 4:35 बजे, कियूल स्टेशन पर 5:27 बजे, बरौनी स्टेशन पर 6:50 बजे, समस्तीपुर स्टेशन पर 8:25 बजे, दरभंगा स्टेशन पर 9:45 बजे, मधुबनी स्टेशन पर 10:10 बजे तथा जयनगर रेलवे स्टेशन पर 11:30 बजे पहुंचेगी। रिटर्निंग के समय ट्रेन संख्या 18120 शाम 19:30 बजे जयनगर से खुलकर, उन सभी स्टेशनों से गुजरते हुए रात करीब 9 बजे दरभंगा, साढ़े दस बजे समस्तीपुर, करीब एक बजे रात को कियूल स्टेशन, करीब ढ़ाई बजे झाझा, 3 बजे जसीडीह, करीब साढ़े तीन बजे मधुपुर, सुबह करीब 6 बजे धनबाद, 7:18 बजे राजाबेड़ा हॉल्ट, 7:35 बजे बोकारो, 8 बजे कोटशीला, साढ़े 8 बजे मुरी होकर साढ़े 11 बजे टाटानगर पहुंचायेगी।

राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता चंदन यादव का विधायक ने अंगवस्त्र देकर किया स्वागत

बोकारो : अंडर-23 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता चंदन यादव का बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने किया स्वागत करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति को स्वस्थ रखने का माध्यम तो है ही केंद्र सरकार की खेल और खिलाड़ियों के हित मे बनाई गई नीति से यह भविष्य संवारने का भी सशक्त माध्यम बन गया है। हमारे खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। हमारा प्रयास है कि बोकारो के खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान कर खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए इसी उद्देश्य से बोकारो में एक स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स बनाने का प्रयास कर रहा हुं ज्ञात हो कि दिनाँक 16 से 18 अगस्त 2024 तक रोहतक, हरियाणा में आयोजित अंडर-23 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में बोकारो (झारखंड) के खिलाड़ी चंदन यादव ने 74केजी फ्रीस्टाइल में बोकारो(झारखंड) को रजत पदक दिलाया। उक्त अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय, भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष बिनोद कुमार, संतोष बरनवाल, माथुर मंडल, महेंद्र राय, मंजीत सिंह, ललन शर्मा, तुषार आदि ने स्वागत किया।

एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल में कहानी कथन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बोकारो : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में मंगलवार को कहानी कथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कहा कि कहानी सुनाने से देश-दुनिया की परंपरा का अनुभव करने का मौका मिलता है। कहानियों के माध्यम से बच्चे जीवन व स्वयं के बारे में सीख पाते हैं। कहानी का संचालन पात्रों के जरिए होता है। पात्रों के गुण-दोष को उनका चरित्र चित्रण कहा जाता है। चरित्र चित्रण से विभिन्न चरित्र में स्वाभाविकता उत्पन्न की जाती है। इसके जरिए विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। कक्षा छह से बारहवीं के विद्यार्थियों ने कहानी कथन प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इन्होंने प्रेरक व मनोरंजक कहानियां सुनाईं। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर ग्रुप ए में श्रेया पहले, रौशनी कटोरिया दूसरे व वंदिता श्रेया तीसरे स्थान पर रहीं। ग्रुप बी में अन्नय आनंद पहले, अनुष्का शर्मा दूसरे, प्रतिका मल्लिक तीसरे, ग्रुप सी में स्निग्धा पहले, जेनिल सांघवी दूसरे व अधर्व तीसरे स्थान पर रहे। मोके पर उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, सपना जोशी,कंचन सिंह, सुरभि बोरल आदि उपस्थित थे।

जन शिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

गुमला : गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में जिले के दूर दराज से लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान कोनाटोली अंर्तगत तेलगांव के ग्रामीणों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनके गांव में वर्ष 2023 में वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा पी.एफ. में अवस्थित कुसुम के वृक्षों का गणना करवाया गया था, एवं कुल 579 वृक्षों की सुरक्षा हेतु प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 7-7 वृक्ष आवंटित किए गए थे एवं वन प्रमंडल के द्वारा विधिवत प्रमाण पत्र भी ग्रामीणों को निर्गत कराया गया था। जिसके पश्चात ग्रामीणों ने अपने अपने वृक्ष की देखभाल की एवं उसपर लाह का फसल लगाया गया। लाह के कटाई के समय उक्त ग्राम के कुछ ग्रामीणों के द्वारा अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर फसल कटाई के लिए बाधा उत्पन्न किया जा रहा है, एवं गांव में एक तनाव का माहौल उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक वे जहां भी गए वहां कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सहायता की मांग की, उन्होंने अनिश्चित काल तक वन प्रमंडल कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करने की भी बात कही। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने इसपर जांच एवं आवश्यक कारवाई किए जाने हेतु ग्रामीणों को आश्वस्त किया, उन्होंने उक्त मामले की जांच हेतु संबंधित विभाग को पत्र अग्रसारित किया। गुमला जिले के 68 विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्र के बीएलओ ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की उन्होंने शिकायत की कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों की अब तक मानदेय राशि भुगतान नहीं की गई है, जिसपर उन्होंने उपायुक्त से सहायता की मांग की। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदन पत्र को नगर परिषद के प्रशासक को अग्रसारित किया एवं अविलंब मानदेय राशि के भुगतान करने हेतु निर्देश दिए। भरनो स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय के छात्रों ने उपायुक्त से मुलाकात की उन्होंने उक्त पुस्तकालय में नए समिति के गठन करने की मांग कि, उन्होंने शिकायत की है कि वर्तमान समिति सक्रिय नहीं है जिस कारण से सभी छात्र असंतोष है। उपायुक्त ने इस पर बीडीओ भरनो को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बसिया के टेगरा ग्राम के रहने वाले अमित बाड़ा ने बताया कि उनके माता पिता बचपन में ही गुजर गए हैं एवं वह पूर्ण रूप से असहाय है, अमित ने कहा कि वे आगे पढ़ाई करना चाहते हैं, एवं उपायुक्त से सहायता की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने जिला कल्याण विभाग को आवेदन अग्रसारित किया एवं अमित बड़ा को प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना का अविलंब लाभ देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त कई आवेदकों ने उपायुक्त से मुलाकात की, इस दौरान अबुआ आवास योजना, कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन, राशन, पेंशन, आपसी तनाव,जमीन विवाद जैसे कई मामले देखने को मिले। प्रत्येक आवेदकों से उपायुक्त ने एक एक कर मुलाकात की, संबंधित मामलों पर सहायता एवं आवश्यक कारवाई हेतु उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कांग्रेस जनों ने राजीव गांधी की जयंती पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

सिल्ली : सिल्ली 20 अगस्त को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी की जन्म जयंती के अवसर पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मेन रोड सिल्ली में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की तस्वीर पर कांग्रेसजनों द्वारा स्वर्गीय राजीव गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, रांची जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष मनीराम दास इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

उपायुक्त का कार्यालय,कोडरमा
समाज कल्याण शाखा
(बाल संरक्षण)

सूचना

निदेशानुसार आवेदकों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–16.08.2024 को स्क्रूटनी समिति की आयोजित बैठक के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड, कोडरमा के अन्तर्गत DCPS-05, DCPS-06, CWC-01, JJB-01, DCPS-09 के विभिन्न पदों का स्क्रूटनी कर, दावा–आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवेदकों/अभ्यर्थियों की सूची जिला के वेबसाईट koderma.nic.in पर अपलोड की गई है। आवेदक/अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति निबंधित डाक/हाथों–हाथ कार्यालय (पता–जिला समाज कल्याण कार्यालय समाहरणालय, कोडरमा, पिन कोड–825410)/ईमेल–dcpskoderma@ gmail.com के माध्यम से दिनांक–24.08.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा को संबोधित करते हुए समर्पित कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिला के वेबसाईट koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 333222 Social Welfare,Women and Child Development (24-25)D

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
कार्यालय- सहायक निबन्धक, सहयोग समितियाँ, खूँटी अंचल, खूँटी

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत किसानों की बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल 2024 हेतु फसल बीमा करायी जा रही है। फसल बीमा के लिए आवेदक किसानों को बैंक खाते के सत्यापन हेतु token राशि के रुप में किसानों को सिर्फ 01 (एक) रुपया देना होगा। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को फायदा होगा एवं ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसका लाभ लेना चाहिए। यह योजना चालू है, इसके लिए किसान प्रज्ञा केन्द्र (CSC), Post Office एवं इस योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in पर ऑनलाईन स्वतः आवेदन farmer login के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.08.2024 तक है। झारखण्ड सरकार ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए किसानों का पंजीकरण शुरु किया है, पंजीकरण में आधार कार्ड, पासबुक की छायाप्रति, भूमि स्वामित्व संबंधी प्रपत्र, बटाई प्रमाण पत्र (बटाई कृषक होने पर) फसल बुआई का स्वसत्यापित प्रमाण पत्र एवं मोबाईल नम्बर वांछित है।

विशेष जानकारी के लिए खूँटी जिला के संबंधित प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, श्री नीरज कुमार, प्रबंधक, बजाज एलियांज इंश्योरेंस कम्पनी, GIC Ltd, Mobile No-7355298406, श्री प्रभात कुमार, प्रबंधक, CSC Kendra, खूँटी, Mobile No- 8294549648, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, खूँटी, Mobile No- 9668665132 एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, राँची, Mobile No- 9934150205 से सम्पर्क किया जा सकता है।

सहायक निबन्धक
सहयोग समितियाँ
खूँटी अंचल, खूँटी

PR 333208 District (24-25)_D

जेबीकेएसएस के प्रखंड अध्यक्ष बने सुधांशु कुमार और सचिव बने जीतवाहन कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

अनगड़ा : झारखंडी भाषा खातीयान संघर्ष समिति के केंद्रीय आदेश अनुसार प्रखंड कमिटी का विस्तार किया जा रहा है। इसी के तहत अंगड़ा प्रखंड का रांची जिला अध्यक्ष आलोक उरांव के अध्याचता में चुनाव किया गया। कमिटी के सर्व सहमति से झारखंडी भाषा खाती यान संघर्ष समिति का सचिव जीतवाहन कुमार, उपाध्यक्ष बसंत चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश कुमार सिंह, सह सचिव लोकेश महतो पूर्वज कुमार महतो, उपाध्याच किटी भूषण महतो, संगठन सचिव दीपक महतो कोषाध्यक्ष, कृष्णा सह कोषाधयच नरेश बेदिया, एस टी मोर्चा अध्यक्ष मोहन बड़ाईक एस टी मोर्चा उपाध्याच सभी नवनियुत पदाधिकारियों को रांची जिला उपाध्यक्ष सूरज नारायण महतो संगठन सचिव फलिंदार करमाली केंद्रीय उपाध्याच जलेस्वर महतो जिला उपाध्यक्ष हेमंत महतो सुमित महतो आदि लोगो ने बधाई दिया।

खिजरी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी आजसू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

अनगड़ा : नामकोम प्रखण्ड के हाहाप पंचायत अन्तर्गत सपारोम ग्राम में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारी महेन्द्र स्वांसी के अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव थे। मौके पर उरांव ने कहा आजसू पार्टी अपना संगठन विस्तार पर विश्वास रखती है इसके लिए ग्राम और टोला स्तर पर संगठन विस्तार कर चुकी है हमारी तैयारी विधानसभा चुनाव को लेकर है अगर झारखण्ड की जनता आजसू पार्टी को सरकार में लाती है तो निश्चित रूप से इस राज्य में विकास की गंगा बहेगी और झारखंड का कायाकल्प होगा। आगे उरांव ने ये भी कहा कि 25 अगस्त को 02 बजे से वाईबीएन यूनिवर्सिटी सभागार राजाउलातु में नामकोम प्रखण्ड स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों की बैठक होना निश्चित हुई है। जिसमें आजसू पार्टी की आगें की भावी कार्यक्रम तय किया जाएगा। मौके पर केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, सोनू उरांव, आदी दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-01/2024-25(2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्रम संख्या	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	लोहरदगा जिला के पेशरार प्रखण्ड में ग्राम हतवल से पहाड़डाडु को जाने वाले पथ में कोइला खांड़ नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण।	2,83,34,800.00	5,66,700.00	10,000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.08.2024 से दिनांक 31.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.09.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 333189 Lohardaga(24-25)#D

23 अगस्त को रांची में युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

मुरी : सिल्ली दुर्गेश लाज में नवनिर्वाचित सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ता की बैठक संपन्न हुई जिसका संचालन हरिहर महतो ने किया। जिसमे में सभी मोर्चों पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, जिला कमेटी के सदस्य पहुंचे। मंच पर रांची जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, जितेन्द्र पटेल, नितीश कुमार महतो, दिनेश चौधरी, राजेन्द्र प्रजापति, बलराम बेदिया, रायचरण बेदिया उपस्थित थे। उपाध्यक्ष मनोज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में नये मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक के बनने के बाद पहला बैठक में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके परिवार के बीच अम्बुज रजक है सिल्ली में इतनी संख्या में उपस्थित देख कर खुश हुं। 15 पंचायत में प्रन्दरह बस आने को लेकर 23 अगस्त को रांची में युवा आक्रोश रैली के लिए आने का आह्वान करते हुए राज्य सरकार को उखाड़ फेंकना के लिए हुंकार भरी। इतिहास बनाना है सिल्ली ही दिल्ली के शासन तय करता है। हर व्यक्ति को मां बहन की रक्षा के लिए एक कदम बढ़ाना होगा। हिंदुत्व की संगठन को मजबूत करना होगा भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो कर सकता है। मोदी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री हैं। भारत माता की जयकारा लगाया गया। जितेन्द्र पटेल ने कार्यकर्तओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ा खुशी हो रही है नये मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक को आशीर्वाद देता हूं, आशा है कि 23 बुथ पर जोर दार काम करना है। युवा आक्रोश रैली हमारा सामने चैलेंज है। इससे पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माला पहनाया गया। जिसमें काफी संख्या में नये लोग जुटे। नये मंडल अध्यक्ष के रूप में अम्बुज रजक ने कहा कि हम पुरी ताकत से पार्टी के लिए काम करेंगे। मंडल बनने के बाद से पहला बैठक रखी गई है। पार्टी के साथ लोगों का काम होना चाहिए। हेमंत सरकार पांच साल सपना दिखाया।एक सरकार रहने से लाभ ठीक ढंग से मिलेगा। इसलिए राज्य में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। स्नेह लता कुमरी ने कही कि पांच साल हेमंत सोरेन ठगने का काम किया है बहुत ही गंदा काम किया है। एक हजार में हेमंत सोरेन सभी बहनें को ठगने का काम किया है। राखी तक पैसा भेजेंगे, चुपचाप रह गए। धन्यवाद ज्ञापन दिनेश चौधरी ने की। मौके पर डोली देवी,मंजु देवी,अमिता देवी, गुना दोहरा,बाबुलाल लोहरा, शिबू हजाम,राजेन हजाम, कृष्णा रविदास,गुही राम भोक्ता, केवल करमाली समेत सैकड़ों लोग जुटे।

अमृता इंटरनेशनल विद्यालय के छात्राओं ने थाना प्रभारी को बांधी राखी

सिल्ली : सिल्ली थाना अंतर्गत अमृता इंटरनेशनल विद्यालय के छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के द्वारा मंगलवार के दिन लगभग 2 बजे सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार को मस्तक में तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधी।मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि रक्षाबंधन में रक्षा सूत्र का सबसे अधिक महत्व है। रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्तों का प्रसिद्ध त्यौहार है। रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य होता है। कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी द्वारा बच्चों को उपहार दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य बृज किशोर श्रीनाथ सिन्हा, शिक्षिका अनीता चौधरी, किरण महतो, श्वेता कुमारी, बरनाली चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला–835207

आम सूचना

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या राज्यादेश सं0– 43 दिनांक– 24.07.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि गुमला जिला में निम्नांकित रूप से राज्य उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत उपयोजना मधुमक्खी पालन की योजना का कार्यान्वयन किया जाना है, जिसके लिए योजनानुसार अवयववार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुशंसित कराकर दिनांक 30.08.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला में जमा कर सकते हैं।

मधुमक्खी पालन की योजना का भौतिक लक्ष्य (संख्या)

क्र.सं.	कार्य अवयव	भौतिक लक्ष्य
1	Honey bee Colony per Farmers 20 units @ Rs 1600/unit	26
2	Hives per Farmers 20 units @ Rs 1600/unit	26
3	Equipment including honey extractor (4 frame), food grade container (30 Kg), net etc. per Farmer 1 unit @ Rs.16000/unit	26
4	District level training @ Rs. 1000/farmer/day for 5 days	26

1- SC/ST, लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह को नियमानुसार चयन किया जायेगा।
2. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक 30.08.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि के द्वारा अनुशंसित होना आवश्यक है।
4. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
5. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
6. उपरोक्त योजना उद्यान निदेशालय, झारखण्ड से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में है।
7. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/उद्यान मित्र/कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
गुमला

PR 333185 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25*D

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राजीव गांधी की जयंती सह सद्भावना दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरिया(गिरिडीह) : स्टेशन रोड सरिया स्थित जैन धर्मशाला में कांग्रेस कार्यकर्ता हनी मंगलवार को भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अभिनंदन प्रताप सिंह ने किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर बारी-बारी से माल्यार्पण किया। इस जयंती समारोह में कांग्रेस नेता दीपक माहेश्वरी ने कहा कि राजीव गांधी का आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिस कारण उन्हें भारत रत्न से नवाजा गया था। अपने प्रधानमंत्री तो कल में पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधकर चलने का काम किए थे। वही पार्टी के जिला महासचिव अशोक मंडल ने कहा कि भारत में डिजिटल इंडिया की न्यू तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने रखी थी। जिसका सुपरिणाम आज पूरे देश में देखने को मिल रहा है। घंटे का काम मिनट में संपन्न हो रहा है देश तरक्की की ओर है। मौके पर सत्यनारायण मंडल, विकास जैन, सहदेव राम, कमरुद्दीन अंसारी, गोपाल यादव, सद्दिक अंसारी, महेंद्र रविदास, सचिन जैन, विकास जैन इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने स्टेट लेवल खेलो इंडिया में लिया भाग

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिल्ली की छात्राओं ने स्टेट लेवल खेलो इंडिया वुशु चैंपियन में 20 छात्राओं ने भाग लिया था जिसमें जोनल लेवल में खेलने हेतु 15 छात्राओं का चयन हुआ है। बताते चले कि खेलो इंडिया जोनल वूमेन वुशु लीग का आयोजन आगामी 24 अगस्त से 27 अगस्त तक गाडविन पब्लिक स्कूल मेरठ में आयोजित किया जाएगा।

कार्यालय:-जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार
बालिका उच्च विद्यालय परिसर लातेहार
ई मेल deolatehar1@gmail.com /rmsaltr@gmail.com

आम सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति संख्या 695 दिनांक 08.08.2024 के माध्यम से जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के द्वारा जिला अन्तर्गत नगर पंचायत लातेहार में छात्र/ छात्राओं हेतु प्रतियोगी परीक्षा एवं बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग सेन्टर की व्यवस्था कराने के लिए दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से इच्छा की अभिव्यक्ति R.F.P/ निविदा के माध्यम से एजेंसी का चयन करने हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। जिसमें निविदा खोलने कि तिथि 20.07.2024 को 11:00 बजे निर्धारित किया गया था, को अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए पुनः दिनांक 24.07.2024 को 11:00 बजे निर्धारित किया गया है। जिसका P.R No : 332334 Date-10.08.2024 है।

पत्रांक– 724
दिनांक– 20.08.2024
जिला शिक्षा पदाधिकारी
PR 333165 Human Resource Developement (24-25)_D लातेहार

–: कार्यालय :–
प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

–: आवश्यक सूचना :–

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 04.09.2024 को निर्धारित की जाती है :–

क्र0 स0	अधिहरण वाद संख्या	वाद प्रारम्भ की तिथि	अभियुक्त का नाम	वाहन का प्रकार/वाहन संख्या	जप्त वन पदार्थ
1	07/2022	11.03.2022	करमा उरांव हरिलाल उरांव जिबलाल साव	JCB Reg. No. JH-02AL-3491 Engine No HOO110684	–
2	03/2023	31.01.2023	बैजू यादव, बादल यादव एवं जलेश्वर यादव	Reg No JH-19A-5857	साल बल्ली–32 पीस
3	16/2023	03.05.2023	अमीर	Motercycle Reg No. HR-27N-4276	कोयला लगभग 3 टन
4	19/2023	10.05.2023	मुकेश कुमार धनेन्द्र साव उपेन्द्र कुमार	Pickup Van Reg No. JH-01P-1314	कोयला लगभग 100 सी0एफ0टी0
5	25/2023	02.06.2023	अरविन्द प्रसाद अनिल कुमार तुरी मनीष उरांव	Motercycle Reg No. JH-03K-5301 JH-19D-5906 JH-19B-2933	कोयला 750 के0जी0
6	33/2023	14.07.2023	आरिफ अंसारी	Motercycle Reg No. JH-03A-9347	कोयला लगभग 0.20 टन
7	37/2023	30.10.2023	लक्ष्मण यादव नारायण भोक्ता	Tractor Reg. No JH-19A-4416	बालू 80 सी0एफ0टी0
8	02/2024	22.02.2024	गुमानी भुईया, बलराम उरांव, रामकेस यादव एवं मनोज यादव	-	आसन फल्ली 05 पीस
9	06/2024	07.05.2024	राजदेव उरांव एवं साधु उरांव	-	साल बल्ली 16 पीस
10	07/2024	07.05.2024	शंकर भुईयां	-	साल चौकठ चिरान 26 पीस

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.09.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 333137 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)

सामयिकः निरंतरता की ओर भारत

अवधेश कुमार

प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस प्रधानमंत्री के लिए केवल अपने किए गए कार्यों के विवरण के प्रस्तुति का मंच नहीं बल्कि भविष्य के सपने और उसके पूरा करने का आत्मविश्वास दिलाने का सबसे बड़ा अवसर होता है। वास्तव में 78 में स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन से उन्होंने कुल मिलाकर भारत और भारत के बाहर भी लोगों को यह विश्वास दिलाया कि भारत समग्र रूप में विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है और इसे निर्धारित समय पर प्राप्त करके रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी 11 स्वतंत्रता दिवस संबोधनों को देखें तो आपको उसमें देश को लेकर किसी स्तर पर निराशा या नकारात्मकता की झलक नहीं दिखाई देगी। लाल किला से उन्होंने हमेशा यह ध्यान रखा कि स्वतंत्रता दिवस का संबोधन लोगों के अंदर देश के लिए जिम्मेदारीपूर्वक काम करने और हर परिस्थिति में साहस व संकल्प बनाए रखने की प्रेरणा दें। 15 अगस्त , 2024 के लाल किले के संबोधन पर ही दृष्टि दौड़ाएं तो कहीं भी ऐसा नहीं लगेगा कि प्रधानमंत्री मोदी पर भाजपा के बहुमत से पीछे रह जाने और गठबंधन सरकार की विवशताओं का रंच मात्रा भी प्रभाव है। पूरा भाषण देश को यह विश्वास दिलाने पर केंद्रित रहा कि सरकार भारत को हर दृष्टि से विकसित राष्ट्रों की कतार में खड़ा करने के लिए कमर कसकर काम कर रही है और आम लोगों का भी सहयोग प्राप्त है जिसे और सशक्त करने की जरूरत है। मोदी के आलोचकों की दृष्टि में उनके भाषणों में सपनों और कल्पनाओं का ऐसा भावुक शब्द चित्रण होता है जिसमें लोग मोहित हो जाते हैं। सच यह है कि उसी के आधार पर देश को किसी काम के लिए या स्वयं व्यक्तिगत जीवन में भी सफल होने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस प्रधानमंत्री के लिए केवल अपने किए गए कार्यों के विवरण के प्रस्तुति का मंच नहीं बल्कि भविष्य के सपने और उसके पूरा करने का आत्मविश्वास दिलाने का सबसे बड़ा अवसर होता है। वास्तव में 78 में स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन से उन्होंने कुल मिलाकर भारत और भारत के बाहर भी लोगों को यह विश्वास दिलाया कि भारत समग्र रूप में विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है और इसे निर्धारित समय पर प्राप्त करके रहेगा। वर्तमान वैश्विक ढांचे में विकसित राष्ट्र की परिभाषा क्या है? अर्थव्यवस्था के वैश्विक मानकों पर खरा उतरना, शिक्षा के क्षेत्र में मूलतः सामान्य, तकनीकी एवं प्रोफेशनल संस्थाओं और उनके प्रदर्शनों को विश्व मानकों के अनुरूप लाना, रक्षा क्षेत्र में न केवल ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर होना बल्कि विश्व बाजार में सामग्रियों के विक्रय की प्रतिस्पर्धा में टिकना, आम लोगों का जीवन स्तर का निर्धारित मानक प्राप्त करना आदि आदि। प्रधानमंत्री के संबोधन का बहुत बड़ा भाग इसी पर केंद्रित था कि कैसे हमने अर्थव्यवस्था को विश्व मानकों के अनुरूप प्रगति के पथ पर लाया है और भारत की गिनती दुनिया की 5 बड़ी

अर्थव्यवस्थाओं में हो रही है जो शीघ्र तीसरे स्थान पर पहुंच जाने वाली है। उन्होंने विश्व भर के निवेशकों को विश्वास दिलाया कि हमने निवेश एवं कारोबार की दृष्टि से आर्थिक, कानूनी, वित्तीय, व्यावसायिक आदि क्षेत्र में सुधार से ऐसे ढांचा निर्मित कर दिए हैं जिसमें आपके लिए परेशानी और जोखिम के लिए जगह न के बराबर है। आगे भी करते रहेंगे। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में उन्होंने स्पष्ट या संकेतों के द्वारा बताया कि कोई भी देश अपनी सभ्यता-संस्कृति और पहचान के साथ विकसित बनेगा तभी वह लंबे समय टिकेगा। इसमें शिक्षा व्यवस्था सबसे महत्तवपूर्ण है। मातृभाषा में शिक्षा मोदी सरकार की शिक्षा नीति में का महत्तवपूर्ण स्तंभ है। केवल सामान्य शिक्षा ही नहीं इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रबंधन, सूचना तकनीक आदि के लिए भी इसमें स्थानीय भाषाओं में शिक्षा का लक्ष्य है। जो प्रतिभाएं अंग्रेजी न जानने के कारण कुम्हला कर नष्ट हो जाती हैं उनके पूरी संभावनाओं के साथ खिलने का इसमें अवसर है। इसकी उन्होंने पूरी चर्चा की। ध्यान रखिए हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का एक बड़ा सपना मातृभाषा के आधार पर शिक्षा एवं भारत का निर्माण था। हालांकि कांग्रेस का मुख्य नेतृत्व कुछ प्रमुख अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोगों के हाथों में होने के कारण स्वतंत्रता के बाद यह साकार नहीं हो सका, लेकिन मोदी सरकार नई शिक्षा नीति के साथ धीरे-धीरे पूरे ढांचे में बदलाव की कोशिश कर रही है। जिन लोगों ने शिक्षा नीति पर काम किया है या उसे साकार करने की कोशिशें देख रहे हैं उन्हें विश्वास है कि यद्यपि इस ढांचे में जबरदस्त बाधाएं हैं, लेकिन सफलता मिलेगी। किसी भी समाज और राष्ट्र के संपन्न होने में उसका कानूनी ढांचा और न्याय प्रणाली की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। कानून आपके अनुरूप, आपके समझने लायक और न्याय प्रणाली कम खर्चीली तथा वास्तविक न्याय दिलाने वाली हो तो वह देश कुंठाओं से ऊपर अपनी कानूनी और न्यायिक समस्याओं का समाधान करते हुए आगे बढ़ता रहता है। प्रधानमंत्री ने इसी संदर्भ में 1400 कानूनों को खत्म करने तथा नई न्याय संहिता की चर्चा की। वैसे अभी इसका असर देखा जाना शेष है। एक बार बदलाव का क्रम बढ़ता है तो सुधार की संभावनाएं पैदा होने लगती है।

भारत जैसे देश में लोगों के लिए समान नागरिक कानून नहीं हो तो न संपूर्ण प्रगतिशील समाज का निर्माण होगा और न एक बहुत बड़ा वर्ग विकास की गाथा में अपनी भूमिका निभा सकेगा। सामान्यता समान नागरिक संहिता या कॉमन सिविल कोर्ड को भाजपा या आरएसएस के एजेंडि के रूप में देखा जाता है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने भी पंथ, मजहब, नस्ल से ऊपर उठकर सबके लिए समान समान नागरिक संहिता का लक्ष्य घोषित किया था। वोट की राजनीति या मुस्लिम समुदाय को लेकर आत्मघाती विचारधारा के कारण यह लक्ष्य साकार नहीं हो सका। इसके बगैर आप विश्व में सम्मानित विकसित और भारत को भारत के रूप में प्रभावी देश नहीं बना सकते। इसलिए प्रधानमंत्री ने अब सांप्रदायिक नागरिक कानून से बाहर निकाल कर सेक्यूलर नागरिक कानून की बात की है। जो सबके लिए समान कानून होगा वही सेक्यूलर होगा।

ऐसा नहीं है तो वास्तव में सांप्रदायिक कानून ही है। स्वतंत्रता दिवस संबोधन में इसके उल्लेख और व्याख्या का मतलब है कि प्रधानमंत्री ने देश को स्पष्ट कर दिया है कि हम सब मिलकर इसका मन बनाएं और देश उसकी ओर बढ़े, क्योंकि संपूर्ण समाज की प्रगति और भारत की सुख, शांति समृद्धि के साथ खड़ा होने के रास्ते की बहुत बड़ी बाधा है। यही भारतीय दृष्टि हमारे कृषि क्षेत्र के संदर्भ में भी है। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर जोर दिया। इस तरह देखें तो निष्कर्ष आएगा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन से दिखाए गए सपने और संभावनाएं अगर साकार रूप लेंगे तो भारत आने वाले सैकड़ों वषाड्ड तक सुखी, शांत और समृद्ध राष्ट्र के रूप में विश्व का दिशाझ्रदर्शन करता रहेगा।

संपादकीय

समयानुकूल हस्तक्षेप

देश की सर्वोच्च अदालत ने कोलकाता के आरजी कर मेड़िकल कॉलेज व अस्पताल में हुए कथित बलात्कार व हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। देश के मुख्य न्यायाधीश ड़ीवाई चंद्रचूड़.की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। इस दुखद घटना को लेकर देश भर में आक्रोश है। निजी व सरकारी चिकित्सकों के देशव्यापी हड़ताल व प्रदर्शनों को लेकर स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सुरक्षा उपाय सुझाने के लिए समिति गठित करने का वादा किया गया। दोषियों की कड़ी से कड़ी सजा देने की चौतरफा मांग की जा रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा भी मामले को फास्ट ट्रैक अदालत में ले जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दोषियों को फांसी दिये जाने की भी बात की। स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान न होने व अपर्याप्त आश्वासनों के चलते नाराज चिकित्सकों ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नये आदेश जारी किए गए। जिनके अनुसार, सभी राज्यों को कानून व्यवस्था की जानकारी गृह मंत्रालय को हर दो घंटे में देनी होगी। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप इस मामले में लोगों के बढ़ते आक्रोश व मृतका को न्याय दिलाये जाने की पहल है। यदि यह गैंगरेप है तो सभी दोषियों को कठघरे में लाना तथा दोषियों को बचाने वालों का खुलासा होना भी जरूरी है। खबरों के अनुसार अब आशंका व्यक्त की जा रही है कि इस हत्या के पीछे मानव अंगों की तस्करी व सेक्स रैकेट भी हो सकता है। जिस तरह सबूतों से छेड़छाड़.की गई, वह भी संदिहास्पद है। दूसरे बनर्जी द्वारा सीबीआई जांच से पूर्व स्थानीय पुलिस को पांच दिन का वक्त देना भी संदेह से परे नहीं है। यह घटना दिल्ली में हुए निर्भया कांड़ से भी भीषण प्रतीत हो रही है। दोषियों की मंशा और बलात्कारियों-हत्यारों की पहचान बेहद जरूरी है। इन्हें बचाने का प्रयास करने वालों का पदार्फाश तभी मुमकिन है, जबकि निष्पक्ष जांच संभव हो। सबसे बड़ी अदालत का जनहित के मामलात में हस्तक्षेप गंभीर अपराधों पर होने वाली राजनीति पर लगाम लगाने के लिए जरूरी है। साधारण दर्जी पिता की होनहार बेटी के साथ हुई दरिंदगी का असर देश के उन तमाम पालकों पर पड़.रहा है, जो बच्चियों को पढ़ाने और काबिल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। बेटी को सिर्फ पढ़ाना ही काफी नहीं है, हमें उन्हें सुरक्षा भी देना है, जिसमें हम बुरी तरह असफल हैं।

चिंतन-मनन

नर या नारायण कौन थे राम

श्रीराम पूर्णतः ईश्वर हैं। भगवान हैं। साथ ही पूर्ण मानव भी हैं। उनके लीला चरित्र में जहां एक ओर ईश्वरत्व का वैचित्रमय लीला विन्यास है, वहीं दूसरी ओर मानवता का प्रकाश भी है। विश्वव्यापिनी विशाल यशकीर्ति के साथ सम्यक निरभिमानिता है। वज्रवत न्याय कठोरता के साथ पुष्पवत प्रेमकोमलता है। अनंत कर्ममय जीवन के साथ संपूर्ण वैराग्य और उपरति है। समस्त निषमताओं के साथ नित्य सहज समता है। अनंत वीरता के साथ मनमोहक नित्य सौंदर्य है। इस प्रकार असंख्य परस्पर विरोधी गुणों और भावों का समन्वय है। भगवान श्री राम की लीला चरित्रों का श्रद्धा भक्ति के साथ चिंतन, अध्ययन व विचार करने पर साधारण नर नारी भी सर्वगुण समन्वित एवं सर्वगुण रहित अखिल विश्व व्यापी, सवार्तीत, सर्वमय श्रीराम को अपने निकटस्थ अनुभव कर सकते हैं। श्री राम में नर और नारायण तथा मानव और ईश्वर की दूरी मिटाकर भगवान के नित्य परिपूर्ण स्वरूप का परिचय मिलता है। भगवान पुरुषोत्तम ने श्री राम के रूप में प्रकट होकर मानवीय रूप में सांसारिक लोगों के दिलो दिमाग पर नित्य प्रभुत्व की प्रतिष्ठा कर समस्त भारतीय संस्कृति को आध्यात्म भाव से ओतप्रोत कर दिया है। रामचरितमानस महाकवि तुलसीदास की अमर कृति है। यह एक ऐसा सर्वोपयोगी आदर्श प्रदर्शित करने वाला पवित्र धर्मग्रंथ है। जिसने मयार्दा पुरुषोतम भगवान श्रीराम को समस्त नर नारियों के हृदय में परम देवत्व रूप के साथ अत्यंत आत्मीय रूप में प्रतिष्ठात किया है। इसने शिक्षित अशिक्षित? आबाल वृद्ध शास्त्र पुरुष सभी प्रकार के जीवन को श्रीराम के प्रति भक्ति तथा प्रेम के दिव्य, मधुर सुधारस से अभिषिक्त कर अपना अद्भुत प्रभाव विस्तार किया है। श्रीरामचरितमानस के श्रीराम सर्वसद्गुण संपन्न मयार्दारक्षक परम आदर्श शिरोमणि होने के साथ ही स्वमहिमा में स्थित महामानव है। श्रीरामचरित मानस के श्रवण, मनन तथा चिंतन से अत्यंत विष्यासक्त, असदाचारी कठोर हृदय मानव भी पवित्र विचार परायण एवं सदाचारी होकर निर्मल प्रेम भक्ति की रसधारा में सराबोर होकर मुक्ति प्राप्त कर सकता है। इस ग्रंथ के सभी पात्र आदर्श चरित्र से परिपूर्ण हैं। इसमें गुरु शिष्य, माता पिता, भ्राता पुत्र स्वामी सेवक, प्रेम सेवा, क्षमा, वीरता, दान, त्याग, धर्मनीति आदि संपूर्ण आदर्शों के प्रत्यक्ष दर्शन होते हैं।

अब पहले जैसी नहीं होगी जम्मू-कश्मीर विधानसभा

कृष्णमोहन झा

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा की विधानसभाओं के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव तो पांच साल बाद ही हो रहे हैं लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों को दस साल बाद अपने राज्य की विधानसभा चुनने का अवसर मिल रहा है।जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावीकरण के बाद पहली बार वहां होने वाले इन विधानसभा चुनावों पर सारे देश की नजरें टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि इस अनुच्छेद को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को संसद में बिल पेश किया था जिसके माध्यम से सरकार ने जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया था । जाहिर सी बात है कि आसन्न चुनावों के बाद गठित होने वाली विधानसभा का स्वरूप दस वर्ष पूर्व निर्वाचित विधान सभा से काफी अलग होगा। यह भी यहां विशेष उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा का कार्यकाल अब पांच वर्षों का होगा जबकि इसके 2014 के चुनावों तक यह 6 वर्षों का हुआ करता था। चूंकि जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया है इसलिए वहां वहां राज्यपाल की जगह अब उपराज्यपाल होंगे । वर्तमान में मनोज सिंहा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल हैं।2014 में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 87 सीटों के लिए मतदान हुआ था जिनमें जम्मू की 37, कश्मीर घाटी की 46 और लद्दाख की 4 सीटें शामिल थीं।परिसीमन के बाद हो रहे जम्मू-कश्मीर विधानसभा के इन चुनावों में अब 90 सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान कराया जाएगा। इनमें जम्मू की 43 और कश्मीर की 47 सीटें शामिल हैं। लद्दाख अब जम्मू-कश्मीर का हिस्सा नहीं होगा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पहली बार उपराज्यपाल दो कश्मीरी प्रवासियों और एक पीओके से विस्थापित किसी व्यक्ति का मनोनयन करेंगे। कश्मीरी प्रवासी उसे 1 नवंबर 1989 के बाद राज्य के किसी भी हिस्से से पलायन करने वाले व्यक्ति को कश्मीरी प्रवासी माना जाएगा बशर्ते कि उसका नाम रिलीफ रजिस्टर में दर्ज हो। 90 सदस्यों वाली जम्मू-कश्मीर की न ई विधानसभा में अनुसूचित जाति के लिए 7 और अनुसूचित जनजाति के लिए 9 सीटें आरक्षित होंगी। पिछली विधानसभा की भांति जम्मू-कश्मीर की नयी विधानसभा में भी 24 सीटें पीओके के लिए रिजर्व रखी गई हैं जहां चुनाव नहीं कराए जा सकते।

परिसीमन के बाद जिस जम्मू-कश्मीर विधानसभा का स्वरूप बदल गया है उसी तरह जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक समीकरण भी बदल चुके हैं। 2014 में भाजपा ने जिस पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी उसकी मुखिया मेहमूदा मुफ्ती अब भाजपा की कट्टर विरोधी बन चुकी हैं। गौरतलब है कि 2014 में भाजपा और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)की संयुक्त सरकार में मुफ्ती मोहम्मद सईद को मुख्यमंत्री पद से नवाजा गया था । जनवरी 2016 में उनका निधन हो जाने के बाद जम्मू-कश्मीर चार महीने तक राष्ट्रपति शासन के आधीन रहा । तत्पश्चात मेहबूबा मुफ्ती ने भाजपा और पीडीपी की संयुक्त सरकार की मुख्यमंत्री की शपथ ली परंतु जून 2018 में भाजपा ने मेहबूबा मुफ्ती की सरकार से समर्थन वापस ले लिया और तब से वहां राष्ट्रपति शासन लागू है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल 30 सितंबर तक राज्य विधानसभा के चुनाव कराने के निर्देश दिए थे।

केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू कश्मीर की राजनीति में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अब काफी हद तक हाशिए पर जा चुकी है। राज्य में उसे अपना जनाधार सिमटने का अहसास भी हो चुका है। यही स्थिति नेशनल कांफ्रेंस की है हालांकि हाल के लोकसभा चुनावों में वह राज्य की 6 लोकसभा सीटों में से 2 सीट जीतने में कामयाब हो गई थी जबकि दो सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी और दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे। भाजपा ने जिन दो सीटों पर जीत हासिल की उन सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनावों में भी भाजपा के प्रत्याशी विजयी हुए थे। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने कश्मीर की दो सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े नहीं किए थे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के इन चुनावों में भाजपा अगर शानदार जीत हासिल करने में सफल होती है तो उसकी जीत राज्य में संविधान के अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावीकरण के उस फैसले पर भी मुहर होगी जिसके माध्यम से जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया गया था। इसमें कोई संदेह नहीं कि विपक्ष में बिखराव की स्थिति का लाभ भाजपा को मिलना तय है। राज्य में कुछ छोटी छोटी पार्टियां भी अस्तित्व में आ चुकी हैं जो भाजपा का समर्थन कर सकती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने भी कांग्रेस से अलग होने के बाद अपनी एक पार्टी बना ली थी जिसके कुछ नेता फिर से कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं। कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के इन चुनावों में अभी तक भाजपा, नेशनल कांफ्रेंस , कांग्रेस और पीडीपी की सक्रियता दिखाई दे रही है। अगले कुछ दिनों में नये राजनीतिक समीकरण बन गए तो आश्चर्य की बात नहीं होगी लेकिन अभी भाजपा सबसे आगे दिखाई दे रही है जिसने अकेले अपने दम पर चुनाव लडने की घोषणा कर दी है।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

बलात्कार की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक

मुस्ताअली बोहरा

ये कैसा विकसित भारत.....

ये कैसी विडम्बना है कि जहां एक तरफ लाल किले की प्राचीर से देश में न्यायिक सुधार, 2047 में विकसित भारत और महिलाओं के खिलाफ अपराध में सजा की बात की जा रही थी तो दूसरी तरफ देश की बेटियां न्याय की मांग करते हुए आंदोलन कर रहीं थी। जश्न-ए-आजादी के बीच महिलाओं का ये आंदोलन कई सवाल खड़े कर रहा है कि आखिर कब तक इसी तरह बलात्कार होते रहेंगे, कब तक ऐसे दरिंदे खुलेआम घूमते रहेंगे, कब तक महिला सुरक्षा को लेकर जबानी जमा खर्च होता रहेगा। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लेडी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी ने हर किसी झकझोर दिया है। इसको लेकर देश भर गुस्सा है। विपक्ष से लेकर सेलिब्रिटीज, राजनेता और आम आदमी हर किसी के जहन में यही सवाल है कि आखिर आजादी के इतने बरसों बाद भी महिलाएं सुरक्षित और आजाद क्यों नहीं हैं। कोलकाता के रेप-मर्डर मामले की जांच अब सीबीआई के हाथों में है। आपराधिक आंकड़ों पर गौर किया जाए तो पता चलता है कि देश में बलात्कार चैथा सबसे आम अपराध है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2019 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार देश भर में 32033 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए थे या ये भी कहा जा सकता है कि हर रोज औसतन 88 मामले दर्ज

हुए। इसके अलावा नाबालिगों के साथ उत्पीड़न और बलात्कार की घटनाएं भी सामने आतीं रहतीं हैं। ब्यूरो की इन आंकड़ों से जाहिर है बलात्कार की घटनाएं कम नहीं हुईं हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में भी बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक हैं।

खैर, कोलकाता की घटना के बाद एक फिर डॉक्टर आंदोलित हैं और हड़ताल पर चले गए हैं। इन डॉक्टरो को देश के अन्य राज्यों के डॉक्टरो का भी समर्थन मिल रहा है। कोलकाता में डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रहीं हैं। डॉक्टरो का कहना है कि उन्हें माकूल सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए। सभी अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। मृतक डॉक्टर के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और इस मामले में जल्द से जल्द न्याय हो। हड़ताली डॉक्टरों की एक प्रमुख मांग यह है कि हेल्थकेयर वर्कर्स की सुरक्षा के लिए देश में एक नया केंद्रीय कानून या सेंट्रल हेल्थकेयर प्रोटेक्शन एक्ट बनाया जाए। साथ ही इस घटना की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सख्त कदम उठाए जाने की बात कही है। देश भर के डॉक्टर कोलकाता के डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखा रहे हैं। डॉक्टरो की चिंता बेवजह नहीं है। हालांकि, जहां तक केंद्रीय कानून की मांग है तो पहले ये देखना होगा कि क्या बलात्कार की इस तरह की घटनाओं के पीछे कानून का कमजोर होना है या फिर किसी कड़े कानून की कमी इसकी वजह है। वैसे, ज्यादातर राज्यों में मेडिकेयर सर्विस पर्सन एंड मेडिकेयर सर्विस इंस्टिट्यूशंस (प्रिवेंशन ऑफ वॉयलेंस एंड डैमेज-लॉस टु प्रॉपर्टी) एक्ट पहले से ही लागू है। मगर इन राज्यों में भी इसके तहत दर्ज मामलों में दस फीसदी ही आरोप तय होने के बाद अदालत पहुंच सके। तो ये माना जा सकता है कि असल समस्या कानून की कमी नहीं बल्कि उस पर सख्ती से अमल है। बहरहाल, अस्पताल में लेडी डॉक्टर ही नहीं बल्कि पुरूष डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ और दिगर स्वास्थ्य कर्मी भी हमलों का शिकार होते रहते हैं। बात सिर्फ यहीं तक नहीं हैं अस्पतालों में मरीजों की सुरक्षा भी बड़ा मसला है। अस्पतालों में भर्ती महिला मरीजों भी यौन हमलों की खबरें आतीं रहतीं हैं। देश में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों को लेकर व्यापक जरूरी कदम उठाए जाने की जरूरत है। मंहगी शिक्षा और मंहगी दवाएं तथा अस्पतालों में इलाज और जांच के नाम पर होने वाला खर्च भी चर्चा का विषय है। कतिपय अस्पतालों में मेडिसिन और सर्जिकल आइटम की सप्लाई के गोरखधंधे, कमीशनखोरी, और इससे जुड़े रैकेट के सक्रिय होने की बात तो सब जानते हैं लेकिन कोलकाता के इस मामले में सेक्स रैकेट और ड्रग्स का एंगल भी सामने आया है। बहरहाल, सीबीआई जांच के बाद और भी चैकाने वाले खुलासे हो सकते हैं लेकिन इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। डॉक्टरो पर हमलों के साथ ही मरीजों पर भी वित्तीय हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाया जाना जरूरी है।

एक नजर

मांझी कोला से एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

साहिबगंज: सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में वर्ष 2022 में दर्ज हुए एक केस के आरोपी को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने आरोपी का मेडिकल जांच किया। वही इस मामले को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि मामले में मांझीकोला निवासी अनिल मुर्मू पिता जीतन मुर्मू पर पहले से सरकारी कार्य में बाधा डालनें केस दर्ज था जिसे गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

व्यक्ति को गोली मारकर किया घायल एक नामजद व तीन अन्य पर केस दर्ज

साहिबगंज: मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सकरीगली आश्रम टोला में सोमवार की देर रात गोलीबारी में एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। मिली जानकारी के अनुसार गोलीबारी में संजय सिंह उम्र 50 वर्ष घायल हो गए थे जहां उनके बाएं हाथ में गोली लगी थी। इधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। उधर इलाज के दौरान घायल संजय सिंह ने बताया कि वो अपने घर के पास कुर्सी पर बैठे हुए थे इसी बीच तीन से चार लोग ने अचानक वहां पहुंचकर उन पर गोली चला दी। जहां खुद को बचाने के क्रम में गोली उनके हाथ में जाकर लग गई। वही गोलीबारी की घटना के बाद सभी लोग मौके पर से फरार हो गए। इधर मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि गोलीबारी मामले में एक नामजद आरोपी नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार निवासी संदीप डोकानिया व अन्य अन्य लोगों पर कांड संख्या 70/24 दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

15 वर्षों से एक ही पंचायत सेवक कार्यरत, मजदूर संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

साहिबगंज: झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला उपाध्यक्ष निखिल प्रसाद यादव के नेतृत्व में तालझारी प्रखण्ड के करणपुरातो पंचायत में करीबन 15 वर्षों से पंचायत सेवक परमेश्वर किस्कू एक ही पंचायत में कार्य करने को लेकर साहिबगंज उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। निखिल प्रसाद यादव ने बताया कि कार्यालय आदेश का दिनांक 8.7.2024 को पंचायत स्थापना समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के विरुद्ध पंचायत सेवक परमेश्वर किस्कू करणपुरातो पंचायत में आज तक पदस्थापित है। यादव ने बताया कि पत्रांक 323/09.07.2024 द्वारा तालझारी प्रखण्ड से अन्य प्रखण्ड बरहरवा हो गया फिर भी इसी पंचायत में जमे है। जबकि एक वर्ष से अधिक एक पंचायत में रहने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने उपायुक्त से पंचायत सेवक को अन्य जगह तबादला करने की मांग की है। वहीं मौके पर संघ के कृष्ण मोहन यादव, मसीह चंद्र हेम्ब्रम सहित अन्य थे।

देश का सबसे बड़ा चोर गिरोह पकड़ा गया, एक ही समुदाय के हैं लोग, चोरी के बाद करते थे पूजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : झारखंड पुलिस ने देश के सबसे बड़े चोर गिरोह को पकड़ा है . यह गिरोह मध्य प्रदेश के गुना का है। यह गिरोह एक ही समुदाय से है और पारदी गिरोह के नाम से जाने जाते है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े 23 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सदस्यों में 11 महिलाएं हैं। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें एक सोना कारोबारी है जो चोरी के जेवरात खरीदता था।दरसअल हाल के दिनों में झारखंड के पलामू में 15, लातेहार में तीन और गढ़वा में दो चोरी की घटना हुई थी। गिरोह के उद्भेदन के लिए पलामू , गढ़वा और लातेहार में स्पेशल टीम गठन किया गया। पुलिस ने स्पेशल टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर 59 लोगों को हिरासत में लिया। जिसमे से 22 चोरी की घटना में शामिल थे। गिरफ्तार पारदी गिरोह के पास से पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल होने वाले कई सामग्री को बरामद किया है।

चहारदीवारी वाले घर को बनाता था निशाना

पारदी गिरोह उसी घर को निशाना बनाता था जिस घर की चारदीवारी होती थी। गिरोह खिड़की को उखाड़ कर घर में घुसता था और सिर्फ सोना एवं जेवरात चोरी करता था। पुलिस जब चोरी के मामले की अनुसंधान में जुटी थी उसी दौरान पता चला कि हरियाणा में भी इसी तरह की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने हरियाणा की घटना को पलामू की घटना से जोड़ा जिसके बाद गिरोह के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

गिरोह रेलवे स्टेशन के आस पास बनाता था ठिकाना

पारदी गिरोह रेलवे स्टेशन के आस पास ठिकाना बनाता था। जिस जगह ने ठिकाना बनाते थे उससे 30 से 40 किलोमीटर दूर निशाना बनाते थे। घटना के दौरान किसी गिरोह का कोई भी सदस्य मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करता था। वे झारखंड, बिहार समेत कई इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

गुलेल से चेक किया जाता था घर

गिरोह के सदस्यों के पास से पुलिस ने गुलेल बरामद किया है। गुलेल से गिरोह घर को चेक करता था घर खाली है या भरा हुआ। गिरोह के महिला सदस्य बैलून बेचने के बहाने घर की रेकी करते थे। रेकी के बाद खाली घर के बारे में गिरोह के पुरुष सदस्यों को सूचना दी जाती थी। उसके बाद गिरोह घर को निशाना बनाता था।

बड़ी चोरी के बाद के बाद गिरोह के सदस्य मंदिर में करते थे पूजा

पारदी गिरोह से जुड़े सदस्य बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद मंदिर में पूजा करते थे। इस गिरोह से जुड़े हुए इस पूजा में शामिल होते थे। पुलिस अनुसंधान में यह बात पता चला है कि गिरोह से जुड़े हुए कई सदस्य गया के जेल में हैं। पुलिस ने जब मामले में रामगढ़ के बरकाकाना कि इलाके में छापेमारी की तो कई जानकारी मिली थी। मौके से कई सदस्य फरार हो गए थे। पारदी गिरोह के सदस्यों ने काफी दिन तक बिहार के गया में ठिकाना बनाया था। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस में पार्टी वीरों से जुड़े सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य बड़े ही शातिर तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। 22 सदस्य और एक सोनार को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य चार पांच अलग अलग ग्रुप में बंट जाते है और घटना को अंजाम देते थे। 21 से अधिक चोरी की घटनाओं का उद्भेदन हुआ है । गिरोह के बारे में पुलिस को कई बड़ी जानकारी मिली है , गिरोह से जुड़ा हुआ सोनार ने एक लातेहार के एक व्यक्ति के खाते में लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन किया है - रीष्मा रमेशन, एसपी (पलामू)

गिरोह के सदस्यों के नाम

गट्टू उर्फ बादल, काशीनाथ पारदी, रोमा बाई, योगा पारदी, हरण, पारदी, अंजली बाई, सीमा बाई, गीता पारदी, रानी पारदी, गणेश पारदी, काबुल पारदी, पारस पारदी, गोखुल पारदी, सकरबती पारदी, मंजली पारदी, सीतल बाई, जय श्री पारदी, जीतेन उर्फ रौशन पारदी, हिमेश पारदी, अभय पारदी, बाला बाई, सुमन चौहान, मनोज कुमार (सोनार)।

छापेमारी में शामिल पुलिस टीम

एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद, थाना प्रभारी मेदिनीनगर टाउन देवव्रत पोद्दार, थाना प्रभारी लातेहार प्रमोद कुमार सिन्हा, सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार चौधरी गुलशन बिरुआ, संतोष कुमार -2,अनिल कुमार सिंह, ऋषिकेश कुमार दुबे,सुबोध कुमार, संदीप भारती समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल थे।

चूल्हा प्रमुख जनता के सहयोग को हमेशा तैयार : सुदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पटमदा : जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के कटीन थाना के पास मैदान में आयोजित विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने 16 हजार 80 चूल्हा प्रमुख को सम्मेलन में शपथ दिलाया । इस दौरान झामुमो सहित विभिन्न संगठनों से हजारों की संख्या में लोगों ने आजसू का दामन थामा। आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने बंशी दास सहित हजारों लोगो का माला पहनाकर आजसू पार्टी में स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो ने कहा पटमदा की धरती में 2009 का उत्साह चूल्हा प्रमुख के सम्मेलन में दिखा। निचले स्तर के वोट राजनीति से हम ऊपर उठकर काम करेंगे। चूल्हा प्रमुख एक दायित्व है । 6 हजार चूल्हा प्रमुख साथ मिलकर सभी परिवार का दायित्व लेकर काम करेंगी। पटमदा बोड़ाम के सभी परिवार का झारखंड आंदोलन में योगदान रहा। इस क्षेत्र की जनता ने रामचंद्र जैसे एक गरीब का बेटा को विधानसभा पहुंचाया। झामुमो सरकार में पांच साल में क्षेत्रीय सरकार देखने का सपना सपना ही रह गया। भाषण और शासन में पांच साल में अंतर देखा गया। गरीब को भावना पैदा कर ठगा गया। राजनीति में धैर्य के साथ काम करें। जो मैं बोलता हूं वो करता हूं। बोड़ाम पटमदा मेरा परिवार। रामचंद्र सहिस को दिया पांच साल का बनवास हुआ समाप्त। पांच लाख नौकरी का लोभ दिया। तीन लाख पद राज्य में रिक्त। झामुमो के चरित्र में विकास नहीं है। सिर्फ झामुमो में परिवार का विकास किया। हम राम के भक्त हैं। लंका को ढहा देंगे।हमारी सोच पढ़ाई, दवाई, कमाई और न्याय हैं। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर तंज कसते हुए कहा यदि चम्पाई दा विभीषण है तो राज्य में रावण कौन हैं। जनता सब जानती है। आबुआ आवास में तीन लाख बोलकर दो लाख दिया। राज्य में 29 लाख अबूआ आवास आवेदन जमा हुआ। अबुआ आवास बबुआ लोग बना रहे। जो दस हजार देगा उसे मिलेगा आवास। तीन माह से पेंशन, राशन नहीं। 2024 में सरकार में होगा बदलाव । चूल्हा प्रमुख 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर। रिकॉर्ड जीत जुगसलाई में होगी। विशिष्ठ अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रशासन निरंकुश हैं। आजसू अन्याय अत्याचार का विरोधी है। आजसू आंदोलन की पार्टी। झारखंडी की मान सम्मान अधिकार की रक्षा करना जरूरी। चूल्हा प्रमुख ग्रामीणों के काम का समाधान का प्रयास करेगा। अब चुप नहीं आगे बढ़कर बोलने की जरूरत है। सभी चूल्हा प्रमुख अपने दायित्व का पालन करें। सुदेश महतो ने पटमदा को दिया था प्रमुखता। गांव के काम को विकास देने का काम करेंगे। हेमंत सोरेन सरकार झूठ की गठरी। केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा की आगामी विधानसभा में रामचंद्र सहिस को विधानसभा तक पहुंचाने का काम करें। प्रदेश प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि हम जीते थे जीतेंगे और 2024 में इतिहास गढ़ेंगे। चूल्हा प्रमुख पार्टी का पिलर मेंबर हैं। राज्य की वर्तमान स्थिति मुद्दा से मुद्रा में अटकी।

एक युवक की गंगा नदी में डूबने से हुई मौत

साहिबगंज: जिले के तालझारी थाना क्षेत्र स्तिथ महाराजपुर गंगा घाट पर गंगा में डूबकर एक युवक का हुआ मौत। वहीं घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मीना बाजार निवासी बालक यादव अपने पशुओं का चारा लाने के लिए गंगा नदी तैर कर दियारा जा रहा था। इसी दौरान गंगा नदी में तेज बहाव व उफान होने के कारण डूब कर उसका मौत हो गया। हालांकि घटना के बाद आनन फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से बालक यादव को गंगा नदी से बहार निकाला गया, लेकिन तब तक उसका मौत हो चुका था। थाना प्रभारी अमर मिंज ने क्या कहा वहीं घटना को लेकर तालझारी थाना प्रभारी अमर मिंज ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर तालझारी थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर स्थानीय लोगो एवं परिजनों के बयान पर मामले की छानबीन में जुटी है।

ससुराल से तंग आकर बहू ने लगाई फांसी, पति गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगज : जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के डुमरी बेडो गांव में 18 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। डुमरी बेडो गांव की मोंगरा पहाड़िया कि पत्नी गांगी पहाड़िन है। घटना बीती रात सोमवार की है, जानकारी के अनुसार मृतिका गांगी पहाड़िन बरहेट थाना क्षेत्र के तितुलिया गांव के रहने वाली है। मृतका की शादी 2 महीने पूर्व डुमरी बेडो गांव की मोगरा पहाड़िया से आदिम जनजाति रीति रिवाज से शादी हुआ था। मृतका के पिता ने जानकारी देते हुए बताया कि शादी के कुछ दिन बाद मेरी बेटी को ससुराल वालों ने दुर्व्यवहार के साथ-साथ मारपीट आए दिन करते रहते थे। मेरी बेटी को ससुराल वालों ने आत्महत्या करने को लेकर बातें कहा करते थे, जिससे मेरी बेटी ससुराल वालों से तंग आकर बरगद के पेड़ पर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। इधर बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ गांव पहुंचकर घटना की बारकी से जानकारी ली। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहेबगंज भेज दिया गया। मृतका के पिता ने दमाद सहित अन्य घर वालों के खिलाफ बरहेट थाना में प्राथमिकी दर्ज को लेकर आवेदन दिया है। मामले को लेकर बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थाना कांड संख्या 91/24 के तहत मृतका कि पति मोंगरा पहाड़िया को गिरफ्तार कर साहेबगंज जेल भेज दिया है।

विवाहिता को पति ने मारकर किया गंभीर रूप से घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना गांव में विवाहिता युवती चांदनी खातून के साथ उसके ही पति मोहम्मद सफी ने बुरी तरह से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसके बाद परिजनों की मदद से घायल महिला को बेहोशी की हालत में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा ने फौरन इलाज किया। इसको लेकर विवाहिता युवती ने बताया कि उसके साथ उसके पति आए दिन मारपीट किया करते रहते हैं जहां उसे अपने ही परिवार के लोगों से बात तक करने के लिए नहीं देते हैं। उधर मारपीट की घटना के बाद गांव के लोग आक्रोशित हो गए और मुफस्सिल पुलिस को घटना की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर पति को अपने हिरासत में लेकर थाना चली गई। उधर सदर अस्पताल में घायल युवती का इलाज जारी है।

डायरिया पीड़ित गांव का सिविल सर्जन ने किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : दिनांक 20 अगस्त 2024 को तालझारी प्रखंड के बड़ा दुगार्पुर एचएससी अन्तर्गत, बड़ा दुगार्पुर गाँव मे डायरिया के प्रकोप को देखते हुए सिविल सर्जन साहिबगंज डॉङ्क परवीन कुमार संथालिया के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि मेडिकल टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर सभी घरों मे डायरिया संभावित मरीजों का खोज किया गया और उपचार भी किया जा रहा है। सिविल सर्जन के द्वारा पारा मेडिकल कमीर्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी डायरिया से पीड़ित रोगियों का विशेष ध्यान देने एवं 247 घंटे मेडिकल टीम को लगा कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया। साथी ही निर्देश दिए की किसी अन्य आसपास के गाँव में डायरिया फैलने की सुचना प्राप्त होते ही तुरंत उस गाँव में मेडिकल टीम के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगा कर सभी डायरिया से पीड़ित रोगियों का ईलाज किया जाए। साथ-साथ सिविल सर्जन के द्वारा सभी डायरिया से पीड़ित रोगियों एवं ग्रामीणों से मिलकर ताजा एवं गर्म खाना खाने, पानी को उबाल कर पिने, अपने घर के आस पास साफ सफाई रखने, ओआरएस का घोल पिने, प्रत्येक दिन मच्छरदानी लगा कर सोने आदि को कहा गया। किसी को भी डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अपने नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र मे जाकर ईलाज करवाने को कहा। सिविल सर्जन द्वारा वहां के प्रधान से मिलकर उक्त बातों को ग्रामीणों तक पहुंचने एवं पालन करने को सुनिश्चित करने हेतु जागरूक करने को कहा गया। स्वास्थ्य शिविर मे सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधा, दवाओं की उपलब्धता आदि का लाभ ग्रामीणों को दिया जाए सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। डायरिया प्रभावित गांव के निरीक्षण के उपरांत बड़ा दुगार्पुर में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुगार्पुर का निरीक्षण किए। वहां दिए जा रहे सभी स्वास्थ्य सुविधाओं, ओपीडी, एनसीडी, इंसानजीवनी, लेबर रूम, आरआई, एएनसी, आदि देखें। सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित सीएचओ, एएनएम को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए स्वास्थ्य विभागीय सभी कार्यक्रमों को संचालन एवं लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिए। साथ ही सभी सम्बन्धित पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

संक्षिप्त खबरें

कुकडू में शुरू हुआ दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता

कुकडू : स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सरायकेला जिला के कुकडू प्रखंड क्षेत्र के चोकेगाड़िया फुटबॉल में दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंम हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कुकडू पंचायत के उप मुखिया मनोज मछुआ ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में कुकडू प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के बच्चें भाग लें रहें हैं।इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में अंडर 11-14 और 17-19 वर्ष के आयु वर्ग के बालक व बालिकाओं के लिए फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स समेत विभिन्न खेल स्पद्धाएं आयोजित की जा रही हैं। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय सहित सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। मौके पर शिक्षक त्रिलोचन कुमार, लक्ष्मण महतो, मल्लिक दत्ता, विष्णु कुमार, समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

विमान क्रैश की सूचना से क्षेत्र में मची हलचल, जिला के सभी पदाधिकारी हुए सक्रिय

पटमदा: मंगलवार को सोनारी एयरपोर्ट से उड़ी अल्केमिस्ट एविएशन की ट्रेनी विमान अचानक लापता हो गई। विमान को दो ट्रेनी पायलट उड़ा रहे थे। जानकारी के अनुसार उड़ान के 15 मिनट बाद ही विमान का संपर्क एयर ट्रैफिक कंट्रोल से टूट गया । लापता ट्रेनी विमान की क्रैश लैंडिंग की सूचना भी चारो तरफ फैल गई। । उम्मीद की जा रही है कि विमान की क्रैश लैंडिंग के वक्त दोनों पायलट इजेक्ट कर गये होंगे। फिलहाल, दोनों की खोजबीन में हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। दरअसल, दिन के 11 बजे विमान ने उड़ान भरा था। लेकिन थोड़ी ही देर बाद एटीसी से संपर्क टूट गया। इसके बाद जमशेदपुर और सरायकेला की पुलिस और प्रशासन के अधिकारी खोजबीन में जुटे गए।दुर्घटना के विषय में पटमदा और बोड़ाम थाना के पुलिस,प्रखंड के पदाधिकारी सहित ग्रामीण काफी संख्या में विमान को खोजबीन करते दिखे।शाम तक किसी प्रकार की सूचना नहीं मिलने पर सभी बेरंग वापस लौट गए।कैप्टन जीत शत्रु विमान में छात्र को प्रशिक्षण दे रहे थे।वही देर शाम विमान के चांडिल डेम के आसपास दलमा जंगल में भी प्रशासन सक्रिय हैं।पटमदा थाना प्रभारी करम पाल भगत ने पुलिस बल के साथ पूरे क्षेत्र के सघन दौरा कर छानबीन करते रहे ।जमशेदपुर के ट्रैफिक डीएसपी संजय सिंह,विमान में सवार छात्र और कैप्टन के परिजन परेशान दिखे।क्षेत्र के लोगो में भी विमान के विषय में जानने की लालसा काफी देखी गई।प्रशासन के अनुसार सुबह से ही इस विषय पर खोजबीन शुरू की जाएगी।इस मामले को लेकर पटमदा थाना,बोड़ाम थाना,एमजीएम,नीमडीह,चांडिल सहित कई थाना की पुलिस अपने कान खड़े रही।

सदर अस्पताल में बेड की कमी, स्ट्रेचर व कुर्सी पर लिटाकर किया जा रहा मरीजों का इलाज

साहिबगंज: जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में इन दिनों डायरिया समेत कई अन्य बीमारियों के कारण मरीजों के भारी संख्या में आने से अन्य मरीजों को बेड उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ताजा मामला मंगलवार की दोपहर को उस समय देखने को मिला जब डायरिया बीमारी से ग्रसित दहला दुर्गा स्थान निवासी व्यक्ति मनोज साह अपनी दो साल की पुत्री तृप्ति कुमारी को लगातार हो रहे उल्टी पैखाना की शिकायत पर इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे थे जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन इलाज शुरू किया। उधर सदर अस्पताल के बर्न वार्ड में मरीजों की भारी भीड़ होने के कारण एक भी बेड उपलब्ध नहीं था जिसके बाद परिजन ने वही एक कमरे में पड़े स्ट्रेचर पर ही अपनी बेटी को लिटाकर इलाज करवाने को मजबूर दिखे। उधर दूसरा मरीज तालबन्ना निवासी विक्रम पासवान पिता स्व. मोहन पासवान भी डायरिया बीमारी की शिकायत को लेकर अपना इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंचा हुआ था जहां मरीज कुर्सी पर लेटकर पानी चढ़ाते हुए देखा गया। इसको लेकर मरीज विक्रम पासवान ने कहा कि सदर अस्पताल में भर्ती होने के लिए उसे 1 घंटे तक इधर से उधर करवाया गया है जबकि इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसकी सुध तक नहीं ली। वही इस मामले में जब सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया से उनके मोबाइल पर फोन कर सदर अस्पताल में बेड की कमी मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में उपाधीक्षक से जानकारी ली जाएगी। फिलहाल सदर अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण गंभीर रूप से लाचार कई मरीज परेशान दिखाई दे रहे हैं।

नौवीं कक्षा की नाबालिग के साथ हुआ सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

कुकडू: तिरूलडीह थाना क्षेत्र में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग हरिजन छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। दुष्कर्म की घटना 13 अगस्त की बताई जा रही है। घटना के बाद डरी सहमी छात्रा ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी 19 अगस्त को दी। इसके बाद परिजन पीड़ित छात्रा के साथ तिरूलडीह थाना में घटना की जानकारी देते हुए मामला दर्ज कराया। सामूहिक दुष्कर्म की सूचना मिलने के बाद महज चार घंटे में तिरुलडीह थाना की पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। तीनों आरोपी एक ही गांव के रहने वाले सामूहिक दुष्कर्म के तीनों आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं। इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चांद महतो ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद महज चार घंटे में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में जीतू सिंह मुंडा, रवि सिंह मुंडा और गुरुचरण सिंह मुंडा शामिल है और तीनों आरोपी तिरुलडीह थाना क्षेत्र के सपादा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म के बाद तीनों आरोपियों ने छात्रा को किसी को बताने पर जान मारने की धमकी दिया था। इससे डरकर छात्रा ने किसी को घटना की जानकारी नहीं दिया था। तिरुलडीह पुलिस ने मंगलवार को तीनों को जेल भेज दिया। दुष्कर्म की इस घटना से समूचा क्षेत्र शर्मसार हुआ है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना मील का पत्थर साबित होगा : उमाशंकर अकेला

बरही: मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में धनराशि जमा होने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। विधायक ने कहा कि इस योजना से जिले की कई महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। विधायक अकेला ने राज्य सरकार की इस योजना को एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जो महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

सेबी के लिए चुनौती बना 76 हजार 293 करोड़ बकाया वसूलना

- पिछले साल की तुलना में चार फीसदी बढ़ी रकम

नई दिल्ली ।

देश के शेयर बाजार पर नजर रखने वाली संस्था भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को बकाया वसूलने में बड़ी के ठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 76,000 करोड़ से भी अधिक की बकाया राशि ऐसी हैं, जिन्हें वसूलना सेबी के लिए चुनौती बन गया है। यह रकम पिछले साल की तुलना में चार फीसदी बढ़ गई है। ये पैसे दरअसल उन निवेशकों के हैं, जिन्होंने पीएसीएल और सहारा इंडिया जैसी कंपनियों में निवेश किया था लेकिन ये कंपनियां लोगों के पैसे लेकर रफू चक्कर हो गईं। अब सेबी को इन पैसों को निवेशकों को वापस दिलाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए सेबी को कहना पड़ा है कि इन्हें वापस पाना लगभग असंभव सा लग रहा है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि सेबी को मार्च 2024 तक 76,293 करोड़ रुपये की ऐसी रकम मिली है, जिसे वसूलना बेहद मुश्किल हो रहा है। ये रकम पिछले साल के मुकाबले 4 फीसदी ज्यादा है। इस रकम का बड़ा हिस्सा उन मामलों से जुड़ा है, जिनकी सुनवाई अदालतों में चल रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ऐसे कुल 807 मामले हैं, जिनमें से 36 मामले राज्य स्तरीय अदालतों, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) और नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) में लंबित हैं। इन मामलों में अटकी हुई रो शि लगभग 12,199 करोड़ रुपये है।

इसके अलावा 60 मामले अदालत द्वारा नियुक्त समितियों के पास हैं, जिनमें करीब 59,970 करोड़ रुपये अटके हुए हैं। साथ ही लगभग 140 मामले ऐसे हैं, जिनमें संबंधित लोगों का पता ही नहीं चल पा रहा है। इनमें से 131 व्यक्तिगत मामले हैं और 9 कंपनियों से जुड़े हैं। सेबी ने कहा कि अब तक कुल 6,781 रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं, जिनमें से 3,871 अभी भी लंबित हैं। कुल मिलाकर सेबी को करीब एक लाख करोड़ रुपये वसूल करने हैं। इसमें जुर्माना न भरने वाली कंपनियों के साथ-साथ उन निवेशकों का पैसा भी शामिल है, जिन्हें पैसा वापस मिलना था। पीएसीएल और सहारा इंडिया के मामलों में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों कंपनियों के विरुद्ध निवेश योजना से जुड़े मामले हैं, जिनमें करीब 63,206 करोड़ रुपये अटके हुए हैं।

2500 से 3500 रुपये क्विंटल तक पहुंचे प्याज के दाम

नई दिल्ली ।

आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले की प्याज मंडी में इस समय प्याज के दाम 2500 रुपये से लेकर 3500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं, जो कि पिछले साल के मुकाबले एक बड़ी वृद्धि है। आंध्र प्रदेश में खुले बाजार में प्याज 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जबकि सरकारी रायतू बाजार में प्याज की कीमत 42 से 45 रुपये प्रति किलो के बीच है। इस साल प्याज की कीमतों में वृद्धि पहले ही शुरू हो चुकी है। इस स्थिति का एक बड़ा कारण महाराष्ट्र में प्याज की फसल की खराबी है। बेमौसम बारिश ने महाराष्ट्र की प्याज फसल को बुरी तरह प्रभावित किया है। त्योहारों जैसे रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के पहले प्याज की कीमतें इन दिनों तेजी से बढ़ रही हैं।

कुर्नूल के किसानों के चेहरे पर इन दिनों खुशी की चमक है क्योंकि पिछले साल इसी मंडी में प्याज का भाव मुश्किल से 500 रुपये से 1000 रुपये प्रति क्विंटल था। तब किसानों को अपनी उपज की लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा था और उन्होंने विरोध स्वरूप अपनी प्याज फेंक दी थी। इस बार प्याज के दाम में वृद्धि से किसानों को अच्छी आमदनी हो रही है। वे उम्मीद कर रहे हैं कि त्योहारी सीजन में मांग और बढ़ेगी जिससे प्याज के दाम और चढ़ सकते हैं।

20 लाख रुपए तक के गिफ्ट पर अब नहीं लगेगा टैक्स!

मुंबई ।

इनकम टैक्स से जुड़े एक मामले में आईटीएटी (इनकम टैक्स अपीलीयेट ट्रिब्यूनल) की मुंबई बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि विदेश में रह रहे एनआरआई भाई से मिलने वाली 20 लाख रुपये की रो शि पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं लगेगा। यह निर्णय इस बात पर जोर देता है कि भारतीय टैक्स कानून कुछ करदाताओं को अपने रिश्तेदारों से मिलने वाले गिफ्ट पर टैक्स को लेकर छूट देते हैं। हालांकि, अभी तक इनकम टैक्स कानून के तहत किसी रिश्तेदार से मिलने वाले 50,000 रुपये से ज्यादा के गिफ्ट को इनकम फ्रॉम अदर सोर्स माना जाता है और इस पर लागू आयकर की निर्धारित दरों के अनुसार टैक्स कटता है लेकिन कई मामलों में इस पर टैक्स से छूट मिलती है। इनमें नजदीकी रिश्तेदार से मिलने वाले गिफ्ट, शादी में मिलने वाले तोहफे और विरासत में मिलने वाली संपत्ति शामिल है। इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 56 (2) (एक्स) में भाई से मिलने वाले गिफ्ट पर टैक्स में छूट मिलती है। आयकर अपीलीयेट ट्रिब्यूनल ने यह निर्णय सलाम नाम के एक व्यक्ति के मामले में दिया, जिसे अपने भाई से गिफ्ट मिला था

लेकिन इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी ने शुरुआत में इस तोहफे को टैक्सेबल इनकम के तौर पर माना था। इस मामले में इनकम टैक्स कमिश्नर ने भी अधिकारी के फैसले को सही ठहराया और कहा कि टैक्सपेयर यह साबित करने में नाकामयाब रहा कि गिफ्ट के तौर उसे यह पैसा अपने भाई से मिला। इस मामले को लेकर याचिकाकर्ता आईटीएटी के पास पहुंचा, जहां सबूतों के साथ यह साबित किया गया कि उसका भाई, 25 साल से दुबई में रह रहा है और वहां बिजनेस कर रहा है। उसकी ओर से मिली 20 लाख रुपये की यह रकम तोहफे के तौर पर उसे भेजी गई है।

जुलाई में इलेक्ट्रॉनिक्स, गारमेंट्स और डेयरी उत्पादों निर्यात में वृद्धि हुई: रिपोर्ट

नई दिल्ली ।

भारत से निर्यात में जुलाई में बढ़ोतरी देखी गई है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स, मीट, डेयरी और ऑयल मील जैसे सेक्टर निर्यात में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक गुड्स का निर्यात 37.3 प्रतिशत, डेयरी और पोल्ट्री 56.2 प्रतिशत, ऑयल मील 22 प्रतिशत, गारमेंट्स 11.8 प्रतिशत, मसाले 13 प्रतिशत, चाय 21.8 प्रतिशत का निर्यात जुलाई में सालाना आधार पर बढ़ा है। डेयरी और पोल्ट्री प्रोडक्ट्स का निर्यात जुलाई में 56.2 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पिछले महीने इसमें 13.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

हालांकि, कुछ कैटेगरी जैसे हीरे और ज्वेलरी, सिरेमिक और ग्लासवेयर उत्पाद, जैविक और अजैविक केमिकल और चावल के निर्यात में गिरावट हुई है। इसके अलावा अन्य बड़े निर्यात जैसे मानव निर्मित सूत और कपड़े का निर्यात 3.9 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं चमड़ा और उससे बने उत्पाद की कीमतों में नवंबर 2022 के बाद सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है। मसाले, चाय और तंबाकू उत्पादों का निर्यात पिछले महीने के मुकाबले बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात शुल्क कम होने के कारण समुद्री उत्पादों का निर्यात बढ़ने की उम्मीद है। अधिक श्रम उपयोग वाले सेक्टर्स ने जुलाई में लचीलापन दिखाया है। इससे पहले भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया था कि जुलाई में परिधान का निर्यात बढ़कर 1,277.20 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 1,141 मिलियन डॉलर था। वहीं, कपड़ों का निर्यात 1,660.36 मिलियन डॉलर हो गया है, जो कि जुलाई में 1,663.06 मिलियन डॉलर था।

एसबीआई अमृत वृष्टि एफडी पर दे रहा 7.25 फीसदी ब्याज

नई दिल्ली । भारतीय स्टेट बैंक कई विशेष फिक्स्ड डिपॉजिट्स चला रहा है। बैंक की ऐसी ही एक स्पेशल एफडी है एसबीआई अमृत वृष्टि एफडी, इस विशेष एफडी को इस साल ही लॉन्च किया गया था। 444 दिनों की इस एफडी पर आम ग्राहक को बैंक 7.25 फीसदी सालाना ब्याज दे रहा है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों को सालाना 7.75 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। एसबीआई अमृत वृष्टि एफडी में निवेश आप घर बैठे भी कर सकते हैं। नेट बैंकिंग और एसबीआई योनो ऐप के जरिए आप यह एफडी खरीद सकते हैं। बैंक ब्रांच जाकर भी इस विशेष एफडी में पैसे लगाने का विकल्प आपके पास है। एसबीआई अमृत वृष्टि एफडी में 31 मार्च 2025 तक निवेश किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक कई अवधियों वाली एफडी ग्राहकों को उपलब्ध कराता है। भारत के सबसे बड़े बैंक में आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि की एफडी करा सकते हैं। अलग-अलग अवधि वाली एफडी की ब्याज दरें भी भिन्न-भिन्न हैं। एसबीआई 7 से 45 दिन की अवधि वाली एफडी पर 3.50 से 4.00 फीसदी 46 से 179 दिन की एफडी पर 5.50 से 6.00 फीसदी, 180 से 210 दिन पर 6.25 से 6.75 फीसदी और 211 से 1 साल से कम अवधि वाली एफडी पर 6.50 से 7.00 फीसदी तक ब्याज दिया जा रहा है। 1 साल से लेकर 2 साल से कम वाली एफडी पर 6.80 से 7.30 फीसदी, 2 साल से लेकर 3 साल से कम वाली पर 7.00 से 7.50 फीसदी, 3 साल से लेकर 5 साल से कम अवधि वाली एफडी पर 6.75 से 7.25 फीसदी और 5 साल से 10 साल तक की अवधि वाली एफडी पर 6.50 से 7.50 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। स्पेशल फिक्स डिपॉजिट स्कीम अमृत कलश के तहत सीनियर सिटिजन्स को एफडी पर 7.60 और आम ग्राहकों को 7.10 फीसदी सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इस फिक्स डिपॉजिट स्कीम में 400 दिन के लिए निवेश करना होता है।

रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ ही 83.87 पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में आज रुपया 83.86 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.84 प्रति डॉलर पर पहुंचा हालांकि फिर 83.87 प्रति डॉलर पर आ गया जो उसके पिछले बंद भाव के बराबर है। वहीं गत दिवस रुपया 83.87 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 फीसदी की बढ़त के साथ ही 101.82 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहाकि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के बाद भी विदेशी पूंजी की निकासी का दबाव भारतीय मुद्रा पर पड़ा पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने गिरावट रोके रखी। इसकी गिरावट को रोका।



जोमैटो ने एआई जनरेटेड खाने की तस्वीरों को हटाया, लोग कर रहे तारीफ

नई दिल्ली। ऑनलाइन फूड एप जोमैटो पर अब रेस्टोरेंट एआई से बनाई खाने की तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। जोमैटो के फाउंडर दीपिंदर गोयल ने ऐलान किया है कि वह जोमैटो के प्लेटफॉर्म से एआई जनरेटेड खाने की तस्वीरों को हटा रहे हैं साथ ही उन्होंने अपने फूड पार्टनर्स से एआई तस्वीरों का इस्तेमाल बंद करने को भी कहा है। गोयल ने इसकी जानकारी अपने ट्विटर हैंडल पर दी। गोयल ने मिक्रोब्लॉग्गिंग साइट एक्स पर लिखा-ज़ोमैटो में, हम अपने वर्कफ्लो को अच्छा बनाने के लिए एआई के विभिन्न रूपों का इस्तेमाल करते हैं। एक जगह जहां हम एआई के इस्तेमाल को दृढ़ता से हतोत्साहित करते हैं, वह है रेस्तरों के मेनू में व्यंजनों के लिए तस्वीरें। एआई द्वारा उत्पन्न भोजन की तस्वीरें भ्रामक हैं और हमें इस मुद्दे पर कई ग्राहकों की शिकायतें मिली हैं। ग्राहकों का कहना है कि इससे विश्वास कमजोर होता है और इससे ज्यादा शिकायतें और रिफंड मिलते हैं और रेटिंग भी कम होती है। हम अपने रेस्तरां भागीदारों से आग्रह करते हैं कि वे अब से रेस्तरां के मेनू में व्यंजन छवियों के लिए एआई का उपयोग करने से बचें। हम इस महीने के अंत तक सक्रिय रूप से मेनू से ऐसी छवियों को हटाना शुरू कर देंगे और एआई द्वारा उत्पन्न व्यंजन छवियों को स्वीकार करना बंद कर देंगे। दीपिंदर आगे लिखा-रेस्टोरेंट मालिक अगर आपने अभी तक अपने मेनू के लिए असली खाने के शॉट्स अपलोड नहीं किए हैं, तो फोटो शूट शेड्यूल करने के लिए कैटलॉग सहायता टीम से संपर्क करें। दीपिंदर गोयल के इस कदम की लोग सराहना कर रहे हैं।

एलआईसी ने हिंदुस्तान कॉपर में घटाई हिस्सेदारी

मुंबई। देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने खुले बाजार में हिंदुस्तान कॉपर में 2.09 प्रतिशत हिस्सेदारी 447 करोड़ रुपए में बेच दी है। एलआईसी ने शेयर बाजार को यह सूचना दी। उसने हिंदुस्तान कॉपर के कुल 2,01,62,682 शेयर यानी 2.085 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये बेची है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर के शेयरों को 221.64 रुपए प्रति शेयर की औसत कीमत पर बेचा गया। इस तरह सौदे का कुल मूल्य 446.8 करोड़ रुपए रहा। हिस्सेदारी बिक्री के बाद हिंदुस्तान कॉपर में एलआईसी की हिस्सेदारी 8.17 प्रतिशत से घटकर 6.09 प्रतिशत रह गई है। हिंदुस्तान कॉपर देश में तांबा अयस्क के खनन में लगी इकलौती कंपनी है। इसके अलावा यह परिष्कृत तांबे की एकमात्र उत्पादक कंपनी भी है। मंगलवार को बीएसई पर हिंदुस्तान कॉपर का शेयर 1.07 फीसदी की गिरावट के साथ 320.10 रुपए पर आ गया। एलआईसी का शेयर 0.39 फीसदी की तेजी के साथ 1076.10 रुपए पर है। सोमवार को हिंदुस्तान कॉपर का शेयर बीएसई पर 3.06 फीसदी तेजी के साथ 323.55 रुपए पर बंद हुआ। इस वैल्यू पर इसका मार्केट प्राइस 31,288.06 करोड़ रुपए है। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 415.60 रुपए और न्यूनतम स्तर 135.70 रुपए है। दूसरी ओर एलआईसी का शेयर 1.34 फीसदी तेजी के साथ 1071.95 रुपए पर बंद हुआ। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,221.50 रुपये और न्यूनतम स्तर 597.65 रुपए है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 378 , निफ्टी 126 अंक ऊपर आया

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान बैंकिंग, वित्त और वाहन शेयरों में जमकर खरीदारी हुई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 378.18 अंक करीब 0.47 फीसदी बढ़कर 80,802.86 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 126.20 अंक तकरीबन 0.51 फीसदी ऊपर आकर 24,698.85 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 24 शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। इसमें बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनैंस और कोटक बैंक शामिल रहे। इसके अलावा, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एनटीपीसी, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टीसीएस, रिलायंस, एलएंडटी, इंफोसिस, मारुति, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एचयूएल, एमएंडएम, पावर ग्रिड और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़े।

दूसरी ओर सेंसेक्स के केवल 6 शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसमें भारती एयरटेल, आईटीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल थे। इसके अलावा, टाटा मोटर्स के शेयर भी नीचे आये।

बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी बाजार में मंदी की आशंका कम होने से भी घरेलू बाजार में उछाल आया है।

वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में, सियोल और टोक्यो बढ़त पर बंद हुए जबकि शंघाई और हांगकांग के शेयर नीचे आये। यूरोपीय बाजार में बढ़त दर्ज की गयी। अमेरिकी

बाजार गत दिवस बढ़त पर रहे। वहीं गत दिवस बाजार सपाट बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 297.86 अंक बढ़कर 80,722.54 के स्तर पर खुला, जबकि निफ्टी 50 76.25 अंक बढ़कर 24,648.90 के स्तर पर पहुंच गया। एनएसई की कंपनियों में बीपीसीएल, टीसीएस, हीरो मोटोक्रॉप, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे जबकि ओएनजीसी, भारती एयरटेल, सीआईपीएलए, एचसीएल टेक और आईटीसी एनएसई गिरावट में कारोबार कर रहे थे। बीएसई की कंपनियों में टीसीएस के शेयर में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई।

हवाई यात्रा करना अब और भी हुआ महंगा!

नई दिल्ली । आगामी त्योहार में अब हवाई यात्रा करना और भी महंगा हो जाएगा। बताया जा रहा है कि हवाई यात्रा के किराए में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और दिवाली के लिए प्रमुख घरेलू मार्गों पर औसत एकतरफा टिकट की कीमत 10-15 प्रतिशत बढ़ चुकी है। दूसरी ओर ओणम के दौरान केरल के शहरों के लिए कुछ उड़ानों का किराया 20-25 प्रतिशत अधिक है। जानकारी अनुसार, मुंबई-हैदराबाद मार्ग पर टिकट की कीमत 21 प्रतिशत बढ़कर 5,162 रुपये और दिल्ली-गोवा और दिल्ली-अहमदाबाद मार्गों पर 19 प्रतिशत बढ़कर क्रमश: 5,999 रुपये और 4,930 रुपये हो गई है। विश्लेषण में यह सामने आया कि कुछ दूसरे मार्गों पर किराया 1-16 प्रतिशत की सीमा में अधिक है। वहीं केरल में आगामी त्योहार के लिए चुनिंदा रूट्स पर हवाई किराए के रुझानों के विश्लेषण से पता चला है कि कुछ रूट्स पर कीमतों में 1 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की सीमा में वृद्धि हुई है। इसी दौरान कुछ मार्गों पर टिकट की कीमतों में लगभग 6-35 प्रतिशत की गिरावट आई है। ये आंकड़े इस साल 6-15 सितंबर की अवधि के दौरान डिपार्चर के लिए नॉन-स्टॉप फ्लाइट्स के लिए औसत एकतरफा किराया हैं, जबकि 20-29 अगस्त, 2023 की अवधि में ओणम मनाया गया था। इस तुलनात्मक अवधि के लिए हैदराबाद-तिरुवनंतपुरम फ्लाइट के लिए किराए में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो 4,102 रुपये है। मुंबई-कालीकट फ्लाइट के लिए भी इसी तरह की वृद्धि हुई है, जो 4,448 रुपये है।

कंपनी के ऐलान के बाद सीडीएसएल शेयर तूफानी रफ्तार से दौड़ा, छह फीसदी का उछाल

नई दिल्ली।

शेयर बाजार में सप्ताह के पहले दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला और मार्केट क्लोज होने पर सेनसेक्स लाल निशान पर, निफ्टी-50 हरे निशान पर बंद हुआ। इस बीच सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड का शेयर तूफानी तेजी के साथ भागा और कारोबार के दौरान छह फीसदी तक उछल गया। स्टॉक में आई तेजी के पीछे कंपनी की ओर से किया गया ऐलान है। सीडीएसएल शेयर सोमवार को हरे निशान पर खुला था और 2855 रुपए के स्तर से कारोबार शुरू किया था, लेकिन कुछ ही देर में ये छह फीसदी तक उछलकर 2955 रुपए के हाई लेवल पर पहुंच गया। ये शुरुआती तेजी मार्केट में कारोबार खत्म होते-होते कम हो गई। बाजार बंद होने पर सीडीएसएल का शेयर 3.40 फीसदी की बढ़त लेते हुए 2883 रुपए पर क्लोज हुआ। कंपनी के शेयर में आई जोरदार तेजी के चलते सीडीएसएल का मार्केट कैप भी बढ़कर 30130 करोड़ रुपए हो गया है। इस स्टॉक में अचानक ये जोरदार तेजी कंपनी की ओर से आई एक खबर के बाद देखने को मिली है। बोर्ड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी शेयर की कि निवेशकों को एक पर एक शेयर बोनस में दिया जाएगा। इसे अप्रूवल मिलने के साथ ही बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड 24 अगस्त तय की गई है। इस खबर का असर कंपनी के शेयर पर तेजी के रूप में दिखाई दिया। सीडीएसएल के शेयर की बीते एक साल की परफॉर्मेंस पर नजर डालें, तो ये अपने निवेशकों के लिए फायदे का सौदा साबित हुआ है। बीते जुलाई 2024 में सीडीएसएल के बोर्ड ने बैठक में कंपनी ने पहली बार एक शेयर पर

एक बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी और अब इसकी रिकॉर्ड डेट फिक्स कर दी गई है। बता दें, कंपनियां अपने फ्री रिजर्व का इस्तेमाल करते हुए बोनस शेयर जारी करती हैं और इससे प्रति शेयर आय यानी ईपीएस के साथ-साथ पेड-अप कैपिटल बढ़ता है। सीडीएसएल कंपनी की स्थापना साल 1999 में की गई थी, जो सिक्योरिटीज को इलेक्ट्रिक फॉर्म में अपने पास डिपॉजिट करती है। ये पहली ऐसी कंपनी है, जिसने दस करोड़ डेमट अकाउंट रजिस्टर किए हैं।

वेदांता ने हिंदुस्तान जिंक के ओएफएस से जुटाए 3200 करोड़

नई दिल्ली ।

खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने अपनी सब्सिडियरी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के शेयरों की बिक्री पेशकश से करीब 3,200 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। सूत्रों ने कहा कि वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को खुदरा एवं संस्थागत निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली है। सूत्रों ने कहा कि इस बिक्री पेशकश से वेदांता को करीब 3,200 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। वेदांता ओएफएस से जुटाई गई राशि का उपयोग अपने बही-खाते को दुरुस्त करने और अपनी विस्तार परियोजनाओं में निवेश के लिए करेगी। पिछले महीने पात्र संस्थागत आवंटन से जुटाई गई 8,500 करोड़ रुपये की राशि को मिलाकर वेदांता समूह और एचजेडएल दोनों का कर्ज कम करने में मदद मिलेगी। खुदरा निवेशकों के लिए आधार निर्गम आकार 51.44 लाख शेयरों का था जबकि कुल 93.82 लाख शेयरों की खरीद हुई। सूत्रों के मुताबिक संस्थागत निवेशकों के लिए 4.62 करोड़ शेयर निर्धारित किए गए थे जबकि कुल संस्थागत खरीद 6.36 करोड़ शेयरों की हुई। वेदांता ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि 16-19 अगस्त तक चली ओएफएस प्रक्रिया के बाद हिंदुस्तान जिंक में वेदांता की शेयरधारिता 63.42 प्रतिशत रह गई है।

तोड़फोड़ के लिए क्यूआर कोड डालकर ऑनलाइन 67 हजार जुटाए

मुजफ्फरपुर। में दलित नाबालिग लड़की की हत्या के बाद रविवार को बहुजन आर्मी के अध्यक्ष गोल्डेन दास ने अपने समर्थकों के साथ आरोपी के घर तोड़फोड़ की। गांव के आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचाया गया। लूटपाट भी हुई। इस मामले में गोल्डेन दास समेत 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से 12 से ज्यादा बाइक, एक फॉर्च्यूनर कार जब्त की है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि 'पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए गोल्डेन दास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें एक क्यूआर कोड डाला गया था।' पुलिस ने आगे बताया कि 'क्यूआर कोड के जरिए करीब 67 हजार रुपए चंदा इकट्ठा हुआ। इसी पैसे से उसने दर्जनों बाइक और एक कार किराए पर ली। इसके बाद कार से वह अपने समर्थकों के साथ आरोपी संजय राय के गांव पारू पहुंचा। समर्थकों ने तोड़फोड़ और लूटपाट की। पुलिस के मुताबिक, उसने वहां पहले से ही संगठन के लोगों को पैसे देकर जुटाकर रखा था। उसने अपने भाषण से लोगों को उपद्रव के लिए उकसाया। गोल्डेन दास पर पहले से ही 23 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें अधिकांश मुकदमे हमले और उपद्रव के हैं।दरअसल, रविवार को आरोपी संजय राय के घर तोड़फोड़ की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस दौरान गोल्डेन के समर्थकों ने ईंट-पत्थर से पुलिस पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बल का प्रयोग कर इन्हें खदेड़ दिया था। इस बीच गोल्डेन दास का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह कान पकड़कर सभी से माफी मांगते हुए नजर आ रहा है। SSP राकेश कुमार ने बताया कि इस घटना के बाद लगातार राजनीतिक दलों का उस गांव में आना जाना हो रहा था। इसी दौरान रविवार को गोल्डन दास अपने समर्थकों के साथ वहां आया था। वहां पर काफी उग्र तरीके से भाषण दिया। जिससे उसके समर्थक भड़क गए। इसके बाद उसके समर्थकों ने 5 से 6 घरों में जाकर तोड़फोड़ की। ये घर आरोपी संजय राय के कास्ट के बताए जा रहे हैं। तोड़फोड़ के दौरान पुलिस वहीं पर मौजूद थी। जब माहौल खराब होने लगा, तो पुलिस ने कार्रवाई की। बल का प्रयोग कर उपद्रवियों को वहां से भगाया गया। इसी दौरान 16 लोग पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस के मुताबिक, इस पूरे उपद्रव का मुख्य आरोपी गोल्डन दास है। जब पुलिस ने इसका आपराधिक इतिहास देखा, तो कुल मिलाकर 23 केस इनके ऊपर पाए गए। मुजफ्फरपुर में भी गोल्डन के खिलाफ दो केस दर्ज हैं। जिसमें पहला केस आरोपी के घर में तोड़-फोड़ और लूटपाट का है। दूसरा उपद्रव के दौरान पुलिस पर पथराव का।

इस घटना के बाद गोल्डेन दास मीडिया के सामने आया। उसने कहा, 'मैं अब तक जो कुछ भी बिहार पुलिस के में बोलते आया हूं। उसके लिए दोनों कान पकड़कर माफी मांगता हूं। बिहार पुलिस मेरे लिए सम्मानित है। बिहार पुलिस हो या कोई सिपाही किसी के संबंध में कोई भी उल्टा शब्द निकला हो, तो माफी मांगता हूं। औरंगाबाद के रहने वाले गोल्डेन दास का कहना है कि 'सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई। इसी के बाद हम यहां पहुंचे। यहां आने पर मुझे सच्चाई का पता चला।' पिछले सोमवार (12 अगस्त) 9वीं क्लास की छात्रा की हत्या कर दी गई थी। उसका शव अगले दिन मंगलवार (13 अगस्त) को धनग्न हालत में पोखर में मिला था। उसके मुंह पर कपड़ा बंधा था। छात्रा के परिवार ने कहा था 'शादी से इनकार करने पर नाबालिग (14) के परिजनों को आरोपियों ने पहले धमकी दी। इसके बाद रविवार (11 अगस्त) को गन पॉइंट पर घर में सो रही लड़की को किडनैप कर लिया। परिवार ने 45 साल के संजय राय और उसके साथियों पर आरोप लगाया था। पहले बताया गया था कि नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ। आरोपियों ने उसके ब्रेस्ट काट दिए। प्राइवेट पार्ट पर भी चाकू से हमला किया। हालांकि, पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट में इसका खुलासा नहीं हुआ है।

संक्षिप्त डायरी

चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

छपरा। शहर के राजेंद्र स्टेडियम में चार दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा दीप प्रज्जवलित तथा गुब्बारा उड़ाकर विधिवत किया गया। अपने तय समय से 1 घंटे लेट से खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के साथ ही जिले के अलग-अलग जगहों पर प्रतियोगिता की शुरूआत हो गई है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित था। जबकि अलग-अलग सभी खेलों का आयोजन अलग अलग जगहों पर किया जाना है। जिला प्रशासन एवर खेल विभाग द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। खेल की शुरूआत 1500 मीटर दौड़ के साथ हुई। डीएम अमन समीर ने दौड़ को झंडा दिखाया। राजेन्द्र स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सरकारी विद्यालयों का प्रतिनिधित्व अन्य वर्षों की तुलना में बेहद कम है। जबकि जिले के कोने कोने से निजी विद्यालयों के छात्र विभिन्न खेलो में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। खेल के शुभारंभ के दौरान मार्च पास्ट में निजी स्कूलों का प्रतिनिधित्व ज्यादा दिखा। यह चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता 20 अगस्त से 24 अगस्त तक होगा। एथलेटिक्स और खो खो खेल की प्रतियोगिता राजेंद्र स्टेडियम में 20 व 21 अगस्त को होगी। कबड्डी की स्पर्धा 20-21 अगस्त, योगा 20 अगस्त को खेल भवन में, वॉलीबॉल 20-21 अगस्त को जिला स्कूल परिसर, कुश्ती 21 अगस्त को खेल भवन, बैडमिंटन 22 अगस्त को राजपूत हाई स्कूल, वुशू व शतरंज 22 अगस्त को खेल भवन, फुटबॉल 22 अगस्त को राजेंद्र स्टेडियम, ताइक्वांडो 23 अगस्त को खेल भवन, क्रिकेट 23 अगस्त को राजेंद्र स्टेडियम, हैंडबॉल 23 अगस्त को उच्च विद्यालय मशरख, रग्बी 24 अगस्त को राजेंद्र स्टेडियम तथा बॉक्सिंग 24 अगस्त को राम जंगल सिंह कॉलेज परिसर में आयोजित किया जाएगा।

लूट की बाइक के साथ दो बदमाश गिरफ्तार ज्वेलरी दूकान में फायरिंग के आरोप में थे नामजद

सीतामढ़ी। के पुपरी थाना पुलिस ने लूट व आर्म्स एक्ट मामले में दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। बतादे की थाना क्षेत्र के आवापुर गांव के समीप दोनो बदमाश को लोडेड देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बाजपट्टी थाना के बाचोपट्टी गांव निवासी उण्डेश्वर मंडल के पुत्र नीतीश कुमार व लक्ष्मी मुखिया के पुत्र सोनेलाल कुमार के रूप में की गई हैं। लूट की बाइक को जाली नंबर डालकर चलाते थे मामले में डीएसपी पुपरी अतनु दत्ता ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के पास से पल्सर बाइक भी जब्त किया गया है। यह पल्सर बाइक 13 जुलाई 24 को पुपरी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर चौक के पास फायरिंग कर लूटी गई थी। जिस बाइक को बरामद करा लिया गया। डीएसपी ने बताया कि अपराधियों ने उक्त बाइक पर जाली नम्बर डालकर उपयोग करते थे। इस बाइक का उपयोग 15 जुलाई 24 को आबापुर में रमेश ज्वेलर्स में लूट के इरादे से घुसकर फायरिंग किया गया था। हालांकि, दुकानदार की बहादुरी से लूट का प्रयास विफल हो गया। किन्तु अपराधी भागने में सफल हुए थे।

देसी पिस्टल के साथ मोबाइल बरामद पुपरी थाने में लूट व आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या 281/24 व 285/24 के अनुसंधान के क्रम में थानाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार सिंह, एसआई शैलेश कुमार, मनोज कुमार व रंजीत कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से अपराधियों को दबोचा गया है। लूट व आर्म्स एक्ट मामले में अपराधियों से तलाशी के दौरान एक देसी पिस्टल, एक गोली व दो मोबाइल जब्त किया गया है। जबकि तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की खोज सरगर्मी से की जा रही है। गिरफ्तार अपराधी नीतीश कुमार व सोनेलाल कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

हाथीपांव पीड़ित न कराएं ऑपरेशन,दवा ही है बचाव का उपाय

सासाराम। जिला मुख्यालय सासाराम के सदर अस्पताल में मंगलवार को फाइलेरियारोधी दवा से वंचित लोगों को दवा का सेवन कराया गया। बता दें कि सदर अस्पताल में दिव्यांगता सर्टिफिकेट को लेकर लोग पहुंचे हुए थे। फाइलेरिया विभाग के लोगों ने एमडीए अभियान की जानकारी देते हुए दवा सेवन के बारे में जानकारी लिया। जिन लोगों ने दवा नहीं खाया था, उन लोगों को वहां दवा सेवन कराया गया। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि वे लोग दवा सेवन कर चुके हैं। बता दें कि फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आशा कर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन करवा रही हैं। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर मणिराज रंजन ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। इसका लक्षण 12 से 15 वर्ष के बाद दिखाई देता है। एक बार यह लक्षण दिखाई देने के बाद यह बीमारी कभी ठीक नहीं होता है। उन्होंने बताया कि हाथीपांव को ऑपरेशन से भी ठीक नहीं किया जा सकता है। इसलिए इसे अति गंभीर बीमारी माना गया है। हाथीपांव बीमारी से बचने के लिए सिर्फ दवा ही एक उपाय है। इस दवा का सेवन प्रतिवर्ष अभियान चला कर कराया जाता है। हाथीपांव पीड़ित न कराएं सर्जरी वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी जयप्रकाश गौतम ने भी बताया कि हाथीपांव के लिए कोई ऑपरेशन नहीं है। इसलिए जो लोग भी ऑपरेशन के लिए सोच रहे हैं वे लोग नहीं करवाएं।

उन्होंने बताया कि हाथीपांव पीड़ितों के लिए सरकार द्वारा विशेष चप्पल एवं देखभाल के लिए एमएमडीपी किट मुहैया कराई जाती है। परंतु जो लोग हाथीपांव से पीड़ित नहीं हैं, वे लोग भी अभियान के दौरान दवा का सेवन कर-के खुद के साथ-साथ अपने घर के लोगों को भी इस गंभीर बीमारी से बचा सकते हैं।

दरियापुर में खेत से युवक का शव बरामद छपरा में हत्या कर शव फेंकने का आरोप

छपरा। के परसा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में एक युवक का शव मकई के खेत से बरामद किया गया। शव मिलने की खबर से घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार युवक सोमवार की रात से लापता था। वहीं मंगलवार को उसका शव बरामद किया गया। युवक के शरीर पर गहरे जख्म और जलने के निशान होने की सूचना है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या कर शव को फेंक दिया गया। मृतक की पहचान दरियापुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी मुन्ना ठाकुर (32) पिता धर्मदेव ठाकुर के रूप में हुई है। मुन्ना परसा बाजार में सैलून चलाता था। मृतक के पत्नी ने जमीन विवाद में हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मृतक की पत्नी ने बताया कि उसके शरीर पर गहरे जख्म के निशान है। उसको करंट देकर मार दिया गया है। उसको पहले भी हत्या को लेकर धमकी मिल चुकी थी।वहीं दरियापुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि एक व्यक्ति का का शव खेत से बरामद किया गया है। परिजनों के आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है।

तमसा नदी में 10 श्रद्धालु फंसे, SSB ने किया रेस्क्यू:वाल्मीकिनगर में फिर बड़ा हादसा टला, 8 दिन पहले भी बचाए गए थे 69 लोग

बगहा (वाल्मिकीनगर)। बगहा के तमसा नदी में एक बार फिर बड़ा हादसा होने से टल गया। इस बार 10 श्रद्धालु वाल्मीकि आश्रम से लौटने के क्रम में नदी में फंस गए। जिन्हें के द्वारा बचाया गया। पूरे स्थिति का वीडियो एसपी के द्वारा जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि जब श्रद्धालु दर्शन कर लौट रहे थे, तभी अचानक पानी के तेज बहाव में फंस गए। सूचना मिलते ही 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कार्मिकों ने त्वरित कार्रवाई की। मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। बलकार्मिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर और उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए सभी 10 श्रद्धालुओं, जिनमें 8 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल थे, को सकुशल नदी से बाहर निकाला।यह दूसरी बार है जब एसएसबी के बलकार्मिकों ने इसी नदी से श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचाया है। इससे पहले भी इसी नदी में फंसे 69 श्रद्धालुओं का एसएसबी ने समय रहते रेस्क्यू किया था। मानसून के दौरान नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने-घटने से श्रद्धालुओं को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रेस्क्यू के बाद सभी श्रद्धालु अपने घर की ओर रवाना हो गए। रस्र के द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश के महाराजगंज निवासी तुषार गुप्ता के साथ छह श्रद्धालु और वाल्मीकि नगर के राहुल कुमार रजक के साथ चार श्रद्धालु दर्शन के लिए गए थे।इससे पहले 12 अगस्त को बगहा के नदी में पानी बढ़ने से 69 लोग फंस गए थे। रस्र और नेपाल की मदद से सभी को रेस्क्यू किया गया था। सभी नेपाल के वाल्मीकि आश्रम में दर्शन के लिए गए थे।

86 साल की उम्र में पायलट बाबा का निधन:PM मोदी और नीतीश भी ले चुके हैं आशीर्वाद, जमीन के नीचे लेते थे समाधि

सासाराम। मंगलवार को पायलट बाबा के नाम से मशहूर महायोगी कपिल अद्वैत सामनाथ गिरी ने अंतिम सांस ली। वे किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। मुंबई के धीरूभाई कोकिला बेन अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बाबा के देहांत से सासाराम स्थित पायलट बाबा धाम आश्रम और भक्तों में शोक की लहर है। पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार भी बाबा से आशीर्वाद ले चुके हैं।

जमीन के नीचे होती थी समाधि

पायलट बाबा का जन्म रोहतास जिले के बिशनपुरा गांव में 1938 में हुआ था। वे चंद्रमा सिंह और तपेश्वरी देवी के बेटे थे। योग विद्या में सिद्धस्थ थे। वे लंबे समय तक समाधि या मुत्यु जैसी शारीरिक अवस्था में प्रवेश करने के लिए जाने जाते थे। उनकी समाधि हमेशा जमीन के नीचे होती थी।महायोगी पायलट बाबा के भारत के साथ-साथ जापान और यूरोप में आश्रम हैं। भारत में उनके सासाराम, हरिद्वार, नैनीताल और उत्तरकाशी जैसे जगहों पर आश्रम हैं। बाबा ने आधा दर्जन पुस्तकें लिखी है। इसमें 'कैलाश मानसरोवर', 'ज्ञान के मोती', 'हिमालय के रहस्यों को जानें', 'अंतर्यात्रा', 'आप से स्वयं तक की तीर्थयात्रा' और 'हिमालय कह रहा है' आदि शामिल हैं।

बाढ़ में सड़क हादसे में 1 युवक की मौत दूसरा युवक जख्मी

पटना। के बाढ़ अनुमंडल के सवेरा सिनेमा हॉल के नजदीक मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दूसरा जख्मी। बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया है।

पेड़ से टकराई बाइक दरअसल, मंगलवार की सुबह बाइक से दो युवक जा रहे थे। तेज रफ्तार होने की वजह से बाइक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में बाइक चला रहे साहिल कुमार (20) ने दम तोड़ दिया। जबकि, दूसरा युवक अभिनव राज उर्फ बबलू (36) घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना बाढ़ पुलिस को दी। बाढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक सवार युवक किसी पार्टी से घर लौट रहे थे।

दरभंगा एयरपोर्ट के प्रवेश द्वार पर शेड का काम अधूरा

दरभंगा। एयरपोर्ट के प्रवेश द्वार के पास उतरी भाग में मधुबनी-जयनगर सड़क किनारे यात्री शेड और फेवर ब्लाक का निर्माण होना था। इसकी कार्य अवधि की समय सीमा समाप्त हो गई। इसके बावजूद निर्माण का काम पूरा नहीं हुआ है। जबकि, संवेदक को तीन महीने में काम पूरा करना था। एयरपोर्ट से सफर करने वाले यात्रियों को उम्मीद थी कि दूसरा शेड बन जाएगा। इसके बाद दूसरे जिले से आकर अपने स्वजन का इंतजार करने वालों को कुछ सुविधा मिलेगी। लेकिन, काम पूरा नहीं हो सका है।दरभंगा एयरपोर्ट के दूसरे यात्री शेड और फेवर ब्लाक के निर्माण के लिए स्थानीय क्षेत्र अनियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल-एक से 12 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी। इसमें 77 फीट लंबा और 32 फीट चौड़ा शेड का निर्माण करना था। इसका निर्माण मार्च 2024 में शुरू किया गया। जानकारों के अनुसार यात्री शेड की लंबाई और चौड़ाई प्राक्कलन के मुताबिक नहीं है। दरभंगा एयरपोर्ट में अब-तक एक प्रतीक्षालय है, जहां यात्री और उनके परिजन ठहरते हैं।

बारिश के पानी से यात्रियों का बचना मुश्किल लोगों को मौसम खराब होने के कारण परेशानी होती है। यहां पर एक साथ तीन-चार फ्लाइट लैंड करती है, तो यह प्रतीक्षालय छोटा पड़ जाता है। बारिश के पानी से यात्रियों का बचना मुश्किल हो जाता है।

चप्पल के निशान से खुला मर्डर का राज शादी के बाद भी प्रेमिका को साथ रखना चाहता था

मोतिहारी। में 14 अगस्त को घर में घुसकर कुल्हाड़ी से काटकर एक लड़की की हत्या कर दी जाती है। परिजन पड़ोसी प्रेमी चुनचुन पर हत्या का आरोप लगाते हैं। पुलिस छानबीन में जुटती है, लेकिन चुनचुन के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं जुटा पाती है। 15 अगस्त को एक बार फिर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचती है। छानबीन के दौरान घर के पीछे खिड़की के नीचे किसी के चप्पल का निशान पुलिस को दिखता है। पुलिस उस दाग की तस्वीर ले लेती है। ये एक तस्वीर वारदात की पूरी गुत्थी को खोलकर रख देती है। मोतिहारी के मधुबन थाना क्षेत्र के गुरमिया गांव में पूजा (19) नाम की एक लड़की का शव उसके घर में मिलता है। गला काटकर उसकी हत्या की गई होती है। घर वाले पड़ोस के रहने वाले उसके प्रेमी चुनचुन (24) पर लगाते हैं। पुलिस मौके पर पहुंचती है। जांच करती है, परिजनों का बयान लेती है। बयान के आधार पर पुलिस आरोपी चुनचुन पूछताछ करती है, लेकिन वो साफ मुकर जाता है। पुलिस के पास कोई ठोस सबूत नहीं होता। लिहाजा, पुलिस अपने जांच के दायरे को बढ़ाती है।

अब चुनचुन और पूजा की लव स्टोरी जानिए पूजा का घर चुनचुन के घर के बगल था। दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला बढ़ता है और वो आपस में करीब आ जाते हैं। डेढ़ साल से दोनों के बीच अफेयर चल रहा होता है। इस बीच चुनचुन की शादी हो जाती है। वारदात के 7 दिन पहले चुनचुन की पत्नी पूजा से बात करते हुए अपने पति को पकड़ लेती है। वो पूजा से इस बात को लेकर लड़ती है। इसके बाद पूजा चुनचुन का नंबर ब्लॉक कर देती है। चुनचुन इस बात परेशान हो जाता है, लेकिन पूजा अपने फैसला नहीं बदलती है। अब वारदात की वजह समझिए 14 अगस्त को चुनचुन पूजा को मैसेज करता है कि वो उसका वीडियो वायरल कर देगा। इसके बाद पूजा उसे अन ब्लॉक करती है। दोनों में 4 दफे बात होती है। पूजा चुनचुन से कहती है कि वो अब पुलिस के पास जा रही है। पुलिस की बात सुनकर चुनचुन डर जाता है। उसे पता चलता है कि पूजा की नानी गांव में किसी शादी में गई है। वो उसके घर पहुंचता है और पूजा का मोबाइल ढूंढने लगता है, लेकिन पता चलता है कि मोबाइल नानी लेकर गई है। दोनों के बीच बहस होती है। चुनचुन पूजा का गला पकड़ लेता है। वो बचने के लिए चुनचुन के प्राइवेट पार्ट पर पैर से मार देती है। इसके बाद गुस्से में चुनचुन घर में पड़े कुल्हाड़ी से पूजा के गले पर वार कर देता है। वो जमीन पर गिर जाती है और दम तोड़ देती है। फिर वो घर के पीछे की खिड़की से कूदकर भाग जाता है।वारदात के एक दिन बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचती है। घर के कोने-कोने को खंगालती है। उसके बाद पुलिस घर के पीछे जाती है। वहां खिड़की के नीचे उसे एक चप्पल का निशान मिलता है। जानकारी के मुताबिक, 13 अगस्त की रात बारिश हुई थी।

खूबसूरत दिखना हर कोई चाहता है। लोगों की यही चाहत ऐसे बहुत से रोजगार पैदा कर जाती है, जिसकी आमतौर पर सामान्य छात्र कल्पना नहीं करता। कॉस्मेटोलॉजी ऐसा ही क्षेत्र है। इसमें अनेक शाखाएं हैं, जहां भविष्य की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। आप हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट तक बन सकते हैं और जॉब के रूप में हजारों तथा खुद का काम करके लाखों कमा सकते हैं।

सौन्दर्य के संसार में खूबसूरत करियर

सुन्दर दिखने की चाहत और उसके लिए तरह-तरह के नुस्खों की आजमाइश जोरों पर है। इसके लिए बाजार में सौन्दर्य प्रसाधनों व लाइफ स्टाइल के उत्पादों की बाढ़ सी आ गई है। शेविंग क्रीम हो या टूथ पेस्ट, फेस क्रीम, स्क्रीन क्रीम या फिर शैम्पू, साबुन और तेल-ये सभी आम जीवन की जरूरतों में शामिल हैं। बाजार में रोजमर्रा की मांग ने इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी खूब पैदा किए हैं। कॉस्मेटोलॉजी का कोर्स इन अवसरों के बीच ही ले जाता है। इसकी मांग को देखते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय में भी इस कोर्स को करवाया जा रहा है।

कॉस्मेटोलॉजी के रंग

इस कोर्स में छात्रों को पहले कॉस्मेटोलॉजी की विभिन्न ब्रांच और उसके विविध रूपों की जानकारी दी जाती है। ये ब्रांच हैं हेयर स्टाइलिस्ट, शैम्पू टेक्नीशियन, नख प्रसाधक, इस्थेटिशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, नेल टेक्नीशियन और इलेक्ट्रोलॉजिस्ट। इसके बाद इन क्षेत्रों में काम आने वाले विभिन्न प्रोडक्ट्स के निर्माण के बारे में बताया जाता है। मसलन शेविंग क्रीम, टूथ ब्रश, पेस्ट, फेस क्रीम, सन्सक्रीम, नेल पॉलिश आदि। कोर्स से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो लाइफ स्टाइल और सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े जितने भी प्रोडक्ट प्रचलन में हैं, चाहे वे त्वचा संबंधी हों या आंख, नाक, कान, बाल, मुंह या शरीर के किसी और अंग से, इन सबके बारे में इस कोर्स में बताया जाता है। हेयर स्टाइलिस्ट को बालों के विभिन्न रूप, उनकी कटिंग और उनमें काम आने वाले कैमिकल्स की जानकारी दी जाती है। बालों को सुंदर बनाने की कला से भी रूबरू कराया जाता है।

शैम्पू टेक्नीशियन को आमतौर पर शैम्पू बनाने की विधियां, उसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन और उसके इस्तेमाल की तरकीबें बताई जाती हैं। नख प्रसाधन के क्षेत्र में हाथ और पैर को सुन्दर बनाने वाली पॉलिश और क्रीम आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही देखभाल के बारे में जानकारी दी जाती है।

इस्थेटिशियन को आमतौर पर त्वचा की देखभाल की कला सिखाई जाती है। उसे नई तकनीक के इस्तेमाल से अंग लेपन, फेशियल मसाज आदि से अवगत कराया जाता है। इसमें दक्ष इस्थेटिशियन चाहे तो स्वतंत्र रूप से सैलून या स्पा में काम कर सकता है। वह चाहे तो किसी डॉक्टर को इस क्षेत्र की प्रैक्टिस में सहायता भी प्रदान कर सकता है। इस्थेटिशियन को त्वचा की देखभाल संबंधी उत्पाद की जानकारी के साथ-साथ उसके नफे-नुकसान के बारे में बताया जाता है। त्वचा की पूरी तरह से देखभाल के कारण इसे स्किन केयर थेरेपिस्ट भी कहा जाता है।

ब्यूटी थेरेपिस्ट को मशीन द्वारा बालों को हटाना, आंखों की पुतलियां सजाना, ठीक करना जैसी चीजों के बारे में दक्ष बनाया जाता है। इलेक्ट्रोलॉजिस्ट को इलेक्ट्रोलिसिस का इस्तेमाल करना सिखाया जाता है। विद्युत तरंगों से लैस मशीन से बाल को उखाड़ना या उसे उगाना जैसे काम इसमें बखूबी किए जाते हैं। कोर्स में छात्रों को सामान्य मेडिसिन की जानकारी भी दी जाती है। हालांकि डॉक्टर की तरह इलाज करना उसका काम नहीं होता। उसे सौन्दर्य प्रसाधन से जुड़े प्रोडक्ट्स का क्या-क्या असर होगा, यह भी पढ़ाया जाता है। मोटापा बढ़ने पर वजन कम करने और आकर्षक लुक व सुडौल शरीर कैसे बने, इसका भी ज्ञान दिया जाता है। यही नहीं, उसे मानव साइकोलॉजी का भी पाठ पढ़ाया जाता है। कोर्स में एनेलिटिकल कैमिस्ट्री का भी पाठ शामिल है।

दाखिले की प्रक्रिया

दाखिले के लिए कहीं 12वीं पास तो कहीं बीएससी या स्नातक की मांग की जाती है। कैमिस्ट्री की पढ़ाई करने वालों के लिए यह और फायदेमंद हो जाता है। यह कोर्स सरकारी और गैर-सरकारी, दोनों तरह के संस्थानों में चल रहे हैं।

रोजगार कहां

कोर्स को करने के बाद छात्र चाहे तो खुद बॉडी केयर सेंटर खोल सकते हैं। दिल्ली जैसे शहर में इस तरह के सेंटर से लोग प्रति माह हजारों रुपए कमा रहे हैं। आप ब्यूटीशियन के लिए बतौर कंसलटेंट काम कर सकते हैं। कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों में भी काफी अवसर हैं। छात्र चाहे तो कॉस्मेटिक निर्माण की यूनिट भी लगा सकता है। जहां तक आय का सवाल है, कोई चाहे तो किसी के यहां काम करके 20 से 30 हजार रुपए भी कमा सकता है और स्वरोजगार में लाख, दो लाख रुपए महीना भी।

क्या कहता है आपका एप्टीटयूड

विषय अनेक और करियर भी अनेक, इतने कि किसे चुनें, किसे नहीं। इसी ऊहापोह में छात्र भटक कर रह जाते हैं। अपनी दुविधा लेकर काउंसलरों के पास आने वाले छात्रों के आंकड़े बताते हैं कि हाल-फिलहाल में छात्रों में यह असमंजस की स्थिति कहीं ज्यादा बढ़ी है। आपके इस असमंजस को सही दिशा दे सकता है एप्टीटयूड टैस्ट। किस-किस तरह के हैं ये एप्टीटयूड टैस्ट?

अमोल संगीतज्ञ बनना चाहता है, लेकिन उसके माता-पिता उसे इंजीनियर के रूप में देखना चाहते हैं। पिता और अमोल के बीच करियर के चुनाव को लेकर काफी दिन तक खींचतान चलती रही। घर में इस कलह को दूर करने के लिए उसे काउंसलरों ने एप्टीटयूड टैस्ट कराने की सलाह दी। अमोल के एप्टीटयूड टैस्ट के बाद ही यह पता लगाया गया कि वह एक सफल संगीतज्ञ बन सकता है। टैस्ट में उसमें क्रिएटिव इनोवेशन के लक्षण ज्यादा पाए गये। इस क्षेत्र में उसकी विशेष रुचि भी देखी गई। अमोल अकेला ऐसा छात्र नहीं। उसकी तरह कई और भी छात्र हैं, जिनके जीवन को सही दिशा देने के लिए माता-पिता अब एप्टीटयूड टैस्ट कराने लगे हैं। किसी व्यक्ति की क्षमता का आकलन एप्टीटयूड टैस्ट से ही हो पाता है। उसमें इंजीनियर बनने की क्षमता है या ड्राइवर या कलाकार, इसे पता लगाने का सटीक उपाय है एप्टीटयूड टैस्ट। दिल्ली विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रो. एनके चड्ढा कहते हैं, करियर का सही चुनाव और उसमें मौजूद क्षमता के आकलन के लिए एप्टीटयूड के साथ बच्चे की रुचि भी देखी जाती है। ऐसा करने पर करियर के चुनाव में खासी मदद मिलती है। एप्टीटयूड और इंटरेस्ट, दोनों एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं और साथ-साथ चलते हैं। अगर एक है और दूसरा नहीं तो करियर को सही दिशा नहीं मिलती।

काउंसलर गीतांजलि कुमार करियर और जीवन को सही दिशा देने में एप्टीटयूड और इंटरेस्ट के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व और शारीरिक क्षमता को भी एक कड़ी मानती हैं। वह कहती हैं, इन सबको मिला कर ही किसी को करियर या जीवन में कोई राह चुनने की सलाह दी जाती है। अगर किसी में किसी कार्य के प्रति एप्टीटयूड है, पर रुचि या करने की इच्छा नहीं तो उस दिशा में भेजना बेकार है। इसी तरह पहली दोनों चीजें हैं, लेकिन शारीरिक क्षमता या व्यक्तित्व नहीं तो ऐसे करियर के चुनाव की सलाह देना बेकार है। वह कहती हैं, व्यक्तित्व भी पॉजिटिव मोटिव देता है, इसलिए तीनों को देखना जरूरी है।

क्यों है जरूरी

एप्टीटयूड टैस्ट ही किसी छात्र या व्यक्ति के करियर और काम की दिशा बताता है। उसकी क्षमता और रुचि को बताता है। इसके बाद उसे सही प्रोफेशन चुनने की सलाह दी जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर ऐसा नहीं होता तो अमुक व्यक्ति में आगे चल कर कुंठा का जन्म होता है। वह काम को एन्जॉय नहीं कर पाता। ऐसी स्थिति में उसके अंदर नकारात्मक सोच हावी हो जाती है। वह विध्वंसात्मक दिमाग का हो जाता है। उसमें पहचान का संकट भी पैदा होने लगता है। एप्टीटयूड, रुचि और व्यक्तित्व के हिसाब से काम नहीं मिलने पर वह अपने पेशे में उतना सक्षम साबित नहीं होता, जितना दूसरे लोग। ऐसे में वह दूसरों को नीचा दिखाने के लिए कई बार उलटे-सीधे हथकंडे भी अपनाता है। सफलता नहीं मिलने पर वह कई बार अवसाद की स्थिति में आ जाता है और आत्महत्या को मजबूर हो जाता है, इसलिए शिक्षण संस्थानों को सरकार ने बच्चों के करियर की दिशा तैयार करने को कहा है। शिक्षण संस्थाओं में करियर एंड काउंसलिंग सेंटर आए दिन इसी वजह से खोले जा रहे हैं। यह हर संस्थान और काम की जगह की जरूरत बनती जा रही है। प्रो. चड्ढा कहते हैं, भारत में इस तरह की समस्याओं के लिए निजी प्रैक्टिशनर की ओर से जगह-जगह नगरों व महानगरों में काउंसलिंग सेंटर खुल गए हैं, लेकिन इसे चलाने वाले लोग आमतौर पर क्वालिफाइड नहीं होते। काउंसलिंग के लिए कौन सा व्यक्ति उपयुक्त है या नहीं, इसके लिए नेशनल एजेंसी बनी है। वह क्वालिफिकेशन तय करती है। गाइडलाइंस भी तैयार किए हैं।

एप्टीटयूड टैस्ट के रूप-रंग

लॉजिकल रीजनिंग- एप्टीटयूड टैस्ट के कई आयाम हैं, जिनमें एक है लॉजिकल रीजनिंग। इसके तहत कार्य-कारण संबंध पर जोर होता है। किसी व्यक्ति में मानसिक स्तर पर कैलकुलेशन की क्षमता कितनी है, इसका आकलन लॉजिकल रीजनिंग के माध्यम से किया जाता है। अगर वह लॉजिकल रीजनिंग में ज्यादा स्कोर करता है तो इससे पता चलता है कि वह कायदे-कानून में रह कर कठिन से कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। इस क्षमता से लैस युवा मैनेजर, वैज्ञानिक और व्हाइट कॉलर जॉब में जाने के उपयुक्त होते हैं।

एब्सट्रेक्ट रीजनिंग - इसके तहत खरा उतरने वाला युवा बिखरी हुई चीजों को एकत्रित करके प्लान के साथ काम करने में विशेष हुनर रखता है। इसमें एप्टीटयूड किस तरफ जा रहा है, उसकी दिशा क्या है, वह एक एरिया से दूसरे एरिया में लिंक कर रहा है या नहीं, यह भी देखा जाता है। सिविल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में बेहतर करने वाले युवाओं में एब्सट्रेक्ट रीजनिंग हल करने की क्षमता ज्यादा पाई जाती है।

न्यूमेरिकल रीजनिंग - यह किसी व्यक्ति की गणितीय क्षमता की जानकारी देता है। वह गुणा-भाग करने और सांख्यिकीय सवालों को हल करने की कितनी क्षमता रखता है, इसका आकलन इसके द्वारा किया जाता है। इसे देख कर ही उसे इस विषय या क्षेत्र से जुड़े करियर में जाने की सलाह दी जाती है। मसलन सीए, गणितज्ञ और लेखाकार आदि बनने के लिए न्यूमेरिकल रीजनिंग में बेहतर होना चाहिए।

आई-हैंड कोऑर्डिनेशन - आमतौर टेक्निकल काम मसलन ड्राइविंग हो, पायलट या फिर किसी मशीन को चलाने के लिए मशीनमैन हो, उसमें यह एप्टीटयूड जरूर होना चाहिए। इसमें कोई व्यक्ति हाथ, पैर व आंख को काम करते वक्त कितना केन्द्रित कर पाता है, यह देखा जाता है। ऐसा व्यक्ति दुर्घटनाओं को कम करने में काफी मददगार साबित होता है। ड्राइवर, पायलट, मशीनमैन और मैकेनिकल जॉब के लिए यह एप्टीटयूड बढ़िया माना जाता है।

क्रिएटिव इनोवेशन - इसमें किसी व्यक्ति की रचनात्मक क्षमता का आकलन किया जाता है। उसमें कलात्मक रुझान व रुचि का पता लगाया जाता है। आमतौर पर व्हाइट कॉलर जॉब में इस तरह के लोगों की जरूरत पड़ती है। इसके तहत यह भी देखा जाता है कि वह निर्णय कितना शीघ्र और सही रूप में लेता है। उसमें फ्लेक्सिबिलिटी भी होनी चाहिए। कोई व्यक्ति स्वभाव में अड़ियल तो नहीं है। अगर उसमें फ्लेक्सिबिलिटी का स्तर बेहतर है तो उसे उच्चतम पदों की जिम्मेदारी दी जाती है। इसमें उसके अंदर बड़प्पन कितना है, इसका आकलन भी किया जाता है। एप्टीटयूड टैस्ट में ओरिजनेलिटी और मौलिकता को भी देखा जाता है। ऐसे चंद ही व्यक्ति होते हैं, जो अलग किस्म के आइडिया से लैस होते हैं। इस टैस्ट में ओरिजनल आइडिया को देखा व समझा जाता है। इसे बहुविध सोच के रूप में भी देखा जाता है। यह गुण जिसमें है, उसमें अध्यापक, लेखक, अभिनेता, संगीतज्ञ और आविष्कारक बनने की क्षमता होती है।

प्रोफेशनल लाइफ में रख रहे हैं कदम अपनाएं ये टिप्स

कॉलेज लाइफ को अलविदा कहकर प्रोफेशनल वर्ल्ड में कदम रखने कम चुनौतीपूर्ण नहीं हैं। कई युवाओं के लिए कॉलेज ग्रेजुएशन पूरा होने और अपने पहले जॉब की शुरुआत काफी तनावपूर्ण होती है। कॉलेज पूरा करने के बाद आपको जॉब हंटिंग, इंटरव्यू देना होता है और वास्तविकता का सामना करना इतना आसान नहीं है। कॉलेज स्टूडेंट से एक प्रोडक्टिव एम्प्लॉई बनने का यह ट्रांजिशन सफल बनाने के लिए कुछ बातों को समझना जरूरी है। इन मुद्दों को समझकर और उनके लिए तैयार रहकर इस बदलाव को आसान बना सकते हैं।

कॉलेज जाने और नौकरी पर जाने में बहुत फर्क है। आप जॉब में बंक नहीं मार सकते। आप पैसे देकर ट्यूशन नहीं ले रहे बल्कि आपको पे किया जा रहा है। इसलिए ट्यूशन की तरह मन न होने पर आप काम पर नहीं जाने का मन नहीं बना सकते। आपको नौकरी में आठ घंटे तो काम करना ही पड़ता है।

कॉलेज का समय प्रयोग का समय होता है। हम यहां थोड़ा गैर जिम्मेदार हुए तो चलेगा लेकिन प्रोफेशनल लाइफ में ऐसा नहीं है। कॉलेज में गैर जिम्मेदार होने का मतलब खराब ग्रेड लेकिन वर्कप्लेस पर अनप्रोफेशनल होना मतलब आपके नौकरी की छुट्टी। प्रोफेशनल का मतलब ही सेल्फ-स्टार्टर होता है। कॉलेज से ज्यादा डेडलाइन का सामना आपको प्रोफेशनल वर्ल्ड में करना होगा।

ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद आपके दिमाग में अपना स्पष्ट करियर पाथ होना चाहिए लेकिन अगर आपका पहला जॉब अपनी योजना से मेल नहीं खाता है तो घबराइए नहीं।

कॉलेज छोड़ने और प्रोफेशनल दुनिया में कदम रखने में बहुत चीजें बदलती है। हां, अगर आप दोपहर तक सोते रहते हैं या देर रात फिल्में देखते हैं तो यह सब आपको बंद करना पड़ेगा। आपकी डाइट भी बदलेगी। लाइफस्टाइल के बदलावों के लिए तैयार रहें।

कॉलेज लाइफ खत्म होने का मतलब नहीं कि आपकी लाइफ से फन गायब हो गया। आप अभी भी ट्रेवल कर सकते हैं, दोस्तों के साथ समय बिता सकते हैं और नए व रोमांचक चीजें सीख सकते हैं। इस समय आपको देखना होगा कि किस तरह से मनोरंजन करें ताकि आप अपनी जॉब की जिम्मेदारी भी अच्छे से निभा पाएं।

राजनीति में आ सकती हैं विनेश, चचेरी बहन बबीता के खिलाफ लड़ सकती हैं विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलवान विनेश फोगट के हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। करीबी सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी सामने आई है। हालांकि विनेश ने पहले कहा था कि वह सक्रिय राजनीति में नहीं आएंगी। लेकिन ताजा रिपोर्ट के अनुसार कुछ राजनीतिक दल उन्हें मनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने का मौका विनेश ने गंवा दिया क्योंकि उन्हें 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। विनेश का शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी और सोनीपत के उनके गांव बलाली में जोरदार स्वागत किया गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा और उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें माला पहनाई। हालांकि विनेश किस पार्टी में शामिल होने जा रही हैं इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है।

2024 ओलंपिक फाइनलिस्ट पहलवान की भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर फोगट परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया, 'हां, क्यों नहीं? संभावना है कि हरियाणा विधानसभा में आप विनेश फोगट बनाम बबीता फोगट और बजरंग पुनिया बनाम योगेश्वर दत्त देखें। कुछ राजनीतिक दल उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं।'

विनेश के एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही उनके प्रशंसकों, परिवार और दोस्तों ने उनका जोरदार स्वागत किया, जो सुबह के समय के बावजूद बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। जबरदस्त समर्थन और स्नेह ने कुश्ती आइकन को भावुक कर दिया। एयरपोर्ट के बाहर लोगों ने जश्न मनाया और उनकी भावनाएं चरम पर थीं। विनेश का स्वागत करने वालों में सबसे पहले साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया शामिल थे जिन्होंने पिछले साल कुश्ती से संन्यास ले लिया था।

विनेश ने शनिवार को कहा था, 'हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है और लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत हो।' शुक्रवार को विनेश ने ओलंपिक पोडियम पर चूकने पर गहरा दुख व्यक्त किया, उन्होंने अपनी व्यक्तिगत निराशा को भारत में महिलाओं के अधिकारों के लिए व्यापक संघर्ष से जोड़ा, एक ऐसा मुद्दा जिसकी उन्होंने पूर्व कुश्ती महासंघ प्रमुख के खिलाफ अपने विरोध में वकालत की थी।

शुक्रवार रात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए तीन पन्नों के पत्र में विनेश ने खेल में संभावित वापसी का संकेत दिया जिससे पेरिस ओलंपिक में अयोग्य ठहराए जाने के बाद संन्यास लेने के अपने पहले के फैसले के बावजूद उनके लिए

दरवाजे थोड़े खुले रह गए। टीम के प्रयासों के बावजूद विनेश वजन मापने के लिए समय पर वजन नहीं कर पाई, जिसके कारण उन्हें स्वर्ण पदक मैच से अयोग्य घोषित कर दिया गया। संयुक्त रजत पदक के लिए कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में उनकी अपील बाद में बुधवार को खारिज कर दी गई।

यानिक सिनर और आर्यना सबालेंका को सिनसिनाटी ओपन के खिताब

मेसन (अमेरिका) (एजेंसी)। विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिलाओं में नंबर दो आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल करके खिताब जीते। यह दोनों खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन में पहली बार चैंपियन बने।

सबालेंका ने जेसिका पेगुला को 6-3, 7-5 से हराकर जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार कोई खिताब जीता। शुक्रवार को अपना 23वां जन्मदिन मनाने वाले सिनर ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 7-6(4) 6-2 से हराया। वह 2008 में एंडी मरे के बाद सबसे कम उम्र में सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

मरे ने 21 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था। सिनर और टियाफो दोनों पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर में पहुंचना था। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।

आईसीसी वनडे रैंकिंग : स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर, हरमनप्रीत 9वें

दुबई (एजेंसी)। भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी महिलाओं की नवीनतम आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एकदिवसीय रैंकिंग में एक पायदान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। मंधाना के नाम 738 रेटिंग अंक हैं और वह वनडे प्रारूप में भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली बल्लेबाज है।

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस सूची में अपना 9वां स्थान बरकरार रखा है। श्रीलंका की दिग्गज बल्लेबाज चमारी अट्टापट्टू तीसरे से चौथे स्थान पर खिसक गई जबकि टीम की उनकी साथी बल्लेबाज नीलाक्षिका डी सिल्वा (तीन पायदान ऊपर 32वें), हर्षिता समरविक्रमा (8 स्थान के सुधार के साथ 44वें) और कविशा दिलहारी (4 स्थान के सुधार के साथ 50वें पायदान) ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया।

मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपने चौथे स्थान का बचाव करने में सफल रही। समरविक्रमा और आयरलैंड की सलामी बल्लेबाज गैबी लुईस करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। श्रीलंका और आयरलैंड के बीच खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 44 गेंद में 65 रन बनाने वाली समरविक्रमा तीन स्थान के सुधार के साथ 13वें तो वहीं 75 गेंद में 119 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाली लुईस 4 स्थान के सुधार के साथ 21 स्थान पर पहुंच गई। लुईस इससे पहले जुलाई 2022 में इस रैंकिंग पर पहुंची थी।

आप मुझे आने वाले मैचों में गेंदबाजी करते हुए देखेंगे: इशांत शर्मा

दुबई (एजेंसी)। नई दिल्ली -पुरानी दिल्ली 6 के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा मैदान पर वापस आने और नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। पुरानी दिल्ली 6 मंगलवार को ईस्ट दिल्ली राइडर्स से भिड़ेगी और बुधवार को वेस्ट दिल्ली लायंस से भिड़ेगी। इशांत ने आखिरी बार आईपीएल 2024 में सफेद गेंद का मैच खेला था, अब डीपीएल में मैदान पर कदम रखने के लिए उत्सुक हैं।

इशांत ने एक बयान में कहा, 'डीपीएल की तैयारी अच्छी रही है। आईपीएल के बाद मुझे अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं मिला। बस अपनी फ्रेंचाइजी के लिए थोड़ी और तैयारी और मैं डीपीएल में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हो जाऊंगा। आप सभी मुझे पुरानी दिल्ली 6 के लिए आने वाले मैचों में गेंदबाजी करते हुए देखेंगे।'

इशांत अपने विशाल अनुभव के जरिए युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पुरानी दिल्ली 6 के



युवा खिलाड़ी इशांत शर्मा के साथ अपने प्रवास का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। इशांत ने पिछले सप्ताह कहा, 'युवा खिलाड़ियों के लिए मेरा संदेश है कि कड़ी मेहनत करते रहें और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें, यह प्रारूप कठोर हो सकता है, लेकिन अगर आप अपनी क्षमताओं पर भरोसा और कड़ी मेहनत करते हैं तो आप किसी भी प्रारूप में कमाल कर सकते हैं।'

पुरानी दिल्ली 6 के टीम के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, 'इशांत शर्मा पुरानी दिल्ली 6 में अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। उनका मार्गदर्शन और सलाह हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए अमूल्य है। टीम में उनके जैसा खिलाड़ी होने से पूरी टीम के लिए सीखने की प्रक्रिया में वृद्धि होती है। वह नियमित रूप से प्रशिक्षण सत्र में भाग लेते हैं और हम सभी उनकी गेंदबाजी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'

पुरानी दिल्ली 6 टीम

ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

अब युवराज की जिंदगी पर बनेगी बायोपिक

नई दिल्ली। 2011 एकदिवसीय विश्वकप में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह के जीवन पर अब फिल्म बनने जा रही है। स्वयं युवराज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ये जानकारी देते हुए इस फिल्म के निर्माता का आभार जताया है। युवराज पर बन रही इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार-रवि भगचांदका करेंगे। इस फिल्म में युवराज की भूमिका कौन सा कलाकार निभाएगा ये अभी तय नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि रणवीर कपूर से भूमिका निभा सकते हैं। रणबीर ने इससे पहले अभिनेता संजय दत्त की भूमिका भी निभाई थी। फिल्म मे युवराह का क्रिकेट करियर

और उसके बाद कैंसर से उनकी जंग भी दिखायी जाएगी। कैंसर के बाद युवराज ने भारतीय टीम में भी वापसी की थी। वहीं लीग क्रिकेट भी खेला। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर भी एक बायोपिक धोनी - द अनटोल्ड स्टोरी बनी थी और उसने सफलता के कई रिकार्ड बनाये थे। उसमें धोनी की भूमिका दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने निभाई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि युवराज पर बनी फिल्म भी खासी सफल होगी।

आरसीबी की तरफ से खेलना चाहते हैं रिंकू

नई दिल्ली। बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा है कि अवसर मिलने पर वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से भी खेलना चाहेंगे। रिंकू अभी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से आईपीएल में खेलते हैं। रिंकू के इस बयान से सभी हैरान हैं। रिंकू को आईपीएल में केकेआर की ओर से किये धमाके दार प्रदर्शन के कारण ही टीम इंडिया में भी जगह मिली है। रिंकू के अनुसार आईपीएल के अगले सत्र में यदि केकेआर की टीम ने उन्हें नहीं रखा तो वह आरसीबी जाकर विराट कोहली के साथ खेलना चाहेंगे। साल 2018 में रिंकू सिंह ने केकेआर की तरफ से आईपीएल में खेला था। आईपीएल ओर घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल उन्हें भारतीय टी20 टीम में जगह मिली थी। वहीं दिसंबर 2023 में उनको दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय में डेब्यू का अवसर मिला। रिंकू का करियर संघर्ष भरा रहा। घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जगह दिलाई, जहां उन्हें 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब और बाद में 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने खरीदा। आईपीएल में रिंकू को शुरुआत में अपनी जगह बनाने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपना ज्यादातर समय बाहर बैठकर बिताया। हालांकि 2022 के सीजन में उनकी किस्मत बदल गई, जहां उन्होंने सात मैचों में 34.80 की औसत और 148.72 की स्ट्राइक रेट से 174 रन बनाए। इस प्रदर्शन ने केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का ध्यान खींचा जिन्होंने रिंकू की प्रशंसा की और युवा खिलाड़ी की सफलता पर अपनी खुशी व्यक्त की।

ऑस्ट्रेलिया दौरे में खेल सकते हैं शमी : शाह

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कहा है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। शाह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे में हमें शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ी की जरुरत पड़ सकती है। भारतीय टीम इस साल के अंत में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ये दौरा कठिन होने की संभावना है। इसी को देखते हुए बोर्ड ने अपने तेज गेंदबाजों की फिटनेस बनाये रखने पर ध्यान दिया है। इसी के तहत ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा रहा है। इसके अलावा सर्जरी के बाद उबर रहे शमी पर भी बोर्ड की नजरें लगी हुई हैं। शाह ने कहा, हमारी टीम पहले से ही तैयार है। हमने बुमराह को काफी आराम दिया है। इसके अलावा शमी के भी तब तक पूरी तरह से फिट होने की संभावना है। ऐसे में दौरे पर जाने वाले टीम काफी अनुभवी रहेगी। 2023 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही शमी खेल से दूर हैं। टूर्नामेंट के बाद उन्होंने सर्जरी भी कराई थी पर अब वह अभ्यास करने लगे हैं। इसी को लेकर शाह ने कहा, देखिए शमी ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेंगे क्योंकि उनको पास काफी ज्यादा अनुभव है। हमें उनकी जरूरत ऑस्ट्रेलिया में जरुरत पड़ेगी। वहीं बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बताया कि शमी को अगर रणजी ट्रॉफी में खेलना है तो रणजी में अपनी फिटनेस दिखानी होग।

बुमराह पिछले 5-6 साल में कई प्रारूप में खेलने वाला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज: ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान

दुबई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पिछले पांच या छह वर्षों में कई प्रारूपों में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। पोंटिंग ने कहा कि बुमराह के लंबे समय तक खेलने को लेकर कुछ चिंताएं हो सकती हैं लेकिन उन्होंने हमेशा चोटों से उबरकर मजबूत वापसी की है। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यु' पर कहा, 'मैं यह लंबे समय से कहता रहा हूं कि वह पिछले पांच या छह साल से विश्व क्रिकेट में शायद कई प्रारूप में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।'

उन्होंने कहा, 'कुछ साल पहले जब चोटें लगी तो कुछ डर था कि 'क्या वह पहले जैसा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने वापसी करके वास्तव में बेहतर प्रदर्शन किया है।' ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'इन खिलाड़ियों के बारे में हमेशा सही जानकारी पाने का सबसे अच्छा तरीका (अन्य) खिलाड़ियों से पूछना है। और जब आप विपक्षी बल्लेबाजों से उनके (बुमराह) बारे में बात करते हैं तो हमेशा यही जवाब होता है कि 'नहीं, वह एक बुरा सपना हैं!' आप कभी नहीं जानते कि क्या होने वाला है।'

उन्होंने कहा, 'कोई गेंद स्विंग करेगी, कोई सीम होगी, वह इन स्विंग गेंदबाजी करेगा, वह आउट स्विंग गेंदबाजी करेगा।' टी20 विश्व कप में 15 विकेट लेकर बुमराह ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और पोंटिंग ने 30 वर्षीय बुमराह की जमकर तारीफ की। पोंटिंग ने कहा, 'अगर मैं टी20 विश्व कप में उनके प्रदर्शन को देखूं तो - गति अब भी वही है, सटीकता या वह जो दे सकते हैं, उसमें कुछ भी नहीं बदला है।'

उन्होंने कहा, 'कौशल भी समान है। वह साल दर साल बेहतर होते जा रहे हैं। जब आपके पास वह कौशल और निरंतरता होती है जो उनके पास है, तो आप एक महान खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। (ग्लेन) मैकग्रा को देखें, (जेम्स) एंडरसन को देखें, इन लोगों को देखें। उनका कौशल इतने लंबे समय तक कायम रहा जो उन्हें बाकी लोगों से अलग

करता है।

अर्जेंटीना को लगा झटका, चिली और कोलंबिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे मेस्सी

ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी चोटिल होने के कारण अर्जेंटीना की तरफ से विश्व कप क्वालीफायर के अगले दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने पांच सितंबर को चिली और उसके पांच दिन बाद कोलंबिया के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए सोमवार को अपनी 28 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मेस्सी अभी दाहिने टखने की चोट से उबर रहे हैं। अर्जेंटीना के कोपा अमेरिका चैंपियन बनने के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय एंजेल डि मारिया भी टीम में नहीं हैं। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना छह मैचों के बाद 15 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष पर है।



बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेलना संभव नहीं : हीली

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली बांग्लादेश के हालातों को देखकर बेहद डरी हुई हैं। एलिसा ने कहा है कि जिस प्रकार वहां हिंसा हुई है और कई लोगों की जान गयी है। उसको देखते हुए अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेलना किसी के लिए भी संभव नहीं होगा। हीली के अनुसार पिछले कुछ समय में जिस प्रकार के हालात वहां रहे हैं उसमें कोई भी वहां खेलने की कल्पना तक नहीं कर सकता। बांग्लादेश को इस बार महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी मिली है और ये टूर्नामेंट तीन से 19 अक्टूबर तक खेला जाना है। जिससे ऑस्ट्रेलिया सहित सभी 10 टीमों को भाग लेना है। आईसीसी ने अभी तक किसी अन्य स्थल पर इसे आयोजित करने की घोषणा नहीं की है हालांकि ये माना जा रहा है कि ये किसी अन्य जगह पर रखा जाएगा। एलिसा ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से कहा कि मुझे इस समय वहां खेलने के बारे में सोचना भी मुश्किल लग रहा है। एक इंसान के तौर पर मुझे लगता है कि ऐसा करना गलत होगा। उन्होंने कहा कि यह ऐसे देश से संसाधन छीनना होगा जो पहले ही काफी संघर्ष कर रहा है। इन संसाधनों की उन सभी लोगों की जरूरत है जो जरुरतमंद हैं। एलिसा ने हालांकि कहा कि इस बारे में अंतिम फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को लेना है। उन्होंने कहा कि इस समय बांग्लादेश में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने से ज्यादा जरुरी वहां अन्य प्रकार की सहायता देना है। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में बांग्लादेश में सीमित ओवरों की सीरीज खेली थी जिसके सभी छह मैच ढाका में खेले गए थे। यह 2014 के टी20 विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया का बांग्लादेश का पहला दौरा था और देश में टी20 विश्व कप की उनकी तैयारियों को देखते हुए अहम माना जा रहा था। हीली को भरोसा है कि टूर्नामेंट को कहीं और आयोजित किया।

चंद्रपॉल और स्ट्रॉस में हैं कई समानताएं

मुम्बई। क्रिकेट में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो एक ही पारी में शून्य जबकि दूसरी में शतक लगाने में सफल हुए हैं। इन खिलाड़ियों में कई भारतीय क्रिकेटर शामिल हैं। इसमें सुनील गावस्कर, गुंडप्पा विश्वनाथ, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और चेतेश्वर पुजारा जैसे बल्लेबाज शामिल हैं। वहीं दो बल्लेबाज ऐसे हैं जिनके साथ तीन बार ऐसा हुआ है और ये दोनो ही बांए हाथ के बल्लेबाज हैं। ये हैं वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल और इंग्लैंड के एंड्यू स?ट्रॉस। इन दोनो में इसके अलावा भी कई समानताएं हैं। दोनों ही अपनी टीम के कप?तान रहे हैं और 100 से अधिक टेस्ट और एकदिवसीय खेले हैं। दोनों ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। चंद्रपॉल ने 164 टेस्ट, 268 वनडे और 22 टी20 खेल हैं। टेस्ट क्रिकेट में 30 शतकों की मदद से उनके नाम 11867 रन, वनडे में 11 शतकों की मदद से 8778 रन और टी20 में 343 रन उनके नाम पर दर्ज हैं। यही नहीं, 14 टेस्ट और 16 वनडे में वे वेस्टइंडीज टीम के कप्तान रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, इंग्लैंड के एंड्रयू स्ट्रास ने 100 टेस्ट, 127 एकदिवसीय और 4 टी20 खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 21 शतकों की मदद से 7037, वनडे में 6 शतकों की मदद से 4205 और टी20आई में 73 रन बनाए हैं। 50 टेस्ट, 62 एकदिवसीय और 3 टी20 में उन्होंने इंग्लैंड की कप्तानी भी संभाली है। . मार्च 1994 में डेब्यू करने वाले चंद्रपॉल पहली बार फरवरी 1998 में इंग्लैंड के खिलाफ जॉर्जटाउन टेस्ट में शतक 118 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 0 पर आउट हुए थे। दिसंबर 2003 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन टेस?ट में एक बार फिर वे पहली पारी में 0 पर आउट हुए जबकि दूसरी पारी में 109 रन बनाने में सफल रहे। चंद्रपॉल तीसरी और आखिरी बार दिसंबर 2008 में न्यूजीलैंड के खिलाफ नेपियर टेस्ट में पहली पारी में नाबाद 126 रन बनाने बाद वे दूसरी पारी में शून्य पर ही आउट हो गये। वहीं स्ट्रॉस की बात करें तो नवंबर 2003 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाला यह बैटर सबसे पहले जनवरी 2005 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग टेस्ट में शतक बनाने के बाद 0 पर आउट हुआ। पहली पारी में 147 रन बनाने के बाद वे दूसरी पारी में खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। मार्च 2007 में न्यूजीलैंड के खिलाफ नेपियर टेस्ट में वे पहली पारी में 0 पर आउट हुए जबकि दूसरी पारी में 177 रनों पर आउट हुए। तीसरी और आखिरी बार नवंबर 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन टेस्ट में वह पहली पारी में 0 पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में उन्होंने 110 रन बनाने में सफल रहे।

डॉक्टर या इंजीनियर बनना जरूरी नहीं, खेलों से भी बन सकती अच्छी जिंदगी: मनु भाकर

नई दिल्ली (एजेंसी)। चेन्नई = ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ स्वदेश लौटी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एक स्कूल में सम्मानित होने के बाद छात्रों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे 'जिंदगी अच्छी' बनाई जा सकती है। हरियाणा की इस 22 साल की निशानेबाज ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक अपने नाम किये। वह ओलंपिक के किसी एक सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं।

मनु ने यहां 'वेलाम्मल नेक्सस स्कूल' में आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'तोक्यो ओलंपिक में निराशा मिलने के बाद मेरे लिए फिर से आत्मविश्वास हासिल करना काफी मुश्किल था। मैं उस समय विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थी लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।' उन्होंने कहा, 'मैं विफलता के बाद सफलता के स्वाद को जानती हूं। खेलों की यही खूबसूरती है। आप एक प्रतियोगिता में हारते है तो दूसरे में जीतते है। लेकिन ऐसा तभी होगा जब आप लगातार कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे।'

मनु ने युवा छात्रों से खेल को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की सलाह देने के साथ 'बड़े सपने देखने' और 'कड़ी मेहनत' पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें बहुत कड़ी मेहनत और प्रयास करना चाहिए। यह हमेशा किसी बड़े लक्ष्य के साथ शुरू नहीं होता है, आपको इसे हासिल करने के लिए निरंतर काम करते रहना होता है।' उन्होंने कहा, 'आप अगर बड़े सपने देख सकते हैं, तो आप बड़ा हासिल कर सकते हैं। इसलिए, हमेशा बड़े सपने देखने से शुरुआत करें।'

मनु ने कहा, 'मैं हमेशा अपने आप से कहती हूं कि चाहे मैं किसी भी प्रतियोगिता में जीतूं या हारूं, मैं हमेशा अपना मनोबल बनाये रखूंगी।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास करियर के कई विकल्प हैं। आपको डॉक्टर या इंजीनियर बनने की जरूरत नहीं है। खिलाड़ियों का जीवन एक सुंदर जीवन है। वित्तीय सहायता से लेकर किसी भी तरह की मदद तक, आपको खेल में सब कुछ मिलता है।'

पेरिस ओलंपिक में मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के अलावा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ जोड़ी बनाकर कांस्य पदक जीते। उन्हें खुद को प्रेरित करने में अपने माता-पिता की भूमिका को महत्वपूर्ण करार दिया। मनु ने कहा, 'मेरी प्रेरणा मेरी मां से मिली। उन्होंने मुझे वैसा बनाया जैसी मैं आज हूं। माता-पिता के समर्थन के बिना, एक बच्चा बहुत कुछ नहीं कर सकता।'

विधान परिषद और राज्यसभा में आरक्षण लागू करने, संघ में मंथन

नई दिल्ली । 31 अगस्त से 2 सितंबर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक आयोजित हैं। इस बैठक में राज्यसभा और विधान परिषदों में आरक्षण लागू हो। इस पर अंतिम फैसला हो सकता है। दिल्ली में हुई संघ के पदाधिकारी की बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई है। जाति जनगणना और आरक्षण के मामले में जिस तरह की राजनीति, राजनीतिक दलों द्वारा की जा रही है। उससे निपटने के लिए यह प्रस्ताव रामबाण माना जा रहा है। राजनेता राज्यसभा और विधान परिषद में आरक्षण लागू किया जाता है, तो वह जाति जनगणना और आरक्षण को लेकर जिस तरह की सक्रियता बरत रहे हैं। यदि उन्हें राज्यसभा और विधान परिषद में आरक्षण का लाभ मिलेगा। तो वह शांत हो जाएंगे। संघ को लोकसभा चुनाव के दौरान आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने जैसे विषयों से संघ की छवि में बुरा असर पड़ा है। उस छवि को सुधारने के लिए, राज्यसभा और विधान परिषद मेंआरक्षण देने की मांग संघ करेगा। जिस तरह का आरक्षण लोकसभा और विधानसभा में लागू है। वही आरक्षण संख्या के आधार पर विधान परिषद और राज्यसभा में दिया जाए।

बेंगलुरू : यौन उत्पीड़न पीड़िता के खिलाफ हिट एंड रन का केस

बेंगलुरू । नागालैंड की एक स्नातक छात्रा के साथ बेंगलुरु में हुए यौन उत्पीड़न के मामले में नया मोड़ आ गया है। यातायात पुलिस ने छात्रा पर शराब पीकर वाहन चलाने और कई दुर्घटनाएं करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, बीसीए स्नातक की छात्रा 17 अगस्त को कोरमंगला इलाके में एक पब में पार्टी में शामिल होने के बाद नशे की हालत में गाड़ी चला रही थी। नशे में ठीक से गाड़ी नहीं चला पाने के कारण उसकी कार दो ऑटो-रिक्शा और एक बाइक से टकराई। वाहनों से टकराने के बाद भी वह मौके पर नहीं रूकी और वहां से भाग गई। इस घटना में जिन ऑटो चालकों के वाहन क्षतिग्रस्त हुए उन्होंने छात्रा का पीछा कर छात्रा को पकड़ लिया। इसके बाद पीड़िता ने ऑटो चालकों के साथ तीखी बहस की। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब उसके पुरुष मित्र ने छात्रा को परेशानी से बचाने के लिए दूर भेज दिया। महिला बाइक पर सवार होकर भागने में कामयाब रही। इस बीच, पीड़िता बाइक से उतरकर दूसरे दोपहिया वाहन पर सवार हो गई। आरोपी स्कूटर सवार मुखेश्वरन उर्फ मुकेश (24) जो बेंगलुरु के ओट्टूगोडी का ही रहने वाला है, पीड़िता को एक सुनसान जगह पर ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया। बता दें कि फिलहाल पीड़िता का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़िता ने अपने बचाव की काफी कोशिश की, जिससे आरोपी के चेहरे पर खरोंच आई। पीड़िता ने अपने दोस्त को इमरजेंसी मैसेज भेजकर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद छात्रा की लोकेशन का पता लगाया गया। पीड़िता एक ट्रक के पीछे नग्न अवस्था में मिली थी। प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि पीड़िता नशे की हालत में थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए पांच टीमें बनाई हैं। इस बीच यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रही पुलिस ने संदिग्ध द्वारा युवती को अपराध स्थल तक ले जाने के स्थान से 10 किलोमीटर के क्षेत्र में लगे 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। 40 अधिकारियों की एक टीम ने दोनों स्थानों पर सक्रिय 1,000 फोन नंबर एकत्र किए।

स्कूल में छात्राओं के यौन शोषण के बाद बदलापुर में उग्र प्रदर्शन, पटरी पर उतरे लोग

बदलापुर । महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में दो छात्राओं के साथ यौन शोषण के बाद शहर में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद लोग सड़कों पर उतर आए और उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर जगह-जगह प्रदर्शन किए, जिससे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। मुंबई से सटे ठाणे में दो छात्राओं के यौन शोषण का मामला सामने आया है। इन छात्राओं के परिजनों सहित अन्य सैकड़ों लोगों ने स्कूल का गेट बंद कर हंगामा किया। इसके बाद परिजन रेलवे स्टेशन पहुंच गए, जहां पहले रेल की पटरी पर बैठकर प्रदर्शन किया, फिर जमकर तोड़फोड़ करते हुए पथराव किया। इसकारण तीन घंटे तक इस रूट पर लोकल ट्रेनों का आवागमन बाधित हुआ। हालांकि पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों से शांत रहने की अपील की है। उधर, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जांच के आदेश दिए हैं। इसके बाद वरिष्ठ आईपीएस आरती सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। चूंकि अब तक स्कूल प्रबंधन चुप्पी साध रखी हैं, इसके बाद लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद मामले में जल्द से जल्द अदालती कार्रवाई पूरी कराने के लिए केस को फास्ट ट्रैक में भेजा जाएगा। इस घटना के चार दिन बाद भी न्याय नहीं मिलता देख सैकड़ों की संख्या में लोग मंगलवार की सुबह स्कूल पहुंचे और गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

नकली शराब पीने से 17 लोगों की तबीयत बिगड़ी, पांच गंभीर

गंजम। ओडिशा के गंजम जिले में नकली देशी शराब पीने से कम से कम 17 लोगों की तबीयत खराब हो गई जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गंजम जिले के कर्बलूआ गांव के करीब 20 लोगों ने सोमवार को माउंडपुर गांव में देशी शराब पी थी, जिसके बाद उनमें से 17 लोगों को बेचैनी और उल्टी होने लगी। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां जहां पांचों लोगों की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें ब्रह्मपुर शहर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रेफर किया गया। चिकिटी विधायक मनोरंजन दयान सामंत्रा मौके पर पहुंचे और आरोप लगाया कि आबकारी विभाग अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए नियमित छापेमारी नहीं कर रहा है।

अटारी बार्डर पर जवानों की नहीं रही कलाई सुनी, बहनों का प्यार देख जवान हुए भावुक

अमृतसर। अपने घरों से दूर सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी रक्षाबंधन मनाया। रक्षाबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय अटारी सीमा पर बहनों ने इन जवान भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और देश की रक्षा का संकल्प लिया। सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवान बहनों का प्यार देखकर भावुक हो गए। 1968 से अटारी सीमा पर जवानों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधने का यह क्रम आज भी जारी है। रक्षाबंधन पर प्रो. चावला महिलाओं के साथ अटारी सीमा पर पहुंची तो जवानों ने उनका स्वागत किया। प्रो. चावला ने बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट गौरव शर्मा की कलाई पर राखी बांधी और देश की रक्षा का संकल्प लिया। इसके बाद कई स्कूलों की छात्राओं ने जवानों को राखी बांधी। प्रो. चावला ने कहा हमारे जवान अपने घरों से सैकड़ों मील दूर सीमाओं पर युद्ध और शांतिकाल में देश की सेवा करते हैं तो उनकी कलाई राखी के दिन सूनी नहीं रहना चाहिए। इसी भावना से 1968 में अटारी सीमा पर बीएसएफ के जवानों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। प्रो. चावला ने बताया कि 56 सालों से यह काम कर रही हैं। पंजाब में आतंकवाद के दौर 1992 में जब अमृतसर के गली-बाजारों में सुरक्षा बलों के जवान विशेषकर सीआरपीएफ ही दिखाई देती थी ऐसे में रक्षाबंधन पर जगह-जगह डेरा डालकर बैठे जवानों को वहीं राखी बांधी गई थी। पंजाब के तत्कालिक डीजीपी स्व. केपीएस गिल की कलाई पर 1992 में राखी बांधी थी, तब गिल ने मुझसे वायदा किया था कि बहनजी अगले साल जब राखी बंधवाने आऊंगा, तब पंजाब से आतंकवाद का सफाया हो चुका होगा। 1993 में आतंकवाद के सफाए के बाद स्व. गिल ने अपना यह वायदा निभा दिया। प्रो. चावला ने कहा कि मैं इस दिन की बेसब्री से प्रतीक्षा करती हूं। इन जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें अपतत्व का अहसास करवाया जाता है। इस अवसर पर बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट गौरव शर्मा ने कहा कि राखी से हमें व हमारे सैनिकों को ताकत मिलती है। रक्षाबंधन का पर्व सभी में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करता है। हमारे जवान सीमाओं की रक्षा करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। हमारे हाथों में देश सुरक्षित है।

मनमोहन सिंह, सैम पित्रोदा और रघुराम राजन समेत कई लोगों की लेटरल एंट्री हुई

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कांग्रेस पर वरिष्ठ नौकरशाही में लेटरल एंट्री की सरकार की पहल पर भ्रामक दावे करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस कदम से अखिल भारतीय सेवाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की भर्ती प्रभावित नहीं होगी। वैष्णव ने कहा कि नौकरशाही में लेटरल एंट्री 1970 के दशक से कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के दौरान होती रही है। लेटरल एंट्री वाले नौकरशाहों का कार्यकाल तीन साल का है जिसमें दो साल का संभावित विस्तार शामिल है। वैष्णव ने कहा कि मनमोहन सिंह ने 1971 में तत्कालीन विदेश व्यापार मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के रूप में लेटरल एंट्री से प्रवेश किया था और वित्त मंत्री बने और बाद में प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि इस रास्ते से सरकार में शामिल हुए अन्य लोगों में सैम पित्रोदा और वी कृष्णमूर्ति, अर्थशास्त्री बिमल जालान, कौशिक बसु, अरविंद विरमानी, रघुराम राजन और अहलूवालिया हैं। जालान सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और बाद में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे। विरमानी और बसु को भी क्रमशः 2007 और 2009 में मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और मोंटेक सिंह अहलूवालिया अतीत में की गई ऐसी पहल के प्रमुख उदाहरण हैं। मंत्री ने तर्क दिया कि प्रशासनिक सेवाओं में लेटरल एंट्री के लिए प्रस्तावित 45 पद भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की कैडर संख्या का 0.5 प्रतिशत हैं, जिसमें 4,500 से अधिक अधिकारी शामिल हैं और इससे किसी भी सेवा की सूची में कटौती नहीं होगी। राजन ने मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में भी काम किया और बाद में 2013 से 2016 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्य किया। अहलूवालिया को शैक्षणिक और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से सरकारी भूमिकाओं में लाया गया था। उन्होंने 2004 से 2014 तक योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वैष्णव ने कहा कि इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि को 2009 में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का प्रमुख नियुक्त किया गया था।

लेटरल एंट्री पर सरकार ने पीछे किए कदम.. विज्ञापन वापस लेने को कहा

नई दिल्ली । लेटरल एंट्री को लेकर मचे सियासी बवाल पर मोदी सरकार की ओर से कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग को पत्र लिखा है। मंत्री सिंह ने पत्र में संघ लोक सेवा आयोग से लेटरल एंट्री के आधार पर निकाली गई भर्तियों को वापस लेने को कह दिया है। पत्र में कहा गया है कि लेटरल एंट्री के आधार पर निकाली गई भर्तियों में आरक्षण का प्रावधान नहीं किया गया है, इस बात को ध्यान में रखकर वापस लिया जाए। पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उच्च पदों पर लेटरल एंट्री के लिए संविधान में निहित सामाजिक न्याय और आरक्षण पर जोर देना चाहते हैं। इसकारण इस विज्ञापन को वापस लिया जाय। केंद्र ने पत्र में सामाजिक न्याय के प्रति संवैधानिक जनादेश को बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। केंद्र ने कहा कि हाशिए पर मौजूद योग्य उम्मीदवारों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिले, इसकी जरूरत है। उल्लेखनीय है कि 17 अगस्त को संघ लोक सेवा आयोग ने लेटरल एंट्री के आधार पर नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किए थे जिसका कांग्रेस सहित विपक्ष ने विरोध किया था। विपक्ष का कहना है कि इससे आरक्षण खत्म होगा और सामाजिक न्याय की बात अधूरी रहेगी। बीते दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार लेटरल एंट्री के जरिए दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से उनका आरक्षण छीनने की कोशिश कर रही है, जो कि स्वीकार्य नहीं है।

देश का मुसलमान शरिया कानून से नहीं करेगा समझौता

-पीएम मोदी के 15 अगस्त पर यूसीसी के बयान पर भड़के संगठन

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी यूसीसी का जिक्र पीएम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से किया था। अब उसको लेकर मुस्लिमों ने बड़ा ऐलान किया है। देश का मुसलमान शरिया कानून से समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने यूसीसी पर देश की आजादी के दिन बड़ा बयान दिया तो इसके कुछ न कुछ मायने तो जरूर ही होंगे। पीएम मोदी के बयान के बाद मुस्लिम संगठन इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पीएम मोदी के सेक्युलर सिविल कोड पर दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। बोर्ड का कहना है कि मुसलमान शरिया कानून से समझौता नहीं करेंगे, इसलिए समान या सेक्युलर नागरिक संहिता स्वीकार नहीं की जाएगी।

पीएम मोदी ने देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता (एससीसी) की जोरदार वकालत करते हुए भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने का संकल्प और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का सपना साकार करने का आह्वान किया था। देश का एक बहुत बड़ा वर्ग मानता है कि जिस नागरिक संहिता को लेकर हम लोग जी रहे हैं, वह सचमुच में साम्प्रदायिक और भेदभाव करने वाली संहिता है। मैं चाहता हूं कि इस पर देश में गंभीर चर्चा हो और हर कोई अपने विचार रखें। जो कानून धर्म के आधार पर देश को बांटते हैं, ऊंच-नीच का कारण बन जाते हैं। उन कानूनों का आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। देश की मांग है कि देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता हो।

बता दें कि भारत के संविधान का आर्टिकल 44 कहता है कि राज्यों को अपने नागरिकों के लिए सामान नागरिक संहिता लागू करने की कोशिश करनी चाहिए। संविधान निर्माताओं ने अपने दौर में इसे लागू नहीं किया और भविष्य में इसका फैसला संसद पर छोड़ दिया था। जिससे सहमति के बाद इसे बनाया जा सके लेकिन अभी तक इस पर फैसला नहीं हो पाया है। जब भी यूनिफॉर्म सिविल कोड की बात होती है तो मुसलमान इसका विरोध करते हैं।

झारखंड में चंपई सोरेन की बगावत के बाद बिहार में बढ़ी हलचल, नीतीश के मंत्री ने किए चौंकाने वाले दावे

पटना (एजेंसी)। झारखंड की राजनीति में पल पल बदल रहे राजनीतिक घटनाक्रम का प्रभाव बिहार में भी पड़ने की संभावना दिखने लगी जब नीतीश कुमार के करीबी बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने कहा कि जो कुछ झारखंड में महागठबंधन की सरकार के साथ हो रहा है, उनके विधायक विद्रोह कर बीजेपी का दामन थामने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसा ही बिहार में भी महागठबंधन के विधायकों के साथ बहुत जल्द होने वाला है। बता दें कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दिल्ली में जमे हुए हैं। जानकारी के अनुसार वे बीजेपी नेताओं के संपर्क में हैं। वहीं, जेएमएम वेट एंड वाच की स्थिति में है और जेएमएम को चंपई सोरेन के अगले कदम का इंतजार है। लेकिन, इसका असर न सिर्फ जेएमएम पर पड़ेगा, बल्कि इसका प्रभाव झारखंड की महागठबंधन की सरकार पर भी पड़ सकता है। बल्कि, दिलचस्प ये कि अब झारखंड की राजनीतिक उठापटक की आंच बिहार की सियासत पर भी पड़ने की संभावना बढ़ गई है। कम से कम नीतीश कुमार के एक करीबी मंत्री के दावे से यही बात निकलकर आ रही है।

अशोक चौधरी दावा करते हुए कहते हैं कि बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के कई विधायक एनडीए के संपर्क में हैं और बहुत जल्द वैसे विधायक हमारे साथ होंगे। अशोक चौधरी कहते हैं कि आज झारखंड में जो कुछ हो रहा है तब इन लोगों की बेचैनी बढ़ रही है और आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जब कुछ महीना पहले महागठबंधन के लोग हमारे विधायकों को तोड़कर सरकार गिराने की कोशिश में लगे हुए थे, लेकिन वो अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पाए तब क्यों नहीं जुबान खुली थी। अशोक चौधरी बिहार में आरजेडी और कांग्रेस विधायकों की नाराजगी की वजह भी बताते हैं जिसके कारण वो एनडीए के संपर्क में आए। कई विधायकों को आरजेडी और कांग्रेस के नेतृत्व ने बड़े बड़े सपने दिखाए, टिकट देने का वादा किया लेकिन कुछ किया नहीं वैसे विधायकों की नाराजगी अब खुलकर सामने आएगी और बहुत जल्द ऐसे विधायक हमारे साथ होंगे। अशोक चौधरी के दावे पर सियासत गर्म हो गई साथ ही पलटवार भी महागठबंधन की तरफ से शुरू हो गया। आरजेडी की प्रवक्ता एजया यादव कहती है जदयू के नेता खुशफहमी में हैं और उनका दावा भी हवा में उड़ जाएगा।

भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सूची, हरियाणा से किरण चौधरी को टिकट

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी की ओर से केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन मध्य प्रदेश से राज्यसभा के उम्मीदवार होंगे। वहीं राजस्थान से सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को उम्मीदवार बनाया गया है। रवनीत सिंह बिट्टू भी मोदी सरकार में मंत्री हैं। इसके अलावा हाल में ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाली किरण चौधरी भी हरियाणा से राज्यसभा की उम्मीदवार होंगी। राज्यसभा चुनाव 3 सितंबर को होने हैं।

भाजपा के उम्मीदवारों की बात करें तो असम से मिशन रंजन दास और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली को उम्मीदवार बनाया गया है। बिहार से मनन कुमार मिश्रा पार्टी के उम्मीदवार होंगे। बिहार के एक और सीट से भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा को अपना समर्थन दिया है। महाराष्ट्र से धैर्यशील पाटिल को टिकट दिया गया है जबकि उड़ीसा से ममता मोहंता भाजपा की उम्मीदवार होंगी। त्रिपुरा से राजीव भट्टाचार्यजी भाजपा के टिकट पर राज्यसभा पहुंचेंगे।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि नौ राज्यों की 12 रिक्त राज्यसभा सीट के लिए तीन सितंबर को चुनाव होगा। केंद्रीय मंत्रियों- पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल और ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत मौजूदा सदस्यों के लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा की दस सीट खाली हो गई थीं। तेलंगाना और ओडिशा में राज्यसभा की दो सीट के लिए उपचुनाव भी होगा। तेलंगाना में हाल में के. केशव राव ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के बाद सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था जबकि बीजू जनता दल (बीजद) की सांसद ममता मोहंता ने राज्यसभा सीट और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

नाइट शिफ्ट में काम करने वाली महिलाओं के लिए 'रात के साथी' प्रोग्राम ममता ने किया शुरू, गाइडलाइन को लेकर क्यों छिड़ गया विवाद

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता बलात्कार और हत्या मामले के मद्देनजर पश्चिम बंगाल सरकार ने अस्पतालों में महिला कर्मियों की सुरक्षा के लिए 17 सूत्री दिशानिर्देश जारी किए हैं। हालाँकि, महिलाओं के लिए रात की पाली को कम करने के दिशानिर्देशों में से एक की तीखी आलोचना हुई है।

महिलाओं के प्रति प्रतिगामी रवैया

महिलाओं के लिए काम करने वाले एक सामाजिक संगठन ने इस दिशानिर्देश पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह महिलाओं के प्रति उसी प्रतिगामी रवैये पर आधारित है जिससे स्पष्ट रूप से लड़ने के लिए दिशानिर्देश बनाए गए हैं। कुछ अन्य लोगों ने कहा कि जब हिंसा का स्रोत कार्यस्थल ही है तो महिलाओं को कार्यस्थल या कार्यबल से क्यों हटाया जाना चाहिए? महिलाओं के लिए काम करने वाले एक अन्य संगठन ने कहा कि दिशानिर्देश अदूरदर्शी, प्रतिगामी और हानिकारक है।

गाइडलाइन महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करे कि महिलाएं राज्य में कहीं भी सुरक्षित और सम्मान के साथ काम कर सकें. उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टरों, नर्सों, आशा कार्यकर्ताओं, गिग श्रमिकों, महिलाओं को रात के दौरान विभिन्न व्यवसायों में काम करना पड़ता है। उनका मानना ??है कि अगर उनके काम के घंटे कम कर दिए जाएंगे तो कई महिलाएं अपनी नौकरी और आय खो देंगी। फिर भी कुछ अन्य लोगों ने कहा कि दिशानिर्देश महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। कुछ अन्य लोगों ने कहा कि यदि रात्रि पाली में कटौती केवल महिला डॉक्टरों के लिए है, तो यह दिशानिर्देश एक विशेष वर्ग की महिलाओं के लिए चयनात्मक सुरक्षा की बू आती है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : 'महायुति गठबंधन' के क्षेत्र में कठिन होगी 'महाविकास अघाड़ी' की राह, पानी रहेगा प्रमुख चुनावी मुद्दा

मुंबई (एजेंसी)। जलगांव महाराष्ट्र का एक प्रमुख लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। जहां भारतीय जनता पार्टी पिछले 25 सालों से काबिज है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी की स्मिता वाघ ने जीत दर्ज की थी। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक रूप से जलगांव क्षेत्र बेहद ही सुंदर माना जाता है। यहां जिला मुख्यालय होने के चलते सभी सरकारी विभागों के बड़े-बड़े दफ्तर भी हैं। बोरी नदी के पास स्थित परोला किला इस क्षेत्र की ऐतिहासिकता की गवाही देता है। इस किले को 1727 में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के पिता ने बनवाया था। यहां के धार्मिक स्थलों में संत मुक्ताबाई मंदिर एक प्रमुख स्थल है।

जलगांव लोकसभा क्षेत्र जलगांव शहर, जलगांव ग्रामीण, अमलनेर, एरंडोल, चालिसगांव और पचोरा विधानसभा क्षेत्रों से मिलकर बना है। इन सभी सीटों पर पूरी तरह से %महायुति गठबंधन% का ही कब्जा है। जिसके तहत भाजपा के पास दो सीट, शिवसेना के पास तीन और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पास एक सीट है। इस लोक सभा क्षेत्र की जलगांव शहर विधानसभा सीट महाराष्ट्र विधानसभा में 13 नंबर से जानी जाती है। यह विधानसभा क्षेत्र जैन सुरेश कुमार भीकमचंद उर्फ सुरेश जैन के कारण भी पूरे देश में जाना जाता है। उन्होंने इस सीट का 1980 से लेकर 2014 तक लगातार प्रतिनिधित्व किया है। इस दौरान वे कांग्रेस, शिवसेना, एनसीपी समेत दूसरी कई अन्य पार्टियों के टिकट पर भी विधानसभा पहुंचते रहे हैं। 2012 में जलगांव हाउसिंग घोटाले में उन्हें जिला न्यायालय द्वारा दोषी करार दे दिया गया था। इस सीट पर वर्तमान विधायक बीजेपी के सुरेश दामू भोले हैं, जिन पर क्षेत्र के मतदाता लगातार 10 वर्ष से भरोसा जाता रहे हैं।

महाराष्ट्र में 2008 में हुए परिसीमन के बाद 2009 से अस्तित्व में आया जलगांव ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र भी जलगांव जिले के अंतर्गत ही आता है। जहां से एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना के गुलाब रघुनाथ पाटिल 2014 से लगातार विधायक हैं। उनके पहले यह सीट राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुलाबराव देवकर के पास थी। विधायक रघुनाथ पाटिल 2022 में बनी एकनाथ शिंदे की कैबिनेट में जल आपूर्ति मंत्री बनाए गए थे। उन्हें पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे की कैबिनेट में भी शामिल होने का अवसर मिला था। देश में हुए पहले आम चुनाव के साथ ही जलगांव लोकसभा क्षेत्र की अमलनेर विधानसभा सीट अस्तित्व में आ गई थी। इस सीट पर 2009 तक भारतीय जनता पार्टी हमेशा से मजबूत स्थिति में रही थी, लेकिन उसके बाद क्षेत्र के मतदाताओं ने 2009 और 2014 में निर्दलीय उम्मीदवारों पर लगातार दो बार भरोसा जताया। 2019 में अंतिम बार हुए चुनाव में अजित पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अनिल भाईदास पाटिल चुनाव जीतने में सफल रहे थे। विधायक पाटिल को एकनाथ शिंदे की कैबिनेट में आपदा नियंत्रण और पुनर्वास मंत्रालय की जिम्मेदारी भी सौंप गई है।

जलगांव लोकसभा क्षेत्र की एरंडोल विधानसभा सीट पूरी तरह से जलगांव जिले के अंतर्गत ही आती है। इस क्षेत्र के मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर लगभग सभी दलों पर अपना भरोसा जताया है। वर्तमान में शिवसेना (एकनाथ शिंदे) के चिमनराव पाटिल यहां से विधायक हैं। उनसे पहले एनसीपी के अन्नासाहेब डॉक्टर सतीश भास्करराव पाटिल भी विधानसभा पहुंच चुके हैं। एनसीपी ने 1999 से लेकर 2014 तक लगातार तीन बार इस सीट पर अपना कब्जा जमाकर रखा था। महाराष्ट्र विधानसभा में 17 नंबर से जाना जानेवाला चालिसगांव विधानसभा क्षेत्र पिछले लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में रहा है। 1990 से लेकर 2019 के बीच सिर्फ एक बार ही यह सीट बीजेपी के हाथ से फिसली थी। 2009 के चुनाव में एनसीपी के राजीव दादा देशमुख ने यहां से बीजेपी का लगभग 20 साल का प्रभुत्व खत्म किया था, लेकिन पार्टी ने 2014 में एक बार फिर यह सीट अपने कब्जे में कर ली। जहां से मंगेश चव्हाण वर्तमान में विधायक हैं।

जलगांव लोकसभा क्षेत्र की पचोरा विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह से जलगांव जिले के भीतर ही आता है। यह सीट महाराष्ट्र राज्य के गठन के साथ ही अस्तित्व में आ गई थी। प्रारंभ में यह सीट लगातार कांग्रेस के पास ही रही थी लेकिन धीरे-धीरे पार्टी ने नियंत्रण खो दिया और उसे पचोरा में अंतिम बार 2090 के चुनाव में जीत हासिल हुई थी। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी अब तक इस सीट पर अपना खाता खोलने में ही असफल रही है। यहां से एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना पिछले 10 साल से चुनाव जीत रही है। जिसके नेता किशोर अप्पा पाटिल वर्तमान में यहां से विधायक हैं।

जलगांव निर्वाचन क्षेत्र जिले का पश्चिमी भाग है। अधिकांश क्षेत्र गिरना नदी बेल्ट के अंतर्गत आता है। इसलिए यहां पानी की कमी है। कुछ तालुकों में हर साल कमी होती है। तीस साल से रुकी पैडलसारे (कम तापमान) परियोजना, गिरना नदी पर गुब्बारा बांध परियोजना, कपास की कीमत में कमी इस क्षेत्र में प्रमुख मुद्दे होंगे। लगातार बीजेपी के सांसद चुने जाने के बावजूद इन परियोजनाओं का काम पूरा नहीं हो सका है। हालांकि, बलीराजा संजीवनी योजना के तहत पूरा हुआ वरखेड-लोंढे प्रोजेक्ट, फोर-लेन हाईवे और सड़क कार्य सकारात्मक पहलू हो सकते हैं। चुनाव ऐसे ही मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमेगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**